स्वदेश TODAY digital
रांची, गुरुवार
25.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 114, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
स्वदेश टुडे
देश की आवाज

@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

शहरी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का हो रहा...
3

लोस चुनाव : दूसरे चरण का प्रचार थमा, कल 88 सीटों पर होगा मतदान

दूसरे चरण में 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में होगी वोटिंग

- **चुनावी मैदान में 1206 उम्मीदवारों के साथ-साथ बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट से चार उम्मीदवार**

एजेंसी

नई दिल्ली : आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। दूसरे चरण में 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 1206 उम्मीदवारों के साथ-साथ बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट से चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मणिपुर बाहरी सीट पर पिछले चरण में भी मतदान हुआ था और इस चरण में सीट के एक हिस्से में मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पहले मध्य प्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट पर भी दूसरे चरण में मतदान कराने का ऐलान किया था, लेकिन बसपा उम्मीदवार अशोक भलावी के निधन के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। अब यहां तीसरे चरण में यानी सात मई को मतदान होगा। इस चरण में वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके खिलाफ सीपीआई की एनी राजा चुनाव मैदान में है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्र भी उनके खिलाफ लड़ रहे हैं। इसी चरण में केरल में तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच मुकाबला है।

इस चरण में मथुरा और मेरठ में भी मतदान होगा, जिसमें फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी और रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। बिहार की पूर्णिया सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है, जहां भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव मैदान में हैं। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की अलपुझा सीट से कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पश्चिम बंगाल की बालुरघाट सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, उदयपुर सीट से ताराचंद मीना (कांग्रेस), भीलवाड़ा से कांग्रेस नेता सीपी जोशी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर राजस्थान से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कर्नाटक की तुमकुर सीट से वी सोमन्ना, मांड्या से जेडीएस नेता एचडी कुमार स्वामी, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा के युवा नेता तेजस्वी सूर्या और अमरावती से हाल ही में भाजपा में शामिल हुई नवनीत राणा चुनाव मैदान में हैं। कुछ सीटों को छोड़कर लगभग सभी जगह मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। पहले चरण में मतदान का औसत लगभग 64 प्रतिशत रहा है। मणिपुर में कुछ स्थानों में दोबारा मतदान कराया गया था। मतदान सात चरणों में कराया जा रहा है। सभी सीटों के नतीजे 4 जून को आयेंगे।

झारखंड में चुनाव प्रचार के लिए भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा राजनाथ सिंह सहित 40 नाम शामिल

स्वदेश संवदादाता

रांची : राज्य में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। बुधवार को जारी इस सूची के संबंध में केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी जानकारी दे दी है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित 40 नाम शामिल किये गये हैं। इस सूची में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा, मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, बिहार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी के अलावा लक्ष्मीकांत वाजपेई, बाबूलाल मरांडी, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, रणधीर सिंह समेत प्रदेश भाजपा के कई नेता, विधायकों, पदाधिकारियों को भी जगह दी गयी है।

NEWS IN Gallery

हैदराबाद से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने भरा पर्चा

हैदराबाद : भाजपा की हैदराबाद से लोकसभा उम्मीदवार माधवी लता ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करने से पहले चारमीनार से एक रैली निकाली। नामांकन दाखिल करने के लिए हैदराबाद जिला कलेक्टरेट जाने से पहले उन्होंने अपने समर्थकों के साथ ऐतिहासिक स्मारक से सटे भाग्य लक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। सैकड़ों भाजपा समर्थकों ने पार्टी के झंडे लेकर और नारे लगाते हुए रैली में हिस्सा लिया। रैली गुलजार हौज, पथरगट्टी, मदीना, नया पुल और अफजल गंज से होकर गुजरी। केसरिया वस्त्र पहने माधवी लता ने मंदिर में अनुष्ठानों में हिस्सा लिया और शंख भी बजाया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बाद में नामांकन रैली में शामिल हुए और लोगों से भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने की अपील की।

शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

कोलकाता : पश्चिम बंगाल में 2016 में हुई 24 हजार 640 शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की नियुक्ति कोलकाता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को रद्द कर दी थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका आस्था शर्मा के माध्यम से दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि स्कूलों में जल्द ही नया सेशन शुरू होने वाला है। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग जब तक नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करेगा, तब तक शिक्षकों की भारी कमी होगी। 22 अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने 2016 में हुई शिक्षक भर्ती को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था।

यूपी एसटीएफ ने इनामी मो. लईक को किया गिरफ्तार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। यूपी एसडीएफ की टीम ने गल्फ कंट्रियों में प्रतिबंधित मीट की सप्लाई करने वाले गिरोह के सरगना मो. लईक को गिरफ्तार कर लिया है। बिजनौर से गिरफ्तार मो. लईक पर 50 हजार का इनाम घोषित था। मो. लईक के पास से एसटीएफ की टीम ने 2 एप्पल का मोबाइल, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, घड़ी और 1400 रु. नगद बरामद किया हैं। दरअसल, बुधवार को एसटीएफ की टीम को इनपुट मिला कि मो. लईक झांसी-कानपुर हाइवे होते हुए कही जा रहा है। इस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने झांसी-कानपुर हाइवे पर धर दबोचा।

केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह पलामू से एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के नामांकन में हुए शामिल, कहा-

झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए सभी सीटों पर होगी भाजपा की जीत

- **जनरल सिंह बोले - पीएम का सपना है कि भारत में सड़क और रेल का बिछे जाल**

स्वदेश संवाददाता

मेदिनीनगर/पलामू : केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह बुधवार को पलामू में एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के नामांकन में शामिल हुए। वहां आयोजित विशाल जनसभा को उन्होंने संबोधित किया। मौके पर जनरल वीके सिंह ने कहा कि पलामू से एनडीए प्रत्याशी वीडी राम को भारी मतों से जिताना है, ताकि उन्हें दिल्ली में और जिम्मेदारी का पद मिले। उन्होंने कहा कि देश की गति के साथ झारखंड को आगे बढ़ाने के लिए एनडीए को यहां से पूरा वर्चस्व मिलना चाहिए।

झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत होनी चाहिए। जनरल सिंह ने कहा कि पीएम का सपना है कि भारत में सड़क, रेल का जाल बिछे। घर-घर बिजली पहुंचे। सड़कों का जाल बिछा है। सड़कें अब भी बन रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व फौजी जनरल एक छोटी सी अपील करने यहां आया है। पलामू के प्रत्याशी वीडी राम को इतना बहुमत से विजयी बनाकर दिल्ली भेजें कि लोग चकित रह जायें। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब झारखंड में एक-दो महीने में नये ब्रिज गिर जाते थे। अब ऐसा नहीं होता है।

आदिवासियों के विकास के लिए भाजपा जरूरी : भूपेंद्र पटेल

स्वदेश संवाददाता

गुमला : गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल बुधवार को लोहरदगा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के नामांकन में शामिल हुए। गुमला में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासियों के सर्वांगीण विकास, विकसित भारत और भ्रष्टाचारियों पर सख्ती के लिए भाजपा जरूरी है। किसानों को सम्मान निधि मिलती रहे, महिलाओं और बेटियों को इज्जत मिले, दुश्मन डरते रहें, इसके लिये भी भाजपा जरूरी है। गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को सेवा दायित्व सौंपने का महापर्व हो रहा है। झारखंड की जनता राज्य की 14 सीटों पर एनडीए उम्मीदवार को विजय बनाकर भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में आशीर्वाद दे। उन्होंने कहा कि झारखंड का नसीब चमकाने का यह पर्व है। इसमें चूकना नहीं है। विधानसभा चुनाव में भी जनता आशीर्वाद देगी तो यहां डबल इंजन की सरकार बनेगी। इसके बाद हर गारंटी पूरी होगी।

आदिवासियों के विकास पर पीएम का है फोकस

पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आदिवासियों के विकास पर पूरा फोकस कर रहे हैं। झारखंड के आदिवासी परिवारों के विकास की गारंटी दी है। जिसे कोई नहीं पूछता है, उसे प्रधानमंत्री मोदी पूछते हैं। गरीबों को गरिमामय जीवन देने का काम उन्होंने किया है। गरीबों को कभी लोन नहीं मिलता था। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में उन्हें लोन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में विकास का कार्य हुआ है। पूरे देश में 100 से अधिक वंदे भारत ट्रेन चल रही है, जिसमें तीन ट्रेन झारखंड को भी मिली है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भाजपा का सत्ता में आना जरूरी है।

संपत्ति पुनर्वितरण पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सफाई

कभी नहीं कहा संपत्ति बांटेंगे

- **राहुल गांधी बोले - हम देश में जातीय जनगणना करायेंगे**

एजेंसी

नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी की ओर से लगातार आलोचना की शिकार कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी संपत्ति पुनर्वितरण पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार स्पष्टीकरण दे रही है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम संपत्ति बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे, लेकिन हम देश में जातीय जनगणना का काम करायेंगे।

नई दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें जाति में नहीं, बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है लेकिन जानकारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है ताकि पता चल सके कि कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना मेरे लिए राजनीति का मुद्दा नहीं है, ये मेरे जीवन का मिशन है। राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना एक सर्वेक्षण नहीं है। इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किये जायेंगे। जिससे पता चल सके कि कौन सा समुदाय सबसे ज्यादा लाभांवित है ओर आर्थिक सामाजिक न्याय के लिए क्या करने की जरूरत है। इनका कहना है कि हिंदुस्तान के 90 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 साल से कह रहे थे कि वे ओबीसी हैं लेकिन जैसे ही मैंने जातिगत जनगणना की बात की वे कहते हैं हिंदुस्तान में सिर्फ दो ही जाति हैं, अमीर और गरीब। राहुल गांधी ने कहा कि मैं कह रहा हूं कि अगर आप गरीबों की लिस्ट देखेंगे तो उसमें आपको एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोग मिल जायेंगे, लेकिन, अमीरों के लिस्ट में आपको एक भी नहीं मिलेंगे।

सशस्त्र बलों के लिए विकसित की गयी सबसे हल्की स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट

- **चंडीगढ़ की प्रयोगशाला में परीक्षण के दौरान बीआईएस के मानकों पर खरी उतरी**

एजेंसी

नई दिल्ली : रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए सबसे हल्की स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित किया है। इसे कानपुर स्थित रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) में तैयार किया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ की लैब में परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह बीआईएस के उच्चतम खतरे के स्तर छह के मानकों पर खरी उतरी है। डीआरडीओ की चंडीगढ़ में स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में टेस्ट की गयी 7.62 गुणा 54 स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट बीआईएस 17051 के स्तर 6 के मानकों पर आधारित है। इसे गोला-बारूद से सुरक्षा के लिए देश में सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बताया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का बीआईएस 17051-2018 के अनुसार टीबीआरएल, चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। यह जैकेट नये डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नयी प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है।

चुनावी रैली में बेहोश हुए नितिन गडकरी

मुंबई : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र के यवतमाल में चुनावी रैली के दौरान बेहोश हो गये। वे एनडीए की शिवसेना प्रत्याशी राजश्री पाटिल के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। गडकरी बोल ही रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गये। मंच पर मौजूद लोग उन्हें अस्पताल ले गये। घटना के कुछ देर बात नितिन गडकरी ने पोस्ट करके बताया कि वह स्वस्थ हैं। उन्होंने लिखा- रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया, लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूं। अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूं। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

प्रशंसा | अरबों-खरबों की कंपनी के मुखिया ने की पीएम मोदी की जमकर तारीफ, कहा -

अमेरिका में मोदी जैसे नेता की है सख्त जरूरत

- **जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी के सीईओ जेमी डिमन ने कहा - पीएम मोदी ने भारत के लिए किया है अविश्वसनीय काम**

स्वदेश समाचार सेवा

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में किस कदर बढ़ती जा रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लागया जा सकता है कि लोग कहने लगे हैं कि उनके जैसे नेता की अमेरिका में भी जरूरत है। जी हां! दुनिया की दिग्गज कंपनी जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी के सीईओ जेमी डिमन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत के लिए उन्होंने अविश्वसनीय काम किया है।

जेपी मॉर्गन चीफ जेमी डिमन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए आगे कहा कि वह तमाम चुनौतियों का डटकर सामना कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इशारों में यह भी कहा कि अमेरिका में भी ऐसे नेता की जरूरत है जो सभी चुनौतियों का डटकर सामना कर सके। जेपी डिमन ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने प्रयासों से 400 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। वह एक कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे। उन्होंने इसके साथ ही यह भी उम्मीद भी जता दी कि इस गर्मी में पीएम मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटने वाले हैं। जेपी डिमन ने पीएम मोदी शासन के द्वारा हाल के दिनों में भारत में किये गये सुधारों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत में 700 मिलियन लोगों का बैंक अकाउंट है और उनका पेमेंट सीधे उनके खाते में ट्रांसफर हो रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, मांगी अंतरिम जमानत

रांची : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पर कोई फैसला नहीं आया है। अब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन की ओर से गुहार लगायी गयी है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत की भी मांग की है। हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए सोरेन ने 31 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में भी एसएलपी दाखिल की थी। लेकिन, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने हेमंत सोरेन को पहले झारखंड हाईकोर्ट जाने को कहा था।

NEWS IN Gallery

चोरी करते युवक गिरफ्तार, गया जेल

चान्हो : थाना क्षेत्र के टांगर गांव में चोरी के इरादे से एक बंद घर में लगे ताला को तोड़ने का प्रयास कर रहे एक चोर को रंगे हाथ पकड़कर ग्रामीणों ने चान्हो पुलिस के हवाले कर दिया। घटना सोमवार रात की है। पकड़े गए युवक का नाम सोनू साहु है जो मांडर थाना क्षेत्र के मंदरो गांव का रहने वाला है। ग्रामीणों के अनुसार सोनू साहू रात करीब आठ बजे जौरु उरांव के बंद घर का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहा था, इसी दौरान बगल के घर के लोगों ने उसे देखा और पकड़ लिया। बाद में उसकी जमकर पिटाई की गयी और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। मालूम है कि टांगर गांव में ही तीन दिन पूर्व रविवार की रात को दो घरों में ताला तोड़ कर चोरी की घटना हुयी थी, जहां से चोरों ने 45 हजार नगद व करीब डेढ़ लाख के जेवर की चोरी कर ली थी। मामले को लेकर चान्हो पुलिस ने बताया कि पकड़े गये सोनू साहू से टांगर गांव में हुई चोरी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है, जिसके आधार पर सामान की बरामदगी व उसके अन्य साथियों को पुलिस शीघ्र ही गिरफ्त में ले लेगी।

रामगढ़ में जांच अभियान में आठ वाहनों पर लगा 2.72 लाख का जुर्माना

रामगढ़ : लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर डीसी चंदन कुमार के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स की अध्यक्षता में गोला प्रखंड के बरलंगा मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान डीटीओ ने मालवाहक वाहन एवं चार पहिए वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ओवरलोडिंग आदि के साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया गया वैसे 08 वाहनों से 02 लाख 72 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने वाहन चालकों से वाहनों पर आवश्यक रूप से रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश दिया।

देवघर एम्स मामले में राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में रखा अपना पक्ष

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि देवघर, एम्स में बिजली और पानी आदि की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, जो सुविधा बची है उन्हें भी शीघ्र मुहैया कर दिया जाएगा। फायर फाइटिंग के लिए तात्कालिक रूप से व्यवस्था की जा रही है। एम्स कर्मियों के बच्चों के लिए सेंट्रल स्कूल बनाने के लिए जगह चिह्नित कर दिया गया है, वहां जल्द सेंट्रल स्कूल खोला जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर एम्स, देवघर को प्रतिउत्तर दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई दो मई निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई के दौरान डीजी फायर अनिल पालटा कोर्ट में वर्चुअल रूप से हाजिर हुए थे।

झारखंड हाई कोर्ट ने बीसीसीएल के चेयरमैन से पूछा -

धनबाद में बंद पड़ी खदानों में क्यों हो रहा अवैध खनन

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने बीसीसीएल, धनबाद में बंद पड़ी खदानों से अवैध खनन रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को की। कोर्ट ने बीसीसीएल के चेयरमैन को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि धनबाद क्षेत्र में बंद पड़ी खदानों से अवैध माइनिंग क्यों हो रही है? इस अवैध माइनिंग में कई लोगों की जान चली जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में बीसीसीएल धनबाद के क्षेत्र में एक ही दिन में 23 लोगों की मौत अवैध खनन के दौरान हुई थी। ऐसी दुर्घटना में मृत लोगों के परिजन समूह को लेकर भाग जाते हैं। मामले को लेकर ना तो प्राथमिकी दर्ज होती है और न ही अवैध खनन में मरे लोगों के परिजनों को मुआवजा मिलता है। इसकी जांच होनी चाहिए कि बंद पड़े खदानों से अवैध माइनिंग क्यों हो रही है। बीसीसीएल को बंद पड़े खदानों से माइनिंग पर रोक के लिए कोई ठोस कदम उठाना चाहिए, ताकि माइनिंग के दौरान दुर्घटना में लोगों की जान बचायी जा सके।

हाई कोर्ट ने विनोबा भावे विवि के वीसी और रजिस्ट्रार को जवाब के लिए दिया एक और मौका

रांची : झारखंड हाई कोर्ट की ओर से प्रमोशन के एक मामले में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर (वीसी) और रजिस्टर को दिये गये शोकॉज का जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। मामले में हाई कोर्ट ने बुधवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी और रजिस्टर को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है। कोर्ट ने इन दोनों के अलावा जेपीएससी के सचिव से पूछा है कि याचिकाकर्ता को जो प्रमोशन मिलना है उसे अबतक क्यों नहीं दिया गया? कोर्ट ने याचिकाकर्ता को उसे दिये जाने वाले प्रमोशन जल्द देने का निर्देश देते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी और रजिस्ट्रार पर कड़ी कार्रवाई भी संभव है। इससे पहले सुनवाई के दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसने याचिकाकर्ता के प्रमोशन से संबंधित दस्तावेज जेपीएससी को भेज दिया है। जेपीएससी की ओर से कहा गया कि उसे अब तक दस्तावेज नहीं मिले हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में विनोबा भावे वीसी और रजिस्ट्रार को दिये गये शोकॉज पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा था कि याचिकाकर्ता के पक्ष में प्रोन्नति देने संबंध में जेपीएससी से सहमति मिलने के बाद भी अदालत के समक्ष तथ्य को छुपा कर शपथ पत्र क्यों दाखिल किया गया? उल्लेखनीय है कि डॉ पवन कुमार सिंह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तहत मार्खम कॉलेज, हजारीबाग में पदस्थापित हैं। उन्होंने लेक्चरर सीनियर स्केल एवं रीडर के पद पर प्रोन्नति के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव 'एमिफोरिया 2024' का किया उद्घाटन

स्वदेश संवाददाता

राँची : एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और कुलाधिपति के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए झारखंड के लिए वर्ष का उत्सुकता से प्रतीक्षित कार्यक्रम एमिफोरिया-2024 का विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आर के मल्लिक. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आर.के. मल्लिक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने परिसर समुदाय के लिए एक प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कैंपस जीवन की सुंदरता पर जोर दिया और सभी को स्वतंत्र रूप से सोचने, अपने दृढ़ विश्वास बनाने और उनका पालन करने का साहस रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी को यह भी याद दिलाया कि कभी-कभी अपने विश्वासों से अलग होना आवश्यक है। श्री. मल्लिक ने छात्रों से अमीफोरिया का अधिकतम लाभ उठाने, खेलों में भाग लेने, हारना सीखने और विजेताओं की सराहना करने का आग्रह किया, भले ही वे जीत न सकें। उन्होंने छात्रों को समाज की बाधाओं को चुनौती देने और देश का चेहरा बदलने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपने भाषण का समापन किया। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव ने एमिफोरिया 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान 3सी - साहस, दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता - के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने 4डी - अनुशासन, समर्पण, समर्पण और दृढ़ संकल्प पर भी प्रकाश डाला। - इस आयोजन में सफलता के प्रमुख कारकों के रूप में प्रकाश डाला। डॉ. श्रीवास्तव ने एमीफोरिया के नामकरण में उनके योगदान के लिए एमिटी एजुकेशन ग्रुप के छात्र समुदाय को धन्यवाद दिया, जो संस्कृति, खेल और सहयोग सहित समुदाय के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को इस बात पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया कि विचार में सी और डी को कैसे एकीकृत किया

जाए, जो अनुभवात्मक सीखने का अवसर प्रदान करेगा में हमारी मदद करता। एमिफोरिया 2024 के शुरूआती दिन, शैक्षणिक समुदाय को विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रदर्शन और मंत्रमुग्ध संगीत की एक श्रृंखला का आनंद दिया गया। बाद में दिन में, शहरी पंचायत, वॉलीबॉल, फोटो प्रदर्शनी, टेबल टेनिस, ओपन माइक, वेब गेम्स, सिनेरोमा, सुलेख और शतरंज सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रत्येक कार्यक्रम ने प्रतिभागियों की विविध प्रतिभाओं और रुचियों को प्रदर्शित करते हुए एक अनूठा अनुभव प्रदान किया।

फिरायालाल पब्लिक स्कूल में हिंदी आशु संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन

स्वदेश संवाददाता

रांची : फिरायालाल पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन से पांच तक के बच्चों के बीच हिंदी आशु संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चार सदन से चार -चार बच्चों ने हिस्सा लिया। उनको जो भी विषय मिला उस पर वो अपने - अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है। प्रथम स्थान ज्ञान सदन से एनाक्षी बाग को, द्वितीय स्थान मैत्री सदन से अर्श प्रसाद को, एवं तृतीय स्थान आनंद सदन से रेय्यान हकीम को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका जूनियर संकाय प्रभारी प्रेरणा मुजाल निभाई। कार्यक्रम में प्राचार्य नीरज कुमार सिन्हा ने बच्चों को प्रोत्साहित किए।

सुबोधकांत सहाय बेटी यशस्विनी के साथ रिम्स में घायलों से मिले

रांची : कांग्रेस नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उनकी बेटी यशस्विनी सहाय और झामुमो नेता बुधवार को रिम्स पहुंचे। रिम्स के ऑर्थो विभाग में 11 दिनों से इलाजरत मरीज बसंती देवी और हीरामनी कुमारी और उनके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान इलाज और अस्पताल में मिल रहे सुविधा के बारे में परिजनों से जानकारी ली। साथ ही इलाज कर रहे डॉक्टर रवि से भी सुबोधकांत और उनकी बेटी से मिलकर घायलों के बारे में जानकारी ली और बेहतर इलाज करने की बात कही।

जवाहर विद्या मंदिर श्यामली में संगीत सभा का आयोजन

रांची : सुर की भावना को साधना से जिया जाता है संगीत और छात्र के बीच एक गहरा संबंध होता है। छात्रों के सोचने की क्षमता, संवाद-कौशल, संवेदनशीलता, मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य, संतुलन और संवर्धन के विकास में संगीत काफी मदद करता है जिससे अध्ययन के प्रति रुचि जगती है। भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति से बच्चों को अभिसिंचित करने के उद्देश्य से समर्पित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में स्पिक मैके झारखंड चैप्टर के तत्वावधान में संगीत सभा का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती का आह्वान करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार वादक उस्ताद गौरव मजमुदार ने रसमयी प्रस्तुति दी। उन्होंने नट भैरव राग में आलाप, दादरा, आदि राग को सितार वादन से प्रस्तुत किया। मंच पर तबले के साथ संगतकार के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राध्यापक विनोद कुमार मिश्रा जी थे। उस्ताद गौरव मजमुदार जी ने

स्पिकमैके के लोगो में अंकित लाल रंग से बने वृत्त को ज्ञान चक्षु बताते हुए कहा कि यह मानव में अंतरदृष्टि को जागृत कर परमात्मा से स्वयं को जोड़ने का माध्यम है। सुव्यवस्थित ध्वनि, जो रस की सृष्टि से उत्पन्न होती है, वह संगीत कहलाती है। संगीत की जननी ध्वनि ऊर्जा है जो कई राग में बदल जाती है। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का जवाब देते हुए, तबला और सितार आदि वाद्य यंत्रों के निकले ध्वनि, सुर, ताल एवं लय के वैज्ञानिक महत्त्व से भी बच्चों को अवगत कराया और बताया कि भारतीय शस्त्रीय सङ्गीत से जुड़कर हम सृजनात्मकता का विकास और आत्मविश्वास में वृद्धि कर सकते हैं जिससे जीवन में सहजता और नैसर्गिक आनंद की प्राप्ति होती है। प्राचार्य समरजीत जाना ने दोनों गणमान्य को मंच पर स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया और विद्यार्थियों से रु-ब-रु होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि संगीत हर तरह की भावनाओं से निपटने और हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करता है। जिस प्रकार पाठ्यगत विषयों में पारंगत होने के लिए अभ्यास की आवश्यकता होती है उसी प्रकार संगीत के क्षेत्र में दक्षता हासिल करने के लिए हर दिन रियाज जरूरी है।

मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए चैंबर ने की सहभागिता की पेशकश

स्वदेश संवाददाता

रांची : आम चुनाव में मतदान प्रतिशत की संख्या में वृद्धि हो इस हेतु फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ने निर्वाचन आयोग के प्रयासों में अपनी सहभागिता की पेशकश की है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के.रवि कुमार और उपायुक्त रांची को पत्राचार कर कहा कि मतदान केंद्रों के बाहर चैंबर के बैनर तले मतदाताओं का स्वागत, उनके बैठने की उपयुक्त व्यवस्था, जलपान की सुविधा तथा मतदाता सूचि में उनके नाम पर्ची उपलब्ध कराने की सुविधा दी जायेगी। यदि आयोग अनुमति दे, तब हम जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स और सम्बद्ध संस्थाओं के सहयोग से यह सुविधा राज्य के सभी जिलों में करने के लिए प्रयास कर सकते हैं। इन छोटे-छोटे प्रयासों से मतदाताओं को सुविधा मिलेगी तथा वे मतदान केंद्रों तक आने के लिए आकर्षित होंगे। यह कहा गया कि आंकड़ों से स्पष्ट है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव में झारखण्ड समेत 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं था। लोकतंत्र के चुनावी महापर्व में मतदाता अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, मतदान का प्रतिशत बढ़े, इस हेतु जरुरी है कि निर्वाचन आयोग द्वारा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसियेशन, मतदाता जागरूकता मंचों, व्यापारिक, औद्योगिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाय। चैम्बर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की सहभागिता हो, ऐसा चैंबर का प्रयास रहेगा। आग्रह किया गया कि हमारे सुझाव पर विचार किया जाय ताकि चैंबर द्वारा अपने सदस्यों के साथ इस मुहिम में जरूरी पहल की जा सके।

गरीब छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे : अभिषेक शुक्ला

स्वदेश संवाददाता

रांची : आज दिन बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर उन्हें इंटरमीडिएट की पढ़ाई पहले की तरह सुचारू रूप से जारी रखने को लेकर मांग पत्र सौपा। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की राज्य की लगभग 50 से 70 प्रतिशत आबादी गरीबी या गरीबी रेखा के नीचे रूरल एरिया मैं मैं निवास

करती है रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत पांच जिलों में स्थापित विभिन्न महाविद्यालय मैं इंटरमीडिएट की पढ़ाई होती है गरीब एवं निम्न वर्ग के छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट के पढ़ाई के लिए उन्हें महाविद्यालयों के आश्रित होते हैं ऐसे में रांची विश्वविद्यालय द्वारा यह तानाशाही फैसला छात्र हित के खिलाफ है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 13/07/2023 को पत्रांक संख्या 170 जारी किया गया था जिस्म की साफ तौर पर यह उल्लेखित किया गया है 10 + 2 में नामांकन के लिए हर वर्ष सीटों की संख्या घटने हुए तथा वहां के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का समायोजन करते हुए तीन या चार सालों में इंटरमीडिएट को डिग्री कॉलेजेस से हटा देना है। परंतु 1 साल बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के समायोजन एवं छात्र-छात्राओं के लिए अलग इंटरमीडिएट कॉलेज की संपूर्ण व्यवस्था नहीं की गई है।

ड्रीम सिटी डिजनीलैंड मेला का हुआ उद्घाटन

स्वदेश संवाददाता

रांची : ड्रीम सिटी डिजनीलैंड मेला शहीद मैदान धुर्वा रांची में इंडिया का सबसे बड़ा फिश टनल अंडरवाटर का उद्घाटन किया गया । फिश टनल अंडरवाटर मे शो पेश किया जा रहा है ,जो रांची शहर के लिए बिल्कुल नया है और यह झारखंड में पहली बार हो रहा है। फिश टनल एक्वेरियम में 150 तरह की मछलियां है, जो कि लगभग एक लाख की संख्या में है। रांची के लोगो को बैंकॉक के फिश टनल का मजा यहां देखने को मिलेगा। साथ ही मेला घूमने आए हुए लोगों के खरीदारी

के लिए 125 स्टाल लगाए गए हैं जो पूरे देश के हर एक राज्य से है। जहां महिलाओ की सामान का पूरा ख्याल रखा गया जिसमें लेडिस चप्पल, बैग, पर्स,क्रोकरी अचार ,ज्वेलरी, खिलौना इत्यादि है। साथ ही मनोरंजन के लिए अलग-अलग प्रकार के झूले लगाए गए हैं। मेला में ब्रेक डांस, ड्रायगन ,ट्रेन टोरा टोरा ,बड़ा नाव,ज्वाइंट व्हील साथ ही बच्चों के लिए छोटे छोटे झूले लगाए गए हैं। बच्चों के लिए मिनी ट्रेन, वाटर बोट ,धूम बाइक ,स्कॉर्पियो , थ्री इन वन, मिक्की माउस इत्यादि के साथ ही खाने पीने के भी कई स्टाल लगाए गए हैं ।अंडरवाटर फिश टनल में अलग-अलग प्रकार के देसी विदेशी मछलियों का संगम है एवं फिश टनल के अंदर लोग अपना सेल्फी भी ले सकते हैं ।इसके लिए अलग से एक सेल्फी जॉन बनाया गया है जो रांची शहर के लिए एकदम नया है। डिजनीलैंड मेला का समय शाम 4:00 बजे से रात 10:00 बजे तक रहेगा और इसकी एंट्री फीस 20 रुपए होगी। इस मौके पर संचालक कृष्ण कुमार और डिजनीलैंड मेला के प्रबंधक अजीत कुमार झा सहित सैकड़ों मौजूद थे।

संस्कृति

ऐतिहासिक लौंयकेल मंडा झूलन के साथ सम्पन्न, केंद्रीय मंत्री बोले -

मंडा मेला हमारी ऐतिहासिक परंपरा की है पहचान

कर्रा का ऐतिहासिक लौंयकेल मंडा में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

स्वदेश संवाददाता

खूंटी : कर्रा प्रखंड क ऐतिहासिक लौंयकेल मंडा बुधवार को झूलन के साथ संपन्न हो गया। मंडा मेला में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कहा कि महादेव पूरे संसार के तारणहार हैं। महादेव को ही आघोरीनाथ नाथ कहा जाता है। मुझे खुशी है कि इस प्राचीन मंदिर की प्राचीन परंपरा आज भी भव्य रूप से मनाई जा रही है, जो हमारे सभ्यता-संस्कृति को दिखाती है। ऐसे पारंपरिक कार्य हमारे जीवन में आए उतार-चढ़ाव से हमें दूर करते हैं और हम लोग अपने

सुख-दुःख को भूलकर आस्था में खो जाते हैं।

मंत्री ने कहा कि भारत देश जहां बाबर, अकबर के अलावा अंग्रेजों ने भी शासन किया। इसके बाद हमें आजादी मिली और हमारे भारत देश को व्यवस्थित ढंग से चलने के लिए व्यवस्था बनाई गई। इसके तहत जनता अपना जन प्रतिनिधि चुनती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था बनती है। आनेवाले लोकसभा चुनाव है लोग अपने जन प्रतिनिधि को चुन सकते हैं। उन्होंने मंडा मेला समिति के सभी सदस्यों बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के कार्य में अपना सहयोग देना सराहनीय है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद सोनी, मनोज कुमार, बृजेन्द्र हेमरोम, विष्णु प्रसाद सोनी, दिलीप सिन्हा, बालकिशुन महतो, रामध्यान सिंह, विनय गुप्ता, नीलाम्बर सिंह आदि मौजूद थे। मंडा मेला को सफल बनाने में जय माता दी क्लब सह मंडा मेला संचालन समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार पाण्डेय, मुख्य संरक्षक नागेंद्र सिंह, बसंत सिंह मुंडा, प्रभात सिंह राठौर, मंटू महतो, बाबू खान, गुलाब नायक, महादेव लोहरा, तुलसी लाल साहू, पवन गुप्ता, अनूप लकड़ा, नवीन गुप्ता, विराट सिंह, बिहारी सिंह, नवीन कुमार, दुर्गा बड़ाईक, सगीर अहमद आदि ने योगदान दिया।

खूंटी लोस सीट से पांच प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

स्वदेश संवाददाता

खूंटी : अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट की अधिसूचना जारी होने के सातवें दिन बुधवार को पांच प्रत्याशियों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिन प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें झारखंड पार्टी के अपर्णा हंस, अबुआ झारखंड पार्टी के सोमा मुंडा, लोकहित अधिकार पार्टी के काशीनाथ सांगा, निर्दलीय अहलाद केरकेट्टा तथा झामुमो के पूर्व विधायक निर्दलीय प्रत्याशी बसंत लोंगा शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के प्रतिनिधि द्वारा बुधवार को भी दूसरी बार अन्य सेट में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया।

दूसरी ओर बुधवार को एक अभ्यर्थी बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इस प्रकार अब तक कुल 16 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्र की खरीदारी की गई है। इनमें से दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा सहित कुल नौ प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया है। गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है। इसलिए बाकी बचे अभ्यर्थियों द्वारा अंतिम दिन गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल किया जाएगा। नामांकन के पूर्व झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का और महासचिव अशोक भगत के नेतृत्व में झारखंड पार्टी के कार्यकताओं ने लोयला मैदान सें नामांकन रैली निकाली गई, जिसमें खूंटी, तोरपा, कोलेबिरा, सिमडेगा, तमाड़ और खरसावां विधानसभा क्षेत्र कें हजारों कार्यकताओं ने भाग लिया।

NEWS IN Gallery

बाबूलाल मरांडी आज जाएंगे साहेबगंज

रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 25 अप्रैल को साहेबगंज जाएंगे। वहां राजमहल लोकसभा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे एवं कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। मरांडी दुमका लोकसभा के सारठ विधानसभा स्थित ताराबाद स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी के साथ संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा के सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा भी मौजूद रहेंगे।

हेमलाल मुर्मू बने झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल मुर्मू को पार्टी का केन्द्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर बुधवार को हेमलाल मुर्मू को प्रवक्ता बनाया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

झारखंड में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

रांची : राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों व संबद्ध जिलों में निर्वाचन के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंटल एक्ट के तहत संबंधित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभी सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक प्रतिष्ठान मतदान की तिथि को बंद रहेंगे। इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

झारखंड में 14 सीटों पर होगा चुनाव

पहला चरण

मतदान : 13 मई
लोकसभा सीटें : सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू

दूसरा चरण

मतदान : 20 मई
लोकसभा सीटें : चतरा, कोडरमा और हजारीबाग

तीसरा चरण

मतदान : 25 मई
लोकसभा सीटें : गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर

चौथा चरण

मतदान : 01 जून
लोकसभा सीटें : राजमहल, दुमका और गोड्डा

रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि, विभाग ने किया अलर्ट, अंडा खरीद-बिक्री पर रोक

रांची : राजधानी रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। आईसीएआर-एनआइएचएसएडी भोपाल में रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन एवियन इन्फ्लुएंजा की पृष्टि बुधवार को हुई है। बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन की ओर से एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) का गठन किया गया है। उपायुक्त सह-जिला-दंडाधिकारी, राहुल कुमार सिन्हा ने इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया है। प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। एक्शन प्लान के तहत आरआरटी के

जरिये क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है। एक्शन प्लान के तहत एपिसेंटर से एक किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा। ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग के लिए शीघ्र निर्णय लिया जा सके। साथ ही टीम की ओर से एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा।

उपायुक्त ने एहतियात के तौर पर रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा-मृत कुक्कुटों-कुक्कुट उत्पाद और अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा।

इन क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य करेगी रैपिड रिस्पांस टीम

- होटवार, गाड़ी गांव, गाड़ी होटवार एवं बकेन टोली।
- खटंगा, न्यू खटंगा, महुआ टोली एवं आर्मी कैंप के पास का क्षेत्र।
- बांध गाड़ी, डुमरदगा, जेपी नगर, एवं बूटी मोड़ के पास का क्षेत्र।

सुदेश महतो से संजय सेठ ने की मुलाकात

स्वदेश संवाददाता

रांची : रांची लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच रांची लोकसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की राजनीति पर चर्चा हुई। यह बैठक बुधवार को आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास में हुई। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि रांची में पिछले बार से बड़ी जीत हासिल करेगा एनडीए। हमारे गठबंधन पर जनता का विश्वास है। रांची समेत पूरे राज्य की 14 सीटों पर जनता अपना आशीर्वाद हमें अवश्य देगी। चार सौ पार के संकल्प को पूरा करने की दिशा में झारखंड अपना दायित्व निभाएगा। इस दौरान संजय सेठ ने कहा कि इस चुनाव में सुदेश महतो और आजसू पार्टी के सहयोग और समर्थन से रांची लोकसभा क्षेत्र में हम इतिहास रचेंगे।

देश में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम के बाद सूरत में दिखा वोट स्कैम : सुप्रियो भट्टाचार्य

स्वदेश संवाददाता

रांची : झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध निर्वाचन पर भाजपा पर सवाल खड़ा किया है। भट्टाचार्य ने कहा कि बीते दिन गुजरात के सूरत लोकसभा सीट से निर्विरोध चुने गए भाजपा सांसद के चुनाव संदेह की घेरे में है। देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के बाद सूरत में एक नया वोट स्कैम देखने को मिला। इस सीट से कांग्रेस के नामांकन को रद्द किया गया और जितने भी दल के उम्मीदवार थे। सभी ने एक साथ नामांकन वापस ले लिया। इससे पहले भी निर्विरोध सांसद चुने गए हैं। लेकिन कभी भी किसी पर उंगली नहीं उठी। लेकिन गुजरात के भाजपा अध्यक्ष ने मिलकर यह साजिश रची और अधिकारी पर दबाव बनाकर परिणाम घोषित

करवाया। अब राजनीतिक शर्म हया कुछ नहीं है। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर भी निशान साधते हुए कहा कि रक्षा मंत्री यह मान चुके हैं कि उनके उम्मीदवार अर्जुन मुंडा चुनाव हार गए। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी जीत कैसे हुई थी, यह किसी से छुपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए में बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो हैं। ऐसे में उन्हें कौन हरा सकता है। इसका मतलब स्पष्ट है कि उन्हें हार का डर सताने लगा है।

लोकसभा चुनावः नामांकन की तैयारी को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

रांची : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर 29 अप्रैल को होने वालें नामांकन की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की । उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि ब्लॉक-ए में नामांकन के दौरान पेय जल, बिजली, लिफ्ट, साफ-सफाई, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, पंखे, उनके बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारी ससमय कराना सुनिश्चित करें। सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहें इस पर विशेष ध्यान दे। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते कहा की नामांकन के समय सब अपने दिए गए कार्यों का संपादन बेहतर रूप से करें इस पर विशेष ध्यान दे।

रांची में कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

स्वदेश संवाददाता

रांची : राज्य के 30 सरकारी स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हो रहे कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला की बुधवार को रांची के झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में शुरूआत हुई। इस दो दिवसीय कार्यशाला में छह बुनियादी विद्यालय, 24 नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के शिक्षक

एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य स्कूली शिक्षा में कृषि के महत्त्व और कृषि क्षेत्र की व्यावहारिकताओं की व्यापकता का विस्तार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। कार्यशाला का नेतृत्व रामकृष्ण मिशन के संन्यासी सशाकानंद महाराज ने किया। कार्यशाला का संचालन जेसीईआरटी के प्रशासनिक उप निदेशक महीप सिंह, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रिटायर्ड निदेशक आरपी सिंह रतन, गढ़वा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ. अशोक कुमार, व्यावसायिक शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी स्वप्निल कुजूर ने किया।

चौथे चरण के लिए अब तक सिंहभूम में सर्वाधिक 13 और पलामू में सबसे कम आठ नामांकन

शहरी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का हो रहा प्रयासः रवि कुमार

स्वदेश संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। खासकर संभ्रांत लोगों को मतदान के लिए घर से निकल बूथ तक जाकर मतदान करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में नियमित प्रेस ब्रीफिंग कर रहे थे। कुमार ने कहा कि इसके लिए हाउसिंग सोसायटी आदि का भी सहयोग लिया जा रहा है। वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत भी लोगों से लगातार संपर्क कर मतदान की महता से अवगत कराने के साथ मतदान के लिए प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। इसे लेकर स्वीप का का कार्यक्रम भी लगातार जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान के लिए शहरी क्षेत्र में जागरुकता बढ़ी है। यही कारण है कि शहरी क्षेत्र से वोटर निबंधन का आवेदन (फार्म-6) सर्वाधिक प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के चुनाव वाले क्षेत्रों में वोटर निबंधन के लिए फार्म-6 भरने की समयावधि समाप्त हो चुकी है। उन्होंने मतदाताओं से

अपील करते हुए कहा कि बाकी बचे अन्य फेज के चुनाव क्षेत्रों के मतदाता अभी भी मतदाता निबंधन के लिए फार्म-6 भरें और मतदान में अपनी हिस्सेदारी निभाएं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए राज्य के चार लोकसभा क्षेत्रों में अब तक सबसे अधिक 13 नामांकन सिंहभूम क्षेत्र के लिए किया गया है। सबसे कम पलामू क्षेत्र के लिए अब तक आठ नामांकन हुए हैं। लोहरदगा में 10 और खूंटी में नौ नामांकन हुए हैं। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के लिए विभिन्न एजेंसियां लगातार अवैध मादक पदार्थ, करेंसी के गैरकानूनी ट्रांजेक्शन और असामाजिक गतिविधियों पर कार्रवाई कर रही हैं। अबतक एजेंसियों ने कुल 67 करोड़ 40 लाख 75 हजार 813 रुपये की जब्ती की है।

आवश्यक सेवाओं से जुड़े सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित कराएं : रवि कुमार

रांची : निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा यथा रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें एवं उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं। एक भी मतदाता, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें। यह निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों के साथ बुधवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिया। कुमार ने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुड़े एवं मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए विहित फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें या वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनकी संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें। कुमार ने कहा कि रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें। साथ ही उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो, तो बताएं। इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक या दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें।

झारखंड के लोग खुद बनाते हैं अपनी राह : कल्पना

स्वदेश संवाददाता

रांची : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई। कोई भी विपत्ति आए झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है। क्योंकि, झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सोरेन

से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी। वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है। वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे और यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।

हाई कोर्ट ने डीटीओ-एसएसपी से रांची में अवैध रूप से चल रहे डीजल ऑटो-टोटो का मांगा ब्यौरा

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में जनवरी 2022 में राजधानी के बिरसा चौक पर ऑटो से महिला की हुई मौत मामले में दाखिल शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट ने मामले में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने उनसे पूछा कि रांची शहर में जो डीजल ऑटो और टोटो चल रहे हैं उनके पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, फिटनेस आदि की जांच के लिए क्या कार्रवाई हुई? ऑटो और टोटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के लिए क्या कार्रवाई की जाती है। कोर्ट ने इन सारे बिंदुओं पर तीन सप्ताह में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने

डीटीओ रांची एवं एसएसपी रांची को भी शपथ पत्र दाखिल कर शहर में अवैध रूप से चलने वाले डीजल ऑटो एवं टोटो के संबंध में जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सरकार के अधिवक्ता श्रीनू गणपती को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट अभी तुरंत आपके साथ चलकर रांची शहर में बगैर ड्राइविंग लाइसेंस वाले चालक को डीजल ऑटो एवं टोटो को चलाते हुए दिखा सकती है। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में छोटे-छोटे बच्चे डीजल ऑटो और टोटो चलाते हैं। वे अचानक कहीं भी गाड़ी को मोड़ देते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना होती है। इनके पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होता है। कोर्ट ने मामले में डीएसपी ट्रैफिक द्वारा दाखिल शपथ पत्र पर असंतुष्टि जताई। साथ ही कहा कि शपथ पत्र में दी गई बातें हवा हवाई नहीं होनी चाहिए। धरातल पर ट्रैफिक सुधार के लिए काम हो रहा है यह दिखना चाहिए।

जागरुकता | झारखंड में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्थानीय भाषा के कार्टून फिल्मों का सहारा ले रही पुलिस

वोटर को फोकस कर बनाया गया कार्टून फिल्म

स्वदेश संवाददाता

रांची : राज्य में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एक तरफ जहां शांतिपूर्ण और सुरक्षित चुनाव संपन्न कराना पुलिस की जिम्मेदारी है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस लोकतंत्र के महापर्व में हर कोई अपना योगदान दे इसके लिए भी जोरदार प्रयास कर रही है। पुलिस स्थानीय भाषाओं में कार्टून फिल्में तैयार कर लोगों को जागरूक कर रही है। झारखंड में चार चरणों में चुनाव होने हैं। पहले चरण में 13 मई को चार संसदीय सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा तथा पलामू में मतदान होगा। वोटिंग प्रतिशत बढ़ सके, इसके लिए हर विभाग अपने-अपने तरह से

प्रयास कर रहा है। झारखंड पुलिस भी अलग-अलग तरह से आम लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। इसके लिए बाकायदा स्थानीय भाषा में कार्टून फिल्में भी बनाई गई हैं, जिसके माध्यम से लोगों तक लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने की अपील की जा रही है। राज्य के विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं। ऐसे में यदि उनकी भाषा में ही उन्हें लोकतंत्र के महापर्व के बारे में बताया जाए तो यह बेहद कारगर सिद्ध होगा। यही वजह है कि राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस कार्टून सीरीज बनाकर उसके जरिए वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है। नागपुरी भाषा में बनाया गया कार्टून फिल्म काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कार्टून फिल्म में दो गांव वाले आपस में बात करते नजर आते हैं। इनमें से एक पूछता है कि वोट देने जाना है कि नहीं, तो दूसरा उसे समझाता है कि मतदान करना उनका अधिकार है। पहले मतदान करना है और फिर जलपान करना है। स्थानीय भाषा में ही लोगों को यह भी कार्टून के जरिए समझाया गया है कि यदि आपको कोई भी वोट देने से मना करता है, डरता है या धमकाता है तो आप उसकी शिकायत तुरंत पुलिस से करें। इसके लिए डायल 100 और डायल 112 की मदद लें। वीडियो को पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार के लिए तो डाला ही है, साथ ही पंचायत स्तर पर काम करने वाले यूथ टीम को भी वीडियो भेजा गया है। कार्टून फिल्मों में उस लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान की तिथि को लेकर भी जानकारी दी गई है। इस संबंध में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले की पुलिस अपने-अपने स्तर से विभिन्न तरह के जागरुकता अभियान चला रही है, ताकि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाया जा सके। पुलिस के पास जो भी साधन हैं उसका प्रयोग कर आम लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य किया जा रहा है।

कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ पर साधा निशाना

स्वदेश संवाददाता

रांची : प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को रांची लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश की संपत्ति का सर्वे इसलिए करानी चाहती है ताकि देश की जनता को यह पता चल सके कि भाजपा ने अपने शासनकाल में देश की कितनी संपत्तियां बेची है। देश की जनता की गाढ़ी कमाई से कांग्रेस की सरकार ने जो सरकारी संपत्ति बनाई उसे कैसे अपने पूंजीपति मित्रों के हवाले कर दिया और देश की जनता कंगाल होते चली गई। इसकी जानकारी देशवासियों को होना जरूरी है। सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस इसलिए भी संपत्ति का सर्वे कराना चाहती है ताकि जनता यह

जान सके कि भाजपा के नेताओं ने कैसे अनैतिक तरीके से अथाह संपतियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि 16 लाख करोड़ रुपये पूंजीपतियों का कर्ज माफ क्यूं किया गया। इसका जवाब संजय सेठ को देना चाहिए। मोदी ने जितनी राशि पूंजीपति मित्रों का माफ किया उससे दस करोड़ अन्नदाता किसान परिवारों का कर्ज माफ किया जा सकता था और किसानों को आत्महत्या करने से बचाया जा सकता था। सिन्हा ने कहा कि भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई और बेरोजगारी पर बात करनी चाहिए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री ने देश को गर्त में पहुंचा दिया। संजय सेठ यह बताएं कि अपने पांच साल के कार्यकाल में कभी भी सदन में महंगाई, बेरोजगारी, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण की आवाज लोकसभा में क्यों नहीं उठाई।

वन क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों के आस पास सतर्क रहें वनरक्षी : रवि कुमार

स्वदेश संवाददाता

रांची : राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों पर सुगम ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में चिह्नित वन क्षेत्र के मतदान केंद्रों के आसपास मतदान दिवस के दिन मानव एवं वन्यजीव टकराव को रोकने का भरसक प्रयास करें। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र के आसपास के निवासियों को भी सचेत करें कि किसी अनहोनी की संभावना नहीं बने और सुगमता से लोग अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। रवि कुमार ने कहा कि समय रहते स्थिति का आकलन कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल के साथ वन क्षेत्रों में मादक पदार्थों और शराब इत्यादि की

आवाजाही पर रोक लगाएं। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एन के सिंह, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एसआर नटेश, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, सिस्टम एनालिस्ट सैयद नासिर जमील सहित निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी एवं राज्य के सभी जिलों के वन प्रमंडल पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

झारखंड में तीन माह में जोड़े गये तीन लाख नये मतदाता

रांची : राज्य में प्रत्याशियों के नॉमिनेशन की प्रक्रिया जारी है। साथ ही नये मतदाताओं को जोड़ने का भी काम तेजी से चल रहा है। भारत चुनाव आयोग झारखंड के अनुसार, पिछले तीन माह में झारखंड मेंदो लाख 97 हजार 223 नये मतदाता जोड़े गये हैं। वहीं इस दौरान 3 लाख 61 हजार 911 लोगों ने आवेदन दिया, जिसमें से 55 हजार 581 आवेदन पेंडिंग है। 18 वर्ष के योग्य नागरिक 25 अप्रैल तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए मतदाता बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 या ऑनलाइन ३३स्र२://५ङ्ग३ी१२ ्रॅ.ङ्ग५.ल्ल/ माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आम जनता वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करके भी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 16 मार्च को आम चुनाव की घोषणा के बाद इसीआई ने झारखंड में मतदाताओं की संख्या जारी की थी। उसके अनुसार, झारखंड में कुल 2,55,18,642 मतदाता हैं। इनमें 1,29,97,325 पुरुष, 1,25,20,910 महिला और 407 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। वहीं 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 8,08,371 है। आम चुनाव 2024 में 80 साल से ऊपर के 3,22,709 और 85 साल से ऊपर के 1,39,445 मतदाता हैं। लोकसभा चुनाव में झारखंड में 29,521 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। यह पिछले आम चुनाव की तुलना 57 ज्यादा है। झारखंड में चौथे चरण से लोकसभा चुनाव होने वाला है। चौथे चरण यानी 13 मई को खूंटी, सिंहभमू, लोहरदगा व पलामू, पांचवें (20 मई) में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, छठे चरण (25 मई) में गिरिडीह, धनबाद, रांची व जमशेदपुर और सातवें चरण (1 जून) में राजमहल, दुमका व गोड्डा में मतदान होगा।

रामगढ़ में कार से हो रही थी शराब की तस्करी, पुलिस ने पीछा कर पकड़ा

- लोकसभा चुनाव को लेकर जारी है हाई अलर्ट

रामगढ़ : लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ पुलिस हाई अलर्ट पर है। अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस दौरान अपराधी भी नए-नए तरीके से अपने कारोबार को संचालित करने की जुगत में है। रजरप्पा थाना क्षेत्र में 90 लीटर अवैध शराब की तो तस्करी करते हुए एक अल्टो कार को जप्त किया है। इस दौरान प्रेमचंद महतो को भी गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी डॉ बिमल कुमार ने दी। पुलिस ने 650 एमएल किंगफिशर बियर की 120 बोतल, 375 एमएल मैकडॉवेल स्पेशल लग्जरी व्हिस्की का 24 बोतल, 750 एमएल मैकडॉवेल स्पेशल लग्जरी व्हिस्की का दो बोतल और 180 एमएल का मैकडॉवेल स्पेशल लग्जरी व्हिस्की के 12 बोतल जप्त किए

गए हैं।

कहां से लाई गई थी शराब हो रही है जांच : एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि प्रेमचंद महतो रजरप्पा थाना क्षेत्र के मुरुबंदा गांव का रहने वाला है। इतनी भारी मात्रा में अवैध शराब कहां से लेकर आया था उसकी जांच की जा रही है। इसका भी पता लगाया जा रहा है कि वह शराब कहां पहुंचाई जा रही थी। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रजरप्पा थाना क्षेत्र में एक काले रंग की अल्टो कार जेएच 24 एल 7773 से अवैध तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद और रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने जब छापेमारी शुरू की तो रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी पनशाला मोड़ के पास उक्त गाड़ी को रुकवाया गया। जांच करने पर अल्टो कर पर भारी मात्रा में अवैध शराब मिली।

NEWS IN Gallery

सरायकेला में फंदे से झूलता मिला पीडीएस डीलर का शव

सरायकेला : जिले के कांड्रा में बुधवार को एक व्यक्ति का शव मिला। उसकी पहचान कांड्रा निवासी पीडीएस डीलर शिशुपाल वार्ष्णेय (85) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि डीलर वीडीओ कॉलोनी में किराये के मकान पर अकेले रहते थे। वह रोज की तरह बुधवार को मॉर्निंग वॉक पर नहीं निकले तो लोग इसका कारण जानने के लिए उनके पास पहुंचे तो दरवाजा बंद पाया। आवाज लगाने के बाद भी जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला तो लोगों ने किसी तरह से दरवाजा खोला। दरवाजा खोलते ही लोग सन्न रह गए। लोगों ने शिशुपाल वार्ष्णेय के शव को फंदे से झूलता पाया। इसके बाद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच-पड़ताल शुरू की। हालांकि, घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

शादी से लौट रहे युवक की ओवर ब्रिज से टकराने से मौत

कोडरमा : जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के राजगढ़िया मोड़ के समीप बुधवार की सुबह रेलवे ओवर ब्रिज से एक सवारी वाहन पर सवार एक युवक के टकराने से मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अलगडीहा गांव से मंगलवार को बारात चौपारण के अमजद गई थी। बुधवार सुबह शादी समारोह से वापस लौटने के दौरान सवारी वाहन के ऊपर छत पर सवार दो युवक राजगढ़िया मोड़ के समीप रेलवे ओवर ब्रिज से टकरा गए। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल अलगडीहा निवासी राहुल कुमार दास (19) को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, परन्तु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना में एक अन्य युवक प्रेम कुमार के पैर में गंभीर चोट लगी है, जिसका इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

साहिबगंज में एक ही परिवार के चार सदस्यों पर तेजाब से हमला मामले में खुलासा

- प्रेमिका के दूसरे लड़के से बात करने पर नाराज प्रेमी ने दिया घटना को अंजाम

साहिबगंज : साहिबगंज पुलिस ने परिवार के चार सदस्यों पर एसिड अटैक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था लेकिन युवती कई अन्य लड़कों से भी बात करती थी। इस बात से नाराज प्रेमी ने एसिड अटैक की घटना को अंजाम दिया। पुलिस यूपी के फरुखाबाद जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है।आरोपित को पुलिस उस वक्त गिरफ्तार किया जब वह भागने की फिराक में था। आरोपित साहिबगंज में ही रहकर नौकरी कर रहा था। बताया जा रहा है कि इससे पूर्व युवती के साथ दिल्ली में करीब 2 माह साथ रहा भी था। घटना के संबंध में साहिबगंज एसपी कुमार गौरव ने बताया कि बुधवार सुबह करीब चार बजे बजे यह सूचना प्राप्त हुई की राजमहल अनुमडंल अस्पताल के गेट के बगल में स्थित हसीना होटल के घर पर चार व्यक्तियों पर एसिड़ से हमला किया गया है। सूचना पर राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर पीड़ित आलम शेख का फर्दबयान लिया गया। फर्दबयान के आधार पर तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

लोहरदगा लोकसभा सीट से समीर उरांव और चमरा लिंडा ने दाखिल किये नामांकन पत्र

स्वदेश संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भुपेंद्र भाई पटेल, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, और लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत मौजूद रहे। झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने बुधवार को लोहरदगा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। लोहरदगा से आईएनडीआईए के सुखदेव भगत चुनाव मैदान में हैं। पिछले कई दिनों से कयास लगाए जा रहे थे कि झामुमो के चमरा लिंडा वहां से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। उनके चुनाव मैदान में उतरने के साथ ही सुखदेव भगत की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। आईएनडीआईए में लोहरदगा सीट कांग्रेस के खाते में आई थी। इसके बाद कांग्रेस ने सुखदेव भगत को प्रत्याशी बनाया। एनडीए ने वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत का टिकट काट कर राज्यसभा सदस्य रहे समीर उरांव को मैदान में उतारा है और उन्होंने नामांकन भी कर दिया है। झामुमो के चमरा लिंडा के नामांकन करने के बाद सुखदेव को अब केवल समीर उरांव ही नहीं, चमरा का चैलेंज भी फेस करना होगा।

पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने दाखिल किया नामांकन पत्र

पलामू : राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का नामांकन जारी है। इसी क्रम में पलामू लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बीडी राम ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। बीडी राम ने पर्चा दाखिल करने से पहले छह मुहान स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। पलामू लोकसभा सीट पर चौथे चरण में चुनाव है। पलामू सहित लोहरदगा, सिंहभूम और खूंटी में भी 13 मई को मतदान होगा।

बारात के भोजन में कम मीट परोसने पर बवाल, एक कैटरर की मौत

- पुलिस ने दूल्हे को थाने में बिठाया, दुल्हन की नहीं हुई विदाई

रामगढ़ : शादियों में अक्सर खातिरदारी को लेकर बाराती और सराती के बीच मारपीट की घटना होती रही है। लेकिन रामगढ़ में एक ऐसी घटना घटी जिसमें कैटरर की मौत हो गई। इस हादसे के बाद जहां दूल्हा दुल्हन की विदाई होनी थी, वहां पुलिस की कार्रवाई शुरू हो गई। दूल्हा थाने पहुंचा और दुल्हन की विदाई नहीं हो पाई। इस पूरे मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोगों को गोला थाने में बुलाया गया है और पूरे मामले की जांच किए जा रही है। साथ ही मृतक कैटरर की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

भोजन में मीट मिला कम तो भड़क गए बाराती

गोला थाना क्षेत्र के हुप्पू गांव में शादी समारोह के दौरान बाराती को कैटरर द्वारा भोजन में कम मीट देना महंगा

पड़ गया। कम मीट देने पर बाराती के साथ मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद भागने के क्रम में कैटरर कृष्णा कुमार की कुएं में गिर कर मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दुल्हन और दूल्हे के पिता और दूल्हे को थाना में बिठा कर पूछताछ कर रही है। बताया गया कि रामगढ के कोयरी टोला निवासी धीरज कुमार की बारात गोला के हुप्पू गांव निवासी योगेंद्र महतो के घर आई थी। जय माला के बाद बाराती खाना खाने बैठे इसी दौरान कैटरर कृष्णा कुमार मीट देने लगा। कम मीट देने को लेकर बाराती के साथ उसकी नोकझोक और मारपीट हो गई। इस दौरान कैटरर कृष्ण भागने लगा इसी क्रम में वो कुएं में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

बीडीओ ने मतदाताओं को किया जागरूक

स्वदेश संवाददाता

इटखोरी : लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी बढ़ाने और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार रात्रि मुख्य रूप से बीडीओ सोमनाथ वंकिरा नें प्रखंड इटखोरी के हलमता पंचायत सालवे बूथ नम्बर 209 , 211,112 में रात्रि चौपाल किया गया । बीडीओ ने कहा कि इन सब बूथों पर 2019 लोकसभा में हुआ था इस कारण मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मतदान के दिन अपने- अपने परिवार एवं गांव और समाज के

सभी मतदाताओं से निष्पक्ष और भयरहित मतदान करने की अपील की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, बीएलओ से मतदाता सूची में अपना नाम देखने, आदर्श आचार संहिता, सी-विजिल एप, ईवीएम, वीवीपेट मशीन, मतदान के दिन मतदान पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य पहचान पत्र के साथ मत देने, दिव्यांग मतदाताओं को मत देने हेतु विशेष सुविधा सहित आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव अभियान को सफल बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उपस्थित लोगों के साथ चौपाल में चर्चा की गई।

लोहरदगा के चार शातिर बदमाश हुए तड़ीपार

लोहरदगा : जिला प्रशासन ने भंडरा प्रखंड के चार अपराधियों को तड़ीपार करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इनके खिलाफ डीसी सह जिला दंडाधिकारी ने नोटिस जारी किया है। इन्हें तीन माह के लिए तड़ीपार किया गया है। एसएसपी हरीश बिन जमा ने इन अपराधियों को तड़ीपार करने की अनुशंसा डीसी से की थी। बताया गया है कि भंडरा थाना क्षेत्र के रिजवान अंसारी, अरमान अंसारी, मेहंदी अंसारी एवं कुलदीप लोहरा को जिला तड़ीपार का नोटिस भंडरा पुलिस ने दिया है। तड़ीपार की अवधि में ये चारों शातिर जिले में कहीं भी दिखाई देंगे तो पुलिस कड़ी करवाई करेगी। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रखंड के चार शातिर अपराधियों को जिला तड़ीपार किया गया है।

पलामू लोकसभा सीट के लिए भाजपा और राजद समेत चार उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

- अब तक हुआ आठ नॉमिनेशन, 11 फार्म बिके

स्वदेश संवाददाता

पलामू : अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पलामू लोकसभा क्षेत्र में छठे दिन बुधवार को चार नामांकन पत्र दाखिल हुए। भारतीय जनता पार्टी से विष्णु दयाल राम, राजद से ममता भुइयां, एयूसीआई (सी) से महेन्द्र बैठा एवं भागीदारी पी से सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में चारों उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष नामजदगी के पर्चे दाखिल किए। इससे पहले चारों उम्मीदवारों ने शहर के अलग-अलग इलाकों से

रैली निकालकर समाहरणालय पहुंचे। छठे दिन चार उम्मीदवारों के नामांकन के साथ अबतक आठ प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। उल्लेखनीय है कि नामांकन का छठा दिन है। 25 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। नामांकन दाखिल करने का अब मात्र एक दिन शेष रह गया है। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि 29 अप्रैल तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकते हैं। अब तक 11 नामांकन फॉर्म बिके हैं। छठे दिन गणेश रवि ने नामांकन फार्म खरीदा।

लोस चुनाव | महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने इटखोरी का किया दौरा

भाजपा मूल परेशानी की नहीं करती है बात : केएन त्रिपाठी

स्वदेश संवाददाता

मयूरहंड : महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने मयूरहंड का दौरा किया। दौरे के दौरान प्रत्याशी को कार्यकताओं ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। माला पहनाकर उम्मीदवार को जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यकताओं को अपने लक्ष्य के मुताबिक संकल्पित होकर काम करने की अपील की। त्रिपाठी ने कार्यकताओं को अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे आदमी को दिल्ली चुनकर नही भेजना है जो आपकी बाते तो दूर अपनी बाते भी नही रख पाएंगे। इन लोगों से आपका कुछ भला नही होने वाला है। चतरा लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर मेरे दिमाग में खाका बन कर तैयार है। उसको पूरा करने का मौका एक बार आप दीजिए मैं पूरी सूद सहित विकास

के रूप में लौटा दूंगा। भुइया समाज, क्षत्रिय समाज, भोक्ता समाज मुस्लिम समाज, यादव समाज, दांगी समाज, ब्राह्मण समाज समेत अन्य समाज के लोगों का क्या समस्या है उसे हर संभव समाप्त करने का काम करूंगा। मैं सबों के साथ न्याय करूंगा। भाजपा संविधान को बदले का प्रयास कर रही है। जिसे हम सबको मिलकर बचाना होगा। कहा की भाजपा नही चाहती है की गरीब का विकास हो। पिछले छह माह में बारह बार आ चुके है। केवल टिकट या व्यवसाय बढाने के लिए राजनीति नहीं करते है। लक्ष्य की योर बढ़ते रहना है। एक व्यक्ति को देखकर भारत सशक्त भारत नही बन सकता। एक स्टील प्लांट का सपना दस साल दिखाया गया। जनता को भाजपा हमेशा ठगने का काम कर रही है। कार्यकताओं को कहा कि जनता के बीच जाकर उनके समस्या का समाधान करने भरोसा दिलाई। मैं आपके वादे के मुताबिक जनता के बीच खरा उतरूंगा। चतरा लोक सभा क्षेत्र में आने वाले हर विधान सभा क्षेत्र मैं बढ़त बना कर आ रहा हूं। इस लिए जीत हो कर रहेगी आपको सिर्फ जरा सा ताकत लगानी है। जेएमएम के मनोज चंद्रा ने संबोधन में कार्यकताओं को एक जुट कर काम करने की अपील करते हुए कहा कि जेल में भरने से विकास नहीं हो सकता। जनता सब कुछ समझ रही है। इस बार जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद डूबे, इंटेक प्रदेश सचिव सह जिला उपाध्यक्ष शशिप्रमोद लाल, इंटेक के प्रदेश अध्यक्ष डा प्रदीप कुमार शर्मा, बालगोबिंद राम, अनिल कुमार सिंह, बबलू केसरी पप्पू राजा , शुवसेवक प्रसाद सिंह, अलखदेव सिंह के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

सिमरिया के पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा ने कहा

भाजपा महागठबंधन के उम्मीदवार को बाहरी बताता है। अभी वह 1932 में भी अटका है। त्रिपाठी 1532 के खतियान के साथ हमारे साथ खड़ा होकर उम्मीदवारी कर रहें है। केवल चतरा में बस जाने से लोकल नही हो जाता है। भाजपा अगर लोकल की बात करती है तो अरुण यादव को 2009 के चुनाव में क्यों नहीं समर्थन दिया था।

श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का आयोजन

विख्यात कथावाचक आचार्य बहा रहे हैं ज्ञान की गंगा

स्वदेश संवाददाता

इटखोरी : राजा दरभंगा में आयोजित श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर आचार्य विख्यात कथावाचक रणवीरकृष्ण जी ने कलयुग व राजा परीक्षित की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया । उन्होंने कहा किद्वापर युग में परीक्षित नाम के एक राजा थे, जो बहुत ही न्याय प्रिय और अपनी प्रजा के प्रति निष्ठावान थे। राजा परीक्षित धनुर्धर अर्जुन के पौत्र और वीर अभिमन्यु के पुत्र थे। वह एक बार जंगल में शिकार करने गए, जहां उन्होंने शमीक ऋषि मौन अवस्था में ध्यान कर रहे थे। राजा परीक्षित, शमीक ऋषि से पीने के लिए पानी मांगते हैं, लेकिन ऋषि ध्यान में थे इसलिए वह राजा की बात का कोई उत्तर नहीं देते। राजा परीक्षित के सिर

पर स्वर्ण मुकुट पर विराजमान कलियुग के प्रभाव से राजा ने इस अपना अपमान समझा। गुस्से के कारण राजा परीक्षित उनके गले में मरा हुआ सांप डाल देते हैं। जब इस बात का पता शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि को लगता है तो वह क्रोध में आकर राजा परीक्षित को श्राप दे देते हैं। अपने पिता के अपमान पर ऋषि श्रृंगी राजा परीक्षित को यह श्राप देते हैं कि 7 दिन में नाग राज तक्षक उन्हें डस लेगा और उनकी मृत्यु हो जाएगी। श्राप के कारण राजा को 7 दिन के बाद नाराराज तक्षक ने डस लिया और उनकी मृत्यु हो गई। राजा परीक्षित की मृत्यु के बाद से ही कलयुग की शुरूआत मानी जाती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों ने एक कमेटी का भी गठन किया है । जिसमें अध्यक्ष पवन साव सचिव विजय साव उपसचिव बाबूलाल साव कोषाध्यक्ष ईश्वर साव उपाध्यक्ष लखन साव बाबूलाल साव सदस्य राजकुमार साव सुरेश शाह बैजू धनुखी साव राजू साव रघु साव पिंटू साव प्रकाश भुइंया इंद्र भुईया चंदन भुइंया सिकंदर भुइंया आशीष विकाश सुनील निरंजन साव का नाम शामिल है ।

साल 1984 के इंदिरा लहर में तिलकधारी सिंह बने थे कोडरमा से सांसद

स्वदेश संवाददाता

कोडरमा : साल 1984 में हुआ लोकसभा चुनाव कांग्रेस की रिकॉर्ड तोड़ जीत के लिए याद किया जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से पैदा हुई हमदर्दी और तुरन्त हुए चुनाव के बाद राजीव गांधी फिर प्रधानमंत्री बने थे। उस समय कोडरमा से कांग्रेस के टिकट पर तिलकधारी सिंह पहली बार सांसद चुने गए। साल 1984 में कोडरमा से कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिनमें मुख्य मुकाबला कांग्रेस के तिलकधारी सिंह और भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा के बीच हुआ था। तिलकधारी सिंह को 208731 वोट मिले थे जो कुल मतदान का 58.8 प्रतिशत था जबकि लगातार दो बार सांसद रहे रीतलाल प्रसाद वर्मा को 97348 वोट ही मिले थे जो मतदान का 27.45 प्रतिशत था। इनके अलावा निर्दलीय एनामुल हक को 10453, जनता पार्टी से विश्वनाथ मोदी को 10057, निर्दलीय नंदलाल गोप को 7392, निर्दलीय रामकिशोर मेहता को 5639, झामुमो के प्रदीप कुमार सरकार को 4470, निर्दलीय दिनेश सिंह को 3155, निर्दलीय अबुइनाम अख्तर को 1974, निर्दलीय इंद्र कुमार अग्रवाल को 1951, निर्दलीय सुधा रानी सिन्हा को 1903, आईसीजे से युगल किशोर प्रसाद को 1043 और निर्दलीय बुरहान साहू को 570 वोट मिले थे। तब कुल मतदाताओं की संख्या 766871 थी, जिसमें 366462 मत पड़े थे जो कुल मतदान का प्रतिशत 47.79 था।

शिक्षक की नौकरी छोड़ राजनीति में आये तिलकधारी

गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के चतरो गांव में 08 जनवरी, 1938 में जन्मे तिलकधारी सिंह के पिता पंचानन सिंह पंचायत के मुखिया थे और मां नुपूर देवी कुशल गृहिणी थी। रांची विश्वविद्यालय से बीएससी करने के बाद 1962 में चकाई हाई स्कूल में वे विज्ञान के शिक्षक रहे लेकिन 1968 में शिक्षक की नौकरी छोड़कर पहली बार मुखिया का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। बाद में वे गिरिडीह जिला परिषद के अध्यक्ष चुने गए। वर्ष 1971 में सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने के बाद 1977 में तिलकधारी प्रसाद सिंह गिरिडीह जिला कांग्रेस अध्यक्ष बने। इसके बाद 1980 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर धनवार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े और जीतकर विधानसभा पहुंचे। वर्ष 1984 में कांग्रेस ने उन्हें कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाया और भारी मतों के अंतर से जीतकर वे संसद पहुंचे। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट पर अकेले तिलकधारी प्रसाद सिंह ने साथ बार चुनाव लड़ा लेकिन सफलता सिर्फ दो बार मिली। वर्ष 1984 में कांग्रेस पार्टी की लहर में जीत हासिल हुई। दूसरी बार 1999 के चुनाव में फिर जीते लेकिन इसके बाद कभी वापसी नहीं कर सके। इन दिनों वे बीमार हैं और अपने आवास पर ही रहते हैं।

NEWS IN Gallery

झुमरीतिलैया में संत निरंकारी मंडल का रक्तदान शिविर

कोडरमा : संत निरंकारी मंडल के तत्वावधान में बुधवार को महतो आहरा झुमरीतिलैया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सेवादारों ने 88 यूनिट ब्लड दिया। इसका उद्घाटन जोनल इंचार्ज डी सिंह एवं विशिष्ट अतिथि रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने किया। रक्तदान करने वालों में ननकी देवी, सुशीला देवी, सुधीर सोनी, सुखदेव यादव, मनीष कुमार, नकुल राज, मुकेश यादव, गोपाल कुमार, गुड्डू कुमार, सविता कुमारी शामिल थे। रक्तदान शिविर के आयोजन में डॉ सुरेंद्र कुमार, जफर इकबाल, महिमा भारद्वाज, राहुल कुमार, अमित पांडेय, सविता जोजो, मदन कुमार मेहता, पवन कुमार यादव, उर्मिला कुमारी, सन्नी कुमार, अनीश कुमार राम ने महती भूमिका निभायी। इस मौके पर जोनल इंचार्ज संत निरंकारी मंडल डी सिंह के अलावा संयोजक सुन्दर पांडेय, संचालक विजय विश्वकर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

लातेहार में पंचायत सेवक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

लातेहार : जिले के महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत में पदस्थापित पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद को एसीबी की टीम ने बुधवार को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चटकपुर पंचायत के रहने वाले एक लाभुक को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मत की योजना स्वीकृत हुई थी। लाभुक के द्वारा काम पूरा करवाने के बाद भुगतान के लिए पंचायत सेवक से पिछले कई दिनों से गुहार लगाई जा रही थी लेकिन पंचायत सेवक इसके लिए चार हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। पंचायत सेवक यह भी कह रहा था कि यदि रिश्वत नहीं दिया तो भुगतान नहीं किया जाएगा और योजना को क्लोज कर दिया जाएगा। परेशान होकर लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी की टीम से की। एसीबी की टीम ने पूरी मामले की छानबीन करने के बाद बुधवार को रुपये देकर लाभुक को पंचायत सेवक के पास भेजा। पंचायत सेवक ने जैसे ही पैसा लिया वैसे ही एसीबी की टीम ने उसे धर दबोचा। साथ ही आवश्यक छानबीन के पश्चात एसीबी की टीम ने आरोपित पंचायत सेवक को गिरफ्तार कर पलामू ले गई। इस संबंध में एसडीएम रतन कुमार ने बताया कि निगरानी की टीम ने पंचायत सेवक को गिरफ्तार किया है।

रक्तदान और मतदान दोनों कार्य महान : प्रभाष दत्ता

स्वदेश संवाददाता

बोकारो : जीवन में 18 वर्ष की आयु के बाद दो कार्य महान हैं। एक रक्त दान तो दूसरा मतदान। एक जीवन को बचाता है तो दूसरा लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। यह बातें स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता ने कहीं। वह बुधवार को मतदाता जागरूकता को लेकर आइएमए एवं निजि नर्सिंग अस्पताल संघ द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर सदर अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर रहें थे। शिविर में काफी संख्या में लोगों ने अपने रक्तसमूह की जांच करवाई और रक्तदान के लिए अपना प्रपत्र दाखिल किया। रक्तदाताओं के उत्साह को देखते हुए स्वीप नोडल ने आह्वान किया कि हम सभी को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए जिससे की रक्त कोष में रक्त का अभाव न रहें।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के वोटर कार्ड बन चुके है वह अपने मत का इस्तेमाल आगामी 25 मई के दिन अवश्य करें और अपने आस-पास रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर सभी ने रक्तदान करके निष्पक्ष रूप से मतदान करने का संदेश दिया। मौके पर कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी सह जिल जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कहा कि वैसे युवक/युवती व आमजन जिनका किसी कारण से अभी भी मतदाता सूची में नाम नहीं है,वह अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आगामी 26 अप्रैल 2024 तक दर्ज करा सकते हैं। आम जन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। ऑफलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अपने नजदीकी मतदान केंद्र के बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर फॉर्म-6 भर सकते हैं। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आम जन को उन्हें अपने स्मार्ट मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करना होगा या इंटरनेट ब्राउजर पर #VSP PORTAL (वोटर सर्विस पोर्टल) https:// voters. eci. gov.in पर जाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की कार्रवाई करनी होगी। मौके पर उपस्थित कोषांग के प्रभारी/सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार, प्रकाश रंजन, प्रदीप कुमार, कंचन कुमारी समेत अन्य चिकित्सकगण/कर्मीगण आदि उपस्थित थे।

गीता आश्रम चतरा में हुआ रात्रि चौपाल का आयोजन

- **दीप सज्जा वोट करेगा चतरा का स्लोगन से जगमगाया गीता आश्रम**

स्वदेश संवाददाता

चतरा : मंगलवार को चतरा प्रखण्ड के मध्य विद्यालय गीता आश्रम में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप शामिल हुए। तत्पश्चात वृद्ध, दिव्यांग व जिले से पहुंचे अधिकारियों, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन से संबंधित रंगोली, दीप प्रज्वलित कर स्लोगन वोट करेगा चतरा लिखा गया। साथ ही आमजनों को मतदाता शपथ दिलाया गया एवं एक स्वर में 20 मई को वोट करेगा चतरा का लगाया गया नारा। वहीं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुती कर भी मतदाताओं व आमजनों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चतरा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

एनएच-75 फोरलेन के डायवर्सन में धूल उड़ने से हादसा, बाइक सवार दो युवकों की मौत

पलामू : रांची-डालटनगंज मुख्य पथ पर मंगलवार की रात करीब10 .30 बजे लहलहे में बन रहे एनएच-75 फोरलेन के डायवर्सन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य युवक जख्मी है। हालांकि घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को इलाज के लिए डालटनगंज सदर अस्पताल भेजा था, जहां दोनों युवकों की मौत होने की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा करने के बाद पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजन शव घर ले आए। बुधवार को अंतिम संस्कार करा दिए जाने की भी सूचना है। इधर, बताया जाता है कि एनएच-75 पर उड़ रही धूल की वजह से बाइक सवार युवकों को डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। बाइक पर सवार सभी युवक सतबरवा प्रखंड अंतर्गत लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से बारात में शामिल होने जा रहे थे। घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। वही मृत युवक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। एक युवक सतबरवा प्रखंड के धावाडीह पंचायत का तथा दूसरा मृतक युवक सदर थाना क्षेत्र के चियांकी गांव का निवासी है।

निजी अस्पताल में लापरवाही से दो दिन में एक बच्चे और एक महिला की मौत

बोकारो : चास निजी अस्पतालों की लापरवाही प्रतिदिन सामने आ रही है ताजा मामला चास के मुस्कान हॉस्पिटल का सामने आया है। जहां एक बच्चे की मौत अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण हो गई। जानकारी के मुताबिक नावाडीह का प्रखंड के मुंगो गांव का है। जानकारी के मुताबिक एक घर में शादी समारोह चल रहा था और इस दौरान डीजे साउंड के पास बच्चे डांस कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आंधी तूफान आया जिस कारण डीजे का बॉक्स दो बच्ची और एक बच्चे के ऊपर गिर गया ।दो बच्ची को हल्की-फुलकी चोट आई। जबकि 6 वर्षीय शुभम का पैर पूरी तरह से फैक्चर हो गया। मौके पर मौजूद मंत्री बेबी देवी ने अपनी निजी गाड़ी से बच्चे और परिजनों को चास के मुस्कान अस्पताल पहुंचा ।जहां चिकित्सक नहीं होने के कारण बच्चों के फैक्चर पैर को कच्चा प्लास्टर कर ने की बात कहते हुए कहीं बेहतर इलाज करने के लिए ले जाने की बात कही। हालांकि मंत्री ने बच्चों को रखकर सुबह रेफर करने का निर्देश दिया था। लेकिन मंत्री के जाते ही बच्चे को एक इंजेक्शन देकर घर भेज दिया गया। रास्ते में बच्चा बेसुध हो गया और घर जाते-जाते बच्चे की मौत हो गई। जब फिर से परिजन अस्पताल पहुंचे तो बच्चों को गंभीर चोट होने की बात प्रबंधन के द्वारा कही गई । परिजनों का आरोप है कि अगर बच्चे का सही से इलाज किया गया होता तो बच्चे की जान नहीं जाती ।परिजन अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वही अस्पताल के डॉक्टर इरफान ने बताया की आरोप निराधार है। पोस्टमार्टम करा सकते है परिजन और रिपोर्ट में कुछ आता है जो भी परिजन बोलेंगे वो हम करने को तैयार हूं। दुसरा मामला चास के के एम मेमोरियल अस्पताल में बीते रात एक गर्भवती महिला की ईलाज के दौरान मौत हो गई, परिजनों का आरोप कि लक्ष्मी झा को पेट में दर्द होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जो इलाज के दौरान मौत हो गई।

डीपीएस स्कूल के शिक्षक को मिला राष्ट्रीय अवार्ड

स्वदेश संवाददाता

बोकारो : डिजाइनिंग के क्षेत्र में अब तक सैकड़ों बच्चों का भविष्य संवार चुके डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक एवं शहर के जाने-माने पेंटिंग आर्टिस्ट सुनील कुमार को एमएफ हुसैन अवार्ड से नवाजा गया है। भारत सरकार के एमएसएमई से निर्बंधित, महाराष्ट्र सरकार से अधिकृत एवं आईएसओ 9001 : 2015 से प्रमाणित महार्ट कॉन्टेस्ट (स्किल डेवलपमेंट ड्राइंग लिटरेसी मिशन) ने पूरे झारखंड से एकमात्र श्री कुमार को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया है। इसके तहत उन्हें एक वर्ष तक प्रतिमाह 25 हजार, 700 रुपए (कुल 308400 रुपए) की स्पेशल स्कॉलरशिप मिलेगी, साथ ही अलग से 7000 रुपए की नकद पारितोषिक भी प्रदान की जाएगी। महार्ट कॉन्टेस्ट का आयोजन इसी वर्ष जनवरी महीने में किया गया था। सभी मानदंडों पर खरा उतरने के बाद श्री कुमार एमएफ हुसैन अवार्ड के लिए चुने गए। बुधवार को डाक से उनका सम्मान-पत्र व प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र विद्यालय पहुंचा। इस उपलब्धि से अपने विद्यालय, शहर और पूरे राज्य का नाम गौरवान्वित करने वाले शिक्षक सुनील को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने उनका अवार्ड सौंपते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुनील इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय स्तर का सम्मान पाकर अपने विद्यालय और शहर का नाम कला के क्षेत्र में रोशन कर चुके हैं। वर्ष 2015 में झारखंड सरकार की तरफ से राजकीय सम्मान के अलावा दो-दो बार अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में वह स्वर्ण पदक से सम्मानित हो चुके हैं। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, जोधपुर में ऑल इंडिया आर्ट एग्जीबिशन के दौरान मिला सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग अवार्ड आदि उनकी उपलब्धियों में प्रमुखतम हैं। जिस पेंटिंग के लिए उन्हें एमएफ हुसैन अवार्ड हेतु चयनित किया गया है उसमें उन्होंने सामाजिक भावनाओं को सकारात्मक रूप में दशार्या है। लगभग 55 वर्षीय सुनील मॉडर्न आर्ट की नेशनल गैलरी की सर्वोच्च समिति के सदस्य भी हैं। दिल्ली, कोलकाता, पटना, मणिपुर, महाराष्ट्र, भोपाल, राजस्थान, ओडिशा सहित देश के अलग-अलग जगहों में दर्जनों बार उनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोर चुकी हैं। इसी प्रकार, देश के विभिन्न भागों में उन्होंने पेंटिंग कैंप में भी हिस्सा लिया है। वहीं, देश-विदेश में विभिन्न आर्ट गैलरियों में उनकी पेटिंग्स का कलेक्शन लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

रामगढ़ अंचल का स्टाफ 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

रामगढ़ : एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को रामगढ़ अंचल के कर्मी अनिल कुमार महली को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीपी की टीम ने हल्का तीन के कर्मचारी अमित कुमार लोहरा को भी हिरासत में लिया और उनके कार्यालय की तलाशी ली, जहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस बाबत एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरचू गांव निवासी प्रेम शंकर मेहता ने एक शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में की थी। उन्होंने कहा था कि रामगढ़ अंचल अंतर्गत ग्राम बनखेता में 10 डिसमिल जमीन उन्होंने खरीदी है, जिसका दाखिल खारिज हो गया है। वर्ष 2016-17 तक का रसीद कटा हुआ है। उस जमीन को अपने नाम से ऑनलाइन चढ़ाने और ऑनलाइन रसीद निर्गत करने के लिए अंचल कार्यालय में उन्होंने आवेदन दिया था। एसपी ने बताया कि प्रेम शंकर मेहता ने कई बार कार्यालय के चक्कर लगाए लेकिन उनका काम नहीं हुआ। इसके बाद कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने उनसे 25 हजार रिश्वत के तौर पर मांगे। बाद में 10 हजार में यह डील हो गई, जिसका सत्यापन भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पदाधिकारी ने 23 अप्रैल को कराया। इसके बाद भी अंचल कार्यालय के स्टाफ अनिल कुमार महली ने यह कहा कि 10 हजार अभी देना होगा और बाकी पैसे काम होने के बाद देना होगा। बुधवार को जब एसीबी की टीम ने ट्रैप की तो अनिल कुमार महली जो रामगढ़ अंचल में चौकीदार के पद पर कार्यरत है, वह 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। चौकीदार ने यह बयान दिया कि यह रिश्वत राजस्व कर्मचारी अमित कुमार लोहरा से काम करने के लिए गए थे। बयान के आधार पर हल्का तीन के कार्यालय में तलाशी ली गई। यहां से जमीन की डीड, दाखिल खारिज तथा रसीद की छाया प्रति बरामद हुई। इस बिंदु पर अनुसंधान जारी है।

कार्यक्रम | डीएसपीएमयू में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग में सेमिनार का आयोजन

भारत में शैशवावस्था में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : तपन

स्वदेश संवाददाता

रांची : डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के एमसीए और एमएससी आई टी विभाग के तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग विषय पर एक कार्यशाला सह सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने विस्तार से इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरूआत 1950 के दशक में हुई थी। लेकिन इसकी महत्ता को 1970 के दशक में पहचान मिली। उन्होंने इसके शाब्दिक अर्थ को परिभाषित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अर्थ है, कृत्रिम तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता। उन्होंने आगे अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शैशवावस्था में हैं और देश में इसे लेकर कई दिशाओं में प्रयोग किए जा रहे है। भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की रचना की जाएगी जो कि मनुष्यों के मस्तिष्क से अधिक तेज है। आमंत्रित मुख्य वक्ता के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर सुभाष चंद्र यादव ने काफी विस्तार से पावर प्वाइंट और स्लाइड प्रस्तुति के द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग पर संवाद करते हुएअपने विचार रखें। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जनक जॉन मैकार्थी के कथन की चर्चा करते हुए कहा कि यह कंप्यूटर प्रोग्राम को बनाने का विज्ञान और अभियांत्रिकी है अर्थात यह मशीनों द्वारा प्रदर्शित किया गया इंटेलिजेंस है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में विकास को गति देने और लोगो को बेहतर तकनीकी सुविधा देने के लिए इसका अधिकाधिक प्रयोग किया जा सकेगा। इसके पूर्व एमसीए विभाग के पाठ्यक्रम समन्वयक अशोक कुमार आचार्य ने विषय प्रवेश करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर आई एन साहू राहुल देव साव जेपी शर्मा अभय कृष्ण सिंह सहित एमसीए विभाग के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

रक्तदान शिविर का आयोजन 75 श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया

स्वदेश संवाददाता

बोकारो : चास सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से मानव एकता दिवस के अवसर पर बोकारो जिले में स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन सोलागीडीह चास के संत निरंकारी भवन में निरंकारी मिशन के समाज कल्याण विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 75 श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन बोकारो जिला के सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार ने किया एवं कहा कि रक्तदान करने से रक्तदाता में स्वास्थ्य पर किसी भी प्रकार का कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता और बदले में किसी जरूरतमंद को जीवन दान मिलता है ,इसलिए रक्तदान महादान है। इस अवसर पर सत्संग के प्रभारी महात्मा कमलेश चंद्र दास जी ने कहा कि सतगुरु माता जी के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत महात्मा सद्गुरु के वचन की रक्त नालियों में नहीं नाड़ीयों में बहाना चाहिए को सार्थक कर पा रहे हैं। मानव कल्याण हेतु आज भारत के कोने कोने में न केवल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है बल्कि पौधारोपण सफाई अभियान, अचानक आने वाली विपदाओं जैसे भूकंप बाढ़ आदि के अवसर पर भी जरूरतमंद की मंडल द्वारा भरपूर सहायता की जाती रही है। शाखा बोकारो चास के संचालक अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे सेवा दल स्वयंसेवक गुरु के हुकुम से दिन-रात मानवता के कल्याणकारी कार्य में सेवा देते आ रहे हैं और आज भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर उन्होंने हिस्सा लिया एवं विधि व्यवस्था को संभालने में अहम भूमिका निभाई । रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर मोहंती सर एवं उनके टीम के सदस्यों ने इस शिविर में अपना योगदान किया इस अवसर पर सत्संग का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य स्टेज से बी सी महतो ने अपने विचारों में सद्गुरु का धन्यवाद देते हुए कहा कि निरंकारी भक्त सिर्फ गुरु की आज्ञा का पालन कर समाज कल्याण का काम करता है।



संपादकीय | अब किसी भी उम्र में खरीदा जा सकता है स्वास्थ्य बीमा

गंभीर और ऐसी बीमारियों, जिनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है, स्वास्थ्य बीमा लोगों के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित होता है। स्वास्थ्य बीमा शुरू करने का मकसद भी यही था कि लोगों को स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त रखा जा सके। मगर इसमें एक बड़ी अड़चन थी कि पैंसठ वर्ष से अधिक उम्र के लोग स्वास्थ्य बीमा नहीं खरीद सकते थे। आमतौर पर ज्यादातर लोगों को इसी उम्र के बाद स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां घेरती हैं।

मगर स्वास्थ्य बीमा न खरीद पाने के चलते वे निराश हो जाते थे। फिर, कैंसर, हृदय रोग या एड्स जैसी कुछ गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को इसकी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा खरीदने के बाद अड़तालीस महीने तक उसका लाभ नहीं उठाया जा सकता था। अब भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने इन अड़चनों को दूर करते हुए नियम जारी किया है कि पैंसठ वर्ष से अधिक आयु के लोग भी स्वास्थ्य बीमा खरीद सकेंगे। यानी अब किसी भी उम्र में स्वास्थ्य बीमा खरीदा जा सकता है। बीमा कंपनियां अब कैंसर, एड्स और हृदय रोग जैसी बीमारियों की वजह से किसी को बीमा देने से इनकार नहीं कर सकतीं। बीमा खरीदने के छत्तीस महीने बाद उसका लाभ उठाया जा सकेगा।

बीमा क्षेत्र को विस्तार देने और प्रतिस्पर्धी बनाने के मकसद से इस क्षेत्र में निजी बैंकों और विदेशी कंपनियों के लिए सौ फीसद निवेश का रास्ता खोला गया था। फिर बीमा कंपनी बदलने की भी छूट दे दी गई थी। निस्संदेह इससे बीमा कंपनियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ी और लोगों को इसका लाभ मिलना भी शुरू हो गया। मगर स्वास्थ्य बीमा

के मामले में कई तरह की अड़चनें बनी हुई थीं। उम्र और कुछ गंभीर बीमारियां इस रास्ते में बड़ी बाधा थीं। अब उनके हट जाने से निस्संदेह बहुत सारे लोगों के लिए आसानी हो जाएगी।

अब जिस तरह जलवायु परिवर्तन और बदलती स्थितियों के चलते अनेक प्रकार की नई-नई बीमारियां पैदा हो रही हैं और बहुत सारे लोगों के लिए इलाज कराना मुश्किल होता जा रहा है, उसमें बीमा कंपनियों का वृद्धावस्था की ओर बढ़ती आबादी को इस सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं था। दुनिया के अनेक देशों में वृद्धों की सेहत पर विशेष ध्यान दिया जाता है, मगर जिस तरह हमारे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ और उनमें सुविधाओं का अभाव बढ़ता गया है, उसमें बुजुर्ग आबादी की सेहत का ध्यान रखना चुनौती बनता गया है।

ऐसे में स्वास्थ्य बीमा की शर्तों को लचीला बनाने से कुछ बेहतर नतीजे मिल सकते हैं। मगर अब भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को पुख्ता, पारदर्शी और प्रभावशाली बनाने की जरूरत रेखांकित की जाती रहती है। केंद्र सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा उपलब्ध करा रखी है। कुछ लोग कंपनियों आदि की सामूहिक बीमा के अंतर्गत आते हैं।

कुछ लोगों ने निजी स्तर पर स्वास्थ्य बीमा ले रखा है। मगर चूंकि स्वास्थ्य बीमा की सुविधा का लाभ निजी अस्पतालों में ही लिया जाता है, वहां इनके दावे आदि को लेकर कई तरह की अनियमितताओं की शिकायतें मिलती रहती हैं। कोरोना काल के बाद स्वास्थ्य बीमा की वार्षिक किस्तें पचास फीसद से अधिक बढ़ चुकी हैं। इसलिए स्वास्थ्य बीमा नियमों को लचीला बनाने के साथ-साथ इन्हें व्यावहारिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में भी भरोसेमंद कदम उठाने की जरूरत है।

सोशल मीडिया से...

देश में दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण न खत्म होगा न ही उसे धर्म के नाम पर बांटने दिया जाएगा। क्या कांग्रेस ऐलान करेगी कि वे संविधान में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेगी?

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

एक समय था, जब बसों में सफर करने वाले लोग अपनी सीट पर निशानी लगाने के लिए अपना रुमाल छोड़ दिया करते थे, ताकि उस पर कोई न बैठे। राहुल गांधी भी रुमाल से अपनी सीट पर निशान लगाने आएंगे, क्योंकि उनके जीजा जी की नजर इस सीट पर है।

स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

ये चुनाव सिर्फ हमारे प्रत्याशियों को जिताने का चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव हमारे प्रत्याशियों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है और इसीलिए हमें एक मजबूत, स्थिर और निर्णायक सरकार चाहिए।

जेपी नडडा, भाजपा अध्यक्ष

कांग्रेस के महत्वपूर्ण पद पर बैठे एक नेता ने कहा कि इस देश में पहला अधिकार मुस्लिम बंधुओं का है। कांग्रेस के लोग सेना के शौर्य और पराक्रम को नकारते हैं। इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगना चाहिए। ये भाव हमारे भारत में नहीं चल सकता है। इस प्रकार की व्यवस्था की कोई अनुमति नहीं दे सकते।

डॉ. मोहन यादव, सीएम मप्र

आज का कार्टून

दल-बदल विरोधी कानून खत्म हो !

निस्संदेह, दल-बदल रोक कानून मानवीय स्वतंत्रता और गरिमा के विरुद्ध है। यह सांसदों, विधायकों को अनुचित बंधन में रखता है। असहमति की आवाज रोकता है। दल के ऊपरी चालबाजों, हवाबाजों की तानाशाही व बेवकूफियाँ बढ़ाने का औजार बनता है। क्योंकि सांसद उन का हाथ नहीं पकड़ सकते। जबकि कहीं भी असुविधाजनक सच कहने वाला प्रायः अकेला होता है। तानाशाही के विरुद्ध उभरने वाला स्वर भी पहले अकेला ही होता है। अतः अभिव्यक्ति और गतिविधि की स्वतंत्रता हर मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है - मुख्यतः अकेले स्वर का ही अधिकार है! वह किसी सांसद से ही छीन ली जाए, यह घोर विडंबना है! कि देश का प्रतिनिधि, देश की सर्वोच्च विचार-सभा में भी, मन की बात बोलने में डरे। असहमति में कदम उठाने के लिए पहले उसे 'झुंड' बनना पड़े - यह स्वतंत्रता की मूल भावना के विरुद्ध है।

शंकर शरण

दल-बदल रोक कानून मानवीय स्वतंत्रता और गरिमा के विरुद्ध है। यह सांसदों, विधायकों को अनुचित बंधन में रखता है। असहमति की आवाज रोकता है। दल के ऊपरी चालबाजों, हवाबाजों की तानाशाही व बेवकूफियाँ बढ़ाने का औजार बनता है। क्योंकि सांसद उन का हाथ नहीं पकड़ सकते। जबकि कहीं भी असुविधाजनक सच कहने वाला प्रायः अकेला होता है। तानाशाही के विरुद्ध उभरने वाला स्वर भी पहले अकेला ही होता है। अतः अभिव्यक्ति और गतिविधि की स्वतंत्रता हर मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है - मुख्यतः अकेले स्वर का ही अधिकार है! वह किसी सांसद से ही छीन ली जाए, यह घोर विडंबना है!

यूरोप अमेरिका के लोकतंत्रों में दल-बदल विरोधी कानून नहीं है। सांसदों को दल छोड़ने/बदलने का अधिकार है। जो भारत में उन से छीन लिया गया है। इस से अनेक विकृतियाँ पैदा हुई हैं।

मसलन, भाजपा सुप्रीमो बरसों से अनेक ऐसे ऊटपटाँग कर रहे हैं, जिस में उन्हें चार बार सोचना पड़ता यदि सांसदों को वह विचार स्वतंत्रता तथा कार्य अधिकार होता, जो उन्हें संविधान से मिला हुआ था। ब्रिटिश भारत में भी, 1920 से ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने दल में रहने/छोड़ने के लिए स्वतंत्र थे। उन का यह अधिकार छ- दशक तक अबाध रहा, जिस से कभी कोई हानि होने का उदाहरण नहीं है। यही यूरोप अमेरिका का भी अनुभव है।

पर यहाँ वह स्वतंत्रता 1985 में संविधान संशोधन कर खत्म कर दी गई। उस ने पार्टी सुप्रीमो को सांसदों का मालिक बना डाला।उन के लिए सांसदों की राय बेमतलब हो गई। सुप्रीमो कुछ भी करे, उस के सांसद चुप देखने के सिवा कुछ नहीं कर सकते। क्यों कि इन की विचार व कार्य स्वतंत्रता छिन चुकी है! यह बड़ा अनर्थ हुआ है। इसे सिद्धांत और व्यवहार, दोनों में देख सकते हैं।?

यह दलील कि 'सांसद को दल-टिकट मिला था, अतः उसे दल बदलने का हक नहीं' अधूरी बात है। एक तो टिकट मिलता ही है व्यक्ति का मोल आँक कर। पर सर्वोपरि यह कि यहाँ चुनाव प्रणाली और संविधान में भी व्यक्ति मुख्य है, दल कुछ नहीं। कोई दल रातो-रात भंग, या अन्य दल में विलीन हो जाए तब भी उस के सांसद अपना पद नहीं खोएंगे। संसद सदस्यता दलीय अस्तित्व से स्वतंत्र हैसियत रखती है। दल-बदल रोक कानून ने इस बुनियादी संवैधानिक स्थिति पर पर्दा डाल दिया है।

जबकि वह दलील किसी कंपनी-कर्मी पर अधिक सही है। कंपनी ने कर्मी को विदेश भेजा, ट्रेनिंग दी, वेतन-गाड़ी दी, अनुभव दिया, आदि। सो वह कंपनी नहीं छोड़ सकता, और 'कंपनी-बदल' रोका जाए! यह दलील शायद ही किसी को ठीक लगे। पर यह राजनीतिक दलों पर और बेठीक है। दल टिकट के बिना भी कोई चुनावी उम्मीदवार और फिर सांसद विधायक बन सकता है। टिकट निर्जीव चोला भर है। जबकि उम्मीदवार व्यक्ति सजीव शरीर है। अतः दल टिकट को सारा महत्व देकर सांसद के व्यक्तित्व व योग्यता को शून्य बताना गलत दलील है। इसलिए वह कानून गलत है।

भारतीय संविधान में भी यही भाव था। उस में राजनीतिक दल का उल्लेख तक न था। यानी, दल अनगिनत प्रकार के सामाजिक संगठनों जैसे सामान्य थे। लेकिन उस कानून के बाद से पूरी संसदीय प्रक्रिया पर दलों का कब्जा हो गया। यह संविधान का भीतरघात है।



फिर, वह कानून सिद्धांतहीन भी है। उस के अनुसार झुंड में सांसद दल-बदल कर सकते हैं। पर अकेले-दुकेले करना दंडनीय है। मानो अकेले धोखाधड़ी करना अवैध हो, पर गिरोह बनाकर वैध हो !याद रहे, आधुनिक कानून व्यक्ति को उत्तरदाई रखते हैं। यदि दल-बदल अपराध होता, तो झुंड बनाकर करना भी अपराध ही रहता। परन्तु चूँकि दल छोड़ना बदलना अपराध है ही नहीं, इसलिए यह कानून मूलतः निराधार और विचारहीन है।

वस्तुतः कंपनी छोड़ने/बदलने और पार्टी छोड़ने/बदलने में समान मनोभाव है। परिस्थिति अनुसार अपना लाभ, सुविधा, भविष्य, आदि देखकर कोई कभी एक, तो कभी दूसरी, और फिर ठीक लगे तो पुनः पुरानी कंपनी में वापस आता है।? इसे कोई अनुचित नहीं समझता। कंपनी मालिक हाय-तौबा नहीं करते कि कानून बनाकर हमारे कर्मी को दूसरी कंपनी जाने से रोकें ! अपने कर्मी को संतुष्ट रखना कंपनी की जिम्मेदारी है, यह सर्व स्वीकृत है। यही मान्यता यूरोप अमेरिका में राजनीतिक दलों के लिए भी है। वहाँ दलों की प्रतिष्ठा के कारण सांसद साथ बने रहते हैं, न कि जबरिया या भय से। वहाँ दल छोड़ना बदलना किसी सांसद का अधिकार है। इस से वहाँ सांसद लोग इधर-उधर नहीं होते रहते। बल्कि वहीं दलीय व्यवस्था अधिक स्थिर और जिम्मेदार बनी है।

मूल भारतीय संविधान की भी वही मान्यता थी। संसद?/विधान सभा के कार्य में दल का कोई स्थान ही नहीं था। सारी जिम्मेदारी अदद सांसद, अदद सभापति, अदद मंत्री, आदि की रखी गई थी। अर्थात, उत्तरदायित्व का आधार व्यक्ति था। दल और सांसद का संबंध सदन से बाहर का था। यह बुनियादी बात है, और सोचने की है कि उस मान्यता को हटाने से कितनी हानियाँ हुई हैं। संविधान में दिए गए व्यवस्थापिका और कार्यपालिका के पृथक्करण का भी घोल-मट्ठा हो गया है। सदन के अध्यक्ष की जो हस्ती पहले थी, वह लुप्त हो गई है।

यूरोपीय या अमेरिकी लोकतंत्रों में दल-बदल रोक कानून नहीं होने से दलीय नेतृत्व गंभीरता से काम करते हैं। इसे वहाँ यहाँ की तुलना कर देख सकते हैं। वहाँ दल के सुप्रीमो मनमाने नाटक, डींगबाजी, या ऊटपटाँग घोषणाएं नहीं किया करते। न ही जहाँ-तहाँ नेताओं की मनमानी खरीद करते रहते हैं। यहाँ दल-बदल रोक कानून किन्हीं नेताओं ने अपनी सुविधा के लिए रचा था। तब से सत्ताधारी सुप्रीमो अपने सांसद विधायक को गुलाम, और अन्य दलों के विधायकों को शिकार बनाते रहे हैं। उस कानून की फूहड़ता का सब से लज्जास्पद प्रमाण यह है कि सिरमौर कानून-निर्माता ही दलबदल कराते रहते हैं! दूसरा प्रमाण, कि भारत में जब तक वह कानून न था, तब दल-बदल बहुत कम होते थे। दल सुप्रीमो अपने सांसद विधायक के साथ अधिक सम्मानपूर्ण थे। उन में परस्पर सहयोग का मित्र-भाव था, साहब-अर्दली वाला हीन-भाव नहीं। दल से उन की और उन से दल की पहचान-प्रतिष्ठा जुड़ी थी। इसलिए दल-बदल कम होते थे। लेकिन दल-बदल रोक कानून ने समानता का भाव खत्म कर सुप्रीमो को भारी ताकत दे दी। अब वे अपने सांसद विधायक को बंधुआ समझ सकते थे। इसीलिए दल-बदल के हर खतरे/हमले के बाद अपने विधायकों या नये शिकार विधायक झुंड को कैद कर फाइवस्टार 'बाड़े' में बंद रखा जाता है। कैसा शर्मनाक तमाशा - संविधान में सब से बड़े पदधारी, कानून-निर्माताओं, को खुलेआम अपमानित करना कि वे अविश्वसनीय या बिकाऊ माल से अधिक कुछ नहीं !

अतः दल-बदल रोक कानून ने केवल हीन प्रवृत्तियाँ बढ़ाई। सांसद विधायक की गरिमा गिराई। दलीय फिक्सरों की महत्ता बनाई, जो अदृश्य रह कर संसद/विधानसभा की पूरी प्रक्रिया मुट्ठी में रखते हैं। सरकारों की उलट-फेर करते हैं, जब कि इन कृत्यों के लिए खुद जबावदेह नहीं होते। पहले अदद सांसद/विधायक अपने दल, नेता, मतदाता, व मित्रों-सहयोगियों के समक्ष एक स्वाभिमान भाव महसूस करते थे। और आज? सत्ताधारी दलों के विचारवान सांसद, विधायक हाथ-पैर बँधे जीव जैसे लाचार, निर्विकार लगते हैं। यह समझते हुए कि उन के हाथ में कुछ नहीं। अपना बयान भी नहीं ! ऐसे विवश सांसदों, विधायकों की बहुतायत में कोई देश भाग्यहीन ही होगा।

निस्संदेह, दल-बदल रोक कानून मानवीय स्वतंत्रता और गरिमा के विरुद्ध है। यह सांसदों, विधायकों को अनुचित बंधन में रखता है। असहमति की आवाज रोकता है। दल के ऊपरी चालबाजों, हवाबाजों की तानाशाही व बेवकूफियाँ बढ़ाने का औजार बनता है। क्योंकि सांसद उन का हाथ नहीं पकड़ सकते।

जबकि कहीं भी असुविधाजनक सच कहने वाला प्रायः अकेला होता है। तानाशाही के विरुद्ध उभरने वाला स्वर भी पहले अकेला ही होता है। अतः अभिव्यक्ति और गतिविधि की स्वतंत्रता हर मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है - मुख्यतः अकेले स्वर का ही अधिकार है ! वह किसी सांसद से ही छीन ली जाए, यह घोर विडंबना है ! कि देश का प्रतिनिधि, देश की सर्वोच्च विचार-सभा में भी, मन की बात बोलने में डरे। असहमति में कदम उठाने के लिए पहले उसे 'झुंड' बनना पड़े - यह स्वतंत्रता की मूल भावना के विरुद्ध है।

इस से हानि हुई है। पहले यहाँ दलीय गतिविधियाँ और फैसले अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण थे। दलीय सुप्रीमो जिम्मेदारी से कदम उठाते थे। उन्हें अपने सांसदों विधायकों की नजर का ध्यान रखना होता था। जो मनमानियों और मूर्खताओं पर स्वतः-अंकुश था। वे अपने सांसदों को जेब में समझ कर नहीं चल सकते थे। दल-बदल विरोधी कानून ने यह सब बिगाड़ कर रख दिया है। यह देख सकना चाहिए।

आपकी बातें बताती हैं आप का व्यक्तित्व

किसी बच्चे के धरती पर आने के साथ ही उसकी बातों का सिलसिला शुरू हो जाता है। आरंभ में वह संकेतों और शारीरिक भाव-भंगिमाओं के माध्यम से अपनी बात कहता है या अपनी इच्छा-अनिच्छा से लोगों को अवगत कराता है। फिर जैसे-जैसे बड़ा होता जाता है, उसकी समझ और दिमाग में शब्दों के भंडार में बढ़ोतरी होती जाती है और साथ ही वह अपनी अभिव्यक्ति के लिए शब्दगुच्छ का प्रयोग करने लगता है। जैसे-जैसे उसकी समझ और ग्राहय क्षमता में स्पष्टता आती जाती है, उसकी अभिव्यक्ति और भाषा भी स्पष्ट होती जाती है। वास्तव में 'बातें' बस बात भर नहीं होतीं। हर बात के अपने मायने और महत्त्व होते हैं।

संगीता सहाय

व्यक्ति सुबह से लेकर रात के सोने तक अपनी बातों को माध्यम बनाते हुए ही अपने लगभग सभी कामों को अंजाम देता है। संवाद के रूप अलग-अलग हो सकते हैं। कहा जा सकता है कि पूरी दुनिया के तमाम क्रिया-प्रक्रिया के संचालन में संवाद की भूमिका सबसे अहम है। बावजूद इसके लोग अक्सर ये कहते मिल जाते हैं कि 'बातें हैं, बातों का क्या?' एक समय था जब मौखिक बातों का महत्त्व लिखित बातों से ज्यादा होता था।

लोग जुबान से निकली बात को पत्थर की लकीर मानते थे और उसे पूरा करने के लिए मर मिटते थे। किसी विषय को लेकर जुबान देने का मतलब था, किसी भी सूरत में उससे मुकरना नहीं। आज ऐसे लोगों की संख्या कम होती जा रही है। आधुनिकता के नाम पर हमारे चारों तरफ 'कहना कुछ और करना कुछ' जैसे फलसफे पर चलने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। जुबान देने और लेने जैसी बातें चलन से बाहर हो चुकी हैं। किसी भी हाल में 'पहले अपना हित, बाद में कुछ और' जैसी दलीलें इस दौर के स्याह सच बन चुके हैं। संवाद में संवेदनहीनता का घर बनता जा रहा है। एक बात में कई बातों का चस्पां होना भी आम हो चुका है। ऐसे में बातों की गरिमा का कम होना स्वाभाविक ही है। जब 'बात' की बात निकली है, तो महत्त्वपूर्ण यह भी

है कि कुछ बातें अपने अंदाजे-बयां, सलीका और शब्दों की जादूगरी से खास बन जाती हैं और लोगों की जेहन में अमिट भी। जबकि कुछ महज होठों से फिसलकर हवाओं में गुम हो जाती हैं। एक मंचीय कवि और शायर अपनी लयबद्ध बातों से अपने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता है। किसी व्यक्ति को उत्कृष्ट नेतृत्वकर्ता बनाने में उसकी वाकपटुता और बेहतर शब्द सामंजस्य महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी कुशल वक्तृत्व क्षमता की बदौलत वह सहजता से हजारों या लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचा देता है, जबकि एक अकुशल वक्ता को इसके लिए ज्यादा मशक्कत करनी पड़ती है।

किसी बात को बोलने से भी बड़ी बात है, हम क्या, क्यों, कहां और कैसे बोल रहे हैं। हमारे ग्रामीण समाज में एक कहावत प्रचलित है- 'मीठी बातें पान खिलावे, कड़वी बातें जूता', यानी अच्छी बात करने वाला सभी का मान-सम्मान हासिल करता है, जबकि अनावश्यक रूप से तिक्त बात करने वाला अपने तमाम गुणों के बावजूद समाज में समुचित सम्मान नहीं प्राप्त कर पाता।

प्रेमचंद की प्रसिद्ध रचना 'बड़े घर की बेटी' में नायिका आनंदी अपनी समझदारी भरी बातों से अपने परिवार को बिखरने से बचा लेती है, हालांकि एक बोली की वजह से परिवार बिखरने पर उतारू हो जाता है। हमारे आसपास भी ऐसे अनगिनत उदाहरण मिल जाते हैं। बात व्यक्तिगत संबंधों की करें या राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय संबंधों की, हर जगह बातों की जादूगरी का बोलबाला है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में बारंबार बातों की महिमा को दर्शाया गया है। इसने बड़े से बड़े युद्ध को रोका है तो बड़ा से बड़ा युद्ध करवाया भी है।

बातों की महत्ता इससे साबित होती है कि वे सकारात्मक भाव से कही जा रही हैं या नकारात्मक भाव से। संवेदनशील और तथ्यपरक बातें रंजोगम से डूबे लोगों में भी सकारात्मकता की सुवास फैला देती हैं, जबकि नकारात्मक बातें खुशगवार माहौल में भी निराशा भर देती हैं। बातें किसी के दिल से निकली हों, वे राग या विराग होती हैं। इसका असर बोलने और सुनने वाले दोनों पर होता है। कुछ स्वयं गमजदा होकर भी दूसरों के गम को अपने स्नेहिल शब्दों से हर लेते हैं। जबकि कुछ खुशी के वातावरण को भी बोझिल बना देते हैं। कबीर कहते हैं, 'ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, औरन को शीतल करे, आपहूं शीतल होए।'

किसी व्यक्ति की सफलता इन्हीं राहों से होकर गुजरती हैं। व्यक्ति की बातें उसके व्यक्तित्व का आईना होती हैं। पहले धैर्य के साथ सुनना, समझना, मनन करना, फिर बोलना, यह कला जिस व्यक्ति में होती है, वह जीवन की हर बाजी को जीतने की क्षमता रखता है। कोई नौकरीपेशा हो, व्यापारी हो, कलाकार हो या अन्य कार्य करता हो, सभी की सफलता और स्थायित्व के लिए वाकपटुता आवश्यक है।

बातों के संदर्भ में एक आवश्यक बात यह भी है कि व्यक्ति की कथनी और करनी में सामंजस्य आवश्यक है। 'कहना कुछ, करना कुछ' जैसी चीजें पूरे समाज को चोटिल करती हैं। आजीवन वास्तविक साधुत्व को जीते राष्ट्रपिता गांधी के विवेकपूर्ण और ओजस्वी वक्तृत्व क्षमता के आगे शक्तिशाली फिरंगी और तमाम लोग नतमस्तक हो जाते थे, क्योंकि उनके पारदर्शी व्यक्तित्व में कोई दोहरापन नहीं था। जो कहना, वही करना और वैसा ही आचरण करना बापू के जीने का तरीका था। हर दौर में 'बात' का औचित्य भी इसी में है।

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
प्रधान संपादक : मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार *, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार*)

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की बैठक

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में राजकीय औसत से कम मतदान हुए थे वैसे मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए। कम मतदान का कारण पता कर उनकी समस्या को दूर कर उस क्षेत्र में विशेष अभियान या स्वीप गतिविधि चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए ताकि हमारा प्रमंडल राष्ट्रीय औसत मतदान की सीमा को पार कर सकें। उक्त बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले जिलों में चुनाव से संबंधित विधि व्यवस्था को लेकर प्रमंडलीय कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने उपस्थित जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर क्या-क्या तैयारी हो गई है इसकी जानकारी ली। उपस्थित उपायुक्तों ने अपने जिले की तैयारियों की स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें आयुक्त महोदया के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान दल पीठासीन पदाधिकारी एवं पोलिंग अधिकारी की प्रतिनियुक्ति एवं उनके प्रशिक्षण की स्थिति, जिले में वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता की स्थिति, मतदान केन्द्रों पर आवश्यकता की सामग्री (जैसे पानी शौचालय आदि) की स्थिति, सीएपीएफ क्लस्टर में एएमएफ की स्थिति, सभी अंतरराज्य एवं अंतर जिला चेक पोस्ट की स्थिति, दो अथवा अधिक जिला से आच्छादित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी के प्रस्थान एवं रिजर्व या डिफेक्ट ईवीएम के रखरखाव की स्थिति, डिस्पैच, रिसीविंग, काउंटिंग, व व्रजगृह की तैयारी की स्थिति, मतदान केन्द्रों के संवेदनशीलता तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की स्थिति, पीडब्ल्यूडी व 80 प्लस के मतदाताओं के लिए मतदान दिवस के दिन दी जाने वाली सुविधा, जिले में पोस्टल वैलेट के जरिए मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या एवं अन्य का जायजा लिया गया। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए आयुक्त श्रीमती किस्पोट्टा ने उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदानकर्मियों और मतदाताओं के लिए पानी संग अन्य जरूरी सामग्रियों की पुख्ता व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा मतदाता और मतदान को प्रभावित करने वाली प्रतिकूल गर्मी से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए रणनीति आवश्यक रूप से तैयार करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह एवं कोडरमा, उप विकास आयुक्त धनबाद एवं चतरा, उप निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग एवं रामगढ़, आयुक्त के सचिव एवं एनएलएमटी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी पदमा उपस्थित रहे।

नल जल योजना में बरती जा रही भारी अनियमितता

श्याम किशोर पांडेय

हल्की सी आंधी तूफान से उड़ रहा है सोलर प्लेट

बरकट्ठा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर, नल जल योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। प्रखंड के सलैया, बेलकप्पी, शिलाडीह आदि गांवों में इन दिनों योजना के तहत निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में पाइप व नल निम्न गुणवता वाले लगाए जा रहे हैं। कई जगहों पर नल टूट गई है तो कई जगहों पर स्ट्रक्चर में दरार आ गई है। सलैया, कलहाबाद, गायपहाड़ी समेत कई पंचायतों में बिना बोरिंग किए तो कहीं बोरिंग करने पर बिना पानी निकले जलमिनार खड़ी कर दी गई है। इस संबध में जल सहिया ने रिपोर्ट भी तैयार की है। वहीं इस भीषण गर्मी में पानी नहीं निकलने से ग्रामीणों में काफी रोष है। हल्की सी आंधी तूफान से बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत ग्राम बड़ासिंगा स्थित किशोर मोदी घर के सामने लगे जलमीनार में सोलर पलेट गिर गया। सोलर प्लेट गिरने से घर के एस्बेसटस शीट क्षतिग्रस्त हो गया। किशोर मोदी ने बताया कि संवेदक द्वारा घटिया सामग्री की उपयोग करने से हमारे घर का शीट क्षतिग्रस्त हो जाने से करीब 10हजार का नुकसान हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वहां कोई भी व्यक्ति रहता तो एक बड़ी हादसा हो जाती। उन्होंने विभाग से जल्द जलमिनार को चालू और नुकसान की भरपाई की मांग की है। विदित हो की दो तीन दिन पूर्व शिलाडीह में हल्की आंधी तूफान से सोलर प्लेट गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया था और इंद्र ठाकुर का घर का सीट टूट गया था। संवेदक द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकार की राशि बंदर बाट की जा रही है। अब लोगों का इंतजार रहेगा इस भीषण गर्मी में पानी कब मिलेगी। इस संबध में एई निखिल कुमार से संपर्क करने की परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

झापा हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार ने किया चुनावी जनसंपर्क

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में झारखंड पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने बुधवार को सदर एवं प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से जनसमर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी झारखंड पार्टी ने मुझे हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर अपना उम्मीदवार बनाया है। ताकि क्षेत्रीय विकास को धरातल पर उतारा जा सके। कहा कि क्षेत्रीय पार्टी ही स्थानीय जनसमस्याओं से रुबरु होती है और स्थानीय जन समस्याओं का निदान कर सकती है हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगार युवा डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं और रोजगार का कहीं पता नहीं है। ना ही केंद्र सरकार और ना ही राज्य सरकार युवाओं के प्रति रोजगार को लेकर गंभीर है बल्कि नौकरियां छीनने का काम कर रही है। जिसको लेगातार पलायन की समस्या बढ़ती जा रही है स्थानीय सांसद और विधायक ने भी रोजगार को लेकर किसी भी प्रकार की पहल नहीं की बल्कि देखा जाए तो हजारीबाग के कोयला क्षेत्र में भी जहां रोजगार के अवसर है वहां पर बाहरी लोगों को ही रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। आपका आशीर्वाद और जन समर्थन से अगर मैं सदन में पहुंचता हूं तो निश्चित तौर पर रोजगार की समस्या को प्राथमिकता के तौर पर लेते हुए स्थानीय तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने का काम करूंगा इस मौके पर ग्रामीणों ने संकल्पित होकर उन्हें भारी बहुमत से जीताने की बात कही। चुनावी जनसंपर्क के दौरान राजकुमार कुशवाहा ने ग्रामीणों की जनसमस्याओं से रूबरू होकर हर संभव उनके निदान का भरोसा जताया।

प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड के 25 गांवों में किया जनसंपर्क, मांगा समर्थन

स्वदेश संवाददाता

बड़कागांव। हजारीबाग लोकसभा से एनडीए से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड के 25 गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगा। जनसंपर्क का शुभारंभ बड़कागांव मुख्य चौक से ढोल नगाड़े के साथ मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत के साथ किया गया । मनीष जायसवाल ने लोगों से 20 मई को कमल फूल छाप में मतदान कर भाजपा को जिताने का अपील किया। जनसंपर्क में भाजपा और आजसू कार्यकताओं ने मनीष जायसवाल को गाजे- बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर मनीष जायसवाल ने कहा की 62 साल तक कांग्रेस ने देश को सिर्फ़ ठगने का काम किया और पीएम मोदी के पिछले 10 साल के कार्यकाल में देश में अभूतपूर्व विकास हुआ है और उनके ऐतिहासिक निर्णयों के जरिए जहां हमारा राष्ट्र सशक्त और समृद्ध हुआ । पीएम मोदी के नेतृत्व में ही कश्मीर से धारा 370 हटा, सदियों बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना, मुस्लिम बहनों को तीन तल्लाक से मुक्ति मिली। इसके अलावा देश के लिए मोदी सरकार ने अनेकों कार्य किए हैं जिस देश हमेशा याद रखेगा।भाजपा को कमल फूल छाप पर वोट दें और मुझे अपना सांसद चुनकर सेवा का अवसर प्रदान करें और एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार बने।

पूर्व विधायक लोकनाथ महतोने कहा कि बड़कागांव का बेटा मनीष जायसवाल का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी का प्रत्याशी होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। भारी मतों से जीताकर मनीष जायसवाल को अपना सांसद चुने और क्षेत्र के विकास के साथ अपने उत्थान का राह प्रशस्त करें। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा की बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या विस्थापन की समस्या है। मनीष जायसवाल भी इसी धरती के विस्थापित परिवार से ताल्लुक रखते हैं और विस्थापन के दर्द को बखूबी समझते हैं। मनीष जायसवाल को सांसद चुनकर दिल्ली भेजें निश्चित रूप से विस्थापन के मुद्दे को संसद भवन में पुरजोर तरीके से उठाएंगे।मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी रोशन लाल चौधरी, रामगढ़ जिला आजसू अध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला मिडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद, आजसू प्रदेश सचिव कौलेश्वर गंझु, सत्येंद्र सिंह , बड़कागांव पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, भाजपा नेता सह मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ महतो, पंसस कृष्णा राम, सुमन गिरी, भवानी प्रसाद, श्रीकांत निराला, बेचन साव, नागेश्वर तुरी, गिरेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, अशोक महतो, अशोक साव, मेवालाल नाग, नरसिंग प्रसाद, इंद्रभूषण, बढ़न तुरी, ज्ञानचंद महतो, हीरालाल साव, रंजन चौधरी के अलावा अन्य उपस्थित थे।

श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए : मुन्ना सिंह

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। कट्कमदाग प्रखंड के कदमा गांव में कदमा देवी मण्डप पूजा समिति द्वारा श्री श्री 108 हनुमत प्रान्त प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आकर कलश यात्रा में भाग लिया। वहीं सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया। इस कार्यक्रम में शहर के जाने माने समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री मुन्ना सिंह ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। श्री सिंह ने कहा कि गांववासियों के आपसी सहयोग व समन्वय से इतना सुंदर मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन आज होने जा रहा है, जिससे वे काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक श्रद्धा का विकास होता है बल्कि आस-पास के इलाको कि आर्थिक गतिविधियों भी वृद्धि नजर आती है। आगे उन्होंने ग्रामवासियों को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकामनायें दी तथा कदमा देवी मण्डप पूजा समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित उदयनाथ सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, सुरेश सिंह, सत्यपाल सिंह, विनय सिंह, नवीन सिन्हा, सहदेव सिंह, शंकर राणा, दिलीप साहू, प्रकाश साहू, मनोज सिन्हा, ऋषिकेश सिंह, रोहित कुमार सिंह, विनीत सिंह निप्पू सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

युवा अधिवक्ता का निधन, शोक

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। बार एसोसिएशन हजारीबाग के युवा अधिवक्ता विवियन नितिन शॉ का आकस्मिक निधन बुधवार हो गया। वे 15 अप्रैल को धनबाद में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे जिसके बाद उनका इलाज दुर्गापुर के एक अस्पताल में चल रहा था। इसी अस्पताल में आज उन्होंने अंतिम सांसें ली ।उनके निधन की खबर सुनकर पूरा बार एसोसिएशन में शोक की लहर दौड़ गई। 25.04.2024 को सुबह 7.30 बजे लाइब्रेरी हॉल में शोक सभा का आयोजन किया जाएगा और स्व शॉ की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाएगी एवम न्यायिक कार्य से सभी अधिवक्ता अपने आप को अलग रखेंगे। उक्त आशय की जानकारी संयुक्त सचिव पुस्तकालय सह मीडिया प्रभारी कुणाल कुमार ने दी।

लोस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जनसंपर्क अभियान तेज

स्वदेश संवाददाता

दारू (हजारीबाग)। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को उन्होंने दारू प्रखंड के जिनगा, रामदेव खरिका, दिग्वार, दारू इत्यादि पंचायतो के कई गांवो में जनसंपर्क का दौरा किया। इस दौरान गठबंधन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने श्री पटेल को विभिन्न जगहों पर फूल माला पहनाकर उसका स्वागत किया। श्री पटेल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए अपने संबोधन में कहा कि देश की जनता भाजपा को कुशल शासन चलाने को लेकर पिछले 10 वर्षों से लगातार मौका दे रही है परंतु उसने बहुमत के आड़ में देश के संविधान को छेड़छाड़ कर रहे हैं, आरक्षण समाप्त कर रहे हैं, रोजगार का सृजन नहीं कर पा रहें है इसलिए अब जनता बदलाव चाह रही है। अंत में उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी की बहकावे में जाकर वोट ना करें। मौके पर मुन्ना सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उपाध्यक्ष कैलाशपति देव,मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र यादव, पूर्व जिला परिषद देव कुमार राज, जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी, सहदेव यादव, विशुत्री सदस्य मोहम्मद अयानुल कई ग्रामीण मौजुद रहे।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षार्थी मैट्रिक परीक्षा में सफल

स्वदेश संवाददाता

सुबन्ति हेंब्रम ने 424 अंक लाकर रही स्कूल टॉपर

बड़कागांव। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के 100% परीक्षार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में सफलता हासिल की है। जिसमें मैट्रिक में कुल 73 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी,जिसमें प्रथम श्रेणी से 44 एवं द्वितीय स्थान से 29 छात्रा उत्तीर्ण हुए। वही सुबन्ति हेंब्रम ने 424 अंक लाकर स्कूल टॉपर रही।वहीं द्वितीय टॉपर मीना कुमारी 399 अंक, तथा तीसरा टॉपर सिमा कुमारी एंव अंजली कुमारी ने 384 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा हिरन कुमारी 369 अंक, रौशनी कुमारी 367 अंक, अंकिता भारती 362 अंक, अंजली हसदा 358 अंक,प्रमिला कुमारी 356 अंक, रीमा कुमारी 354 अंक, सोनिया कुमारी 35 अंक आए सभी उत्तीर्ण छात्राओं को विद्यालय की वार्डन लीलावती कुमारी, निशि रानी, किरण कुमारी, सीताराम महतो, अजय पटेल, संगीता कुमारी, प्रमोद कुमार, रूबी कुमारी, चिंतामणि महतो, विनीता कुमारी के अलावा अन्य लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।

सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के 5 पंचायतों के 24 गांवों में किया जनसंपर्क

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के लोकप्रिय सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत प्रखण्ड दारू ग्राम पंचायत जिनगा, रामदेव खरिका, दिगवार, दारु, इरगा, महेशरा मे जनसंपर्क किया। ग्रामीणों ने भरपूर समर्थन देने का वादा किया। इस अभियान में जय प्रकाश भाई पटेल ने गांव के विकास, किसानों की समस्याओं को हल करने और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए अपनी योजनाएँ साझा की। ग्रामीणों ने उनके विचारों का समर्थन करते हुए एकजुट होने का दिखाया विश्वास। इस प्रक्रिया के माध्यम से, जय प्रकाश भाई पटेल ने ग्रामीण समुदाय के साथ गहरा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं और जरूरतों को सुनने का संकेत दिया। जय प्रकाश भाई पटेल ने अपने भविष्य के कार्यक्षेत्र के बारे में ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी आवश्यकताओं का समर्थन किया। ग्रामीणों ने भाई पटेल की इस भ्रूणही नीति का समर्थन करते हुए उन्हें बहुमत से चुनाव जीतने का वादा किया। जय प्रकाश भाई पटेल ने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जैसे कि कृषि विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार के अवसरों का सुनिश्चित करना। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया। हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र में गठबंधन कांग्रेस पार्टी ने अपनी मजबूती बढ़ाने के लिए चुनावी प्रचार में मेहनत की है। जय प्रकाश भाई पटेल के अभियान से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला और वे उनकी नेतृत्व में चुनाव में भाग लेने के लिए तैयार हैं। इस तरह से जय प्रकाश भाई पटेल ने ग्रामीण समुदाय के साथ संपर्क स्थापित करने के माध्यम से अपने विचारों और योजनाओं को साझा किया है और उनकी उम्मीद है कि वे लोकसभा में ग्रामीण समुदाय की आवाज बनकर रहेंगे।

बृन्दावन में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारम्भ

स्वदेश संवाददाता

चौपारण। करमा पंचायत के बृन्दावन लपसिया में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री 1008 रुद्र महायज्ञ वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ हुवा। कलश यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालुओं के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सम्मिलित हुए। कलश यात्रा बृन्दावन शिव मन्दिर से निकलकर फुलांग नदी पहुंचा। यज्ञ आचार्य दिवाकर पांडेय ने मंत्रोचारण के साथ जल भरनी का कार्य सम्पन्न करवाया। आयोजको ने बताया कि मथुरा वृंदावन से आये विशेष कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। श्रद्धालुओ को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ आयोजन से आसपास के इलाके का शुद्धिकरण होता है। क्षेत्र में सुख शान्ती व समृद्धि बना रहता है। पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ महाराज की कृपा समस्त बृन्दावन व लपसिया के ग्रामीणों पर बनी रहे। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि बृन्दावन व लपसिया में भक्ति माहौल है। कलश यात्रा में अनिल दांगी, सतेंद्र दांगी,आशीष प्रसाद, बसंत प्रसाद, सुग्रीव प्रसाद, सुगदेव प्रसाद, शंकर दांगी, बीरेंद्र सर, निर्मल प्रसाद, हिरामन दांगी, संदीप कुमार, प्रकाश प्रसाद, सतीश कुमार दांगी, कैलाश प्रसाद, नीरज दांगी, सुधीर दांगी ,सुनील प्रसाद, बिनोद दांगी सहित अन्य शामिल थे।

कृषक मित्र के साथ बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

स्वदेश संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड मुख्यालय में वीडियो रोसमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में कृषक मित्रों के साथ चुनाव जागरूकता को लेकर एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें निष्पक्ष एवं प्रलोभन मुक्त चुनाव के संचालन में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाना तथा चुनाव में अधिक से अधिक वोटर को भाग लेने से संबंधित विचार विमर्श किया गया। वही कृषक मित्रों को शपथ भी दिलाया गया।मौके पर पंचायत सेवक कैलाश कुमार, रवि रंजन,टुकलाल नायक,उतीम महतो, गोपाल प्रसाद के अलावे कई कृषक मित्र उपस्थित थे।

हजारीबाग को जेपी पटेल जैसे ईमानदार कर्मठ व जनता की सेवा करने वाले नेता की जरूरत : मुन्ना सिंह

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दारु प्रखंड के विभिन्न पंचायतों व गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हजारों ग्रामीणों से मिलकर शहर से लेकर गांव के सुदूरवर्ती इलाकों तक कैसे चौमुखी विकास हो इस पर चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस नेता श्री सिंह ने दारू प्रखंड के ग्रामवासियों को कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र से अवगत कराया। श्री सिंह ने कहा कि हमारे लोकसभा प्रत्याशी श्री जेपीभाई पटेल जी बहुत ही ईमानदार व कर्मठ नेता है, वे पिछले पन्द्रह सालों से विधायक के रूप में अपने अच्छे कार्यों की वजह से जनता के बीच में काफी लोकप्रिय हैं इसीलिये वे हजारीबाग लोक सभा के सांसद बन कर निश्चय ही कई अच्छे कार्य करेंगे। श्री सिंह ने इस चुनावी पदयात्रा में अपना विश्वास दिखा कर आये हुए हजारों की संख्या में लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया। इस दौरान हजारीबाग कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता गण के साथ साथ विनोद कुशवाहा राजद के जिला अध्यक्ष चरका यादव, रेणु देवी, रंजीत यादव , बबलू सिंह, दिनेश यादव सुजित सिंह, चानो मुखिया पप्पू यादव, रविन्द्र कुशवाहा, ईरगा पंचायत मुखिया अनिता देवी, राजेन्द्र ठाकुर, विरेन्द्र यादव, विनय यादव, महावीर यादव, अमन कुमार, मोहन राम , पिन्टु कुमार, वाकिल, मिस्टर, रिंकू, सचिन, योगेन्द्र सिंह, कृष्ण यादव, अभय यादव, राजन यादव, मोहम्मद सद्दाम, हारून ऋषि, नज़रुल्लाह खान, ईश्वर दयाल पासवान, अशोक पासवान, रामचंद्र ठाकुर, राजेन्द्र पासवान, उर्मिला देवी, सुमित्रा देवी , शीला राणा, संजूदेवी, माया राणा, रजनी देवी, पुष्पा देवी, लीला देवी, रश्मि देवी, अंजू देवी ममता देवी, आरती देवी प्रमोद राम मुखिया, राजकुमार सहित अन्य मौजूद थे।

कांग्रेस ने 62 सालों तक ठगा, मोदी सरकार में पिछले 10 सालों में अभूतपूर्व विकास हुआ : मनीष जायसवाल

स्वदेश संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब आप मतदान करने बूथ पर जाएं तो कांग्रेस के करीब 62 साल के शासनकाल को जरूर याद करें। जब कांग्रेस ने वादा करके देश और देशवासियों को सिर्फ़ ठगने का काम किया और पीएम मोदी के पिछले 10 साल के कार्यकाल में हुए देश के अभूतपूर्व विकास और ऐतिहासिक निर्णयों के जरिए जहां हमारा राष्ट्र सशक्त और समृद्ध हुआ वहीं देशवासी स्वाभिमान के साथ जी रहें हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में ही कश्मीर से धारा 370 हटा, सदियों बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना, मुस्लिम बहनों को तीन तल्लाक से मुक्ति मिली, सामाजिक न्याय के तहत आर्थिक रूप से पिछले वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण मिला, इंडिया गेट पर राष्ट्रीय युद्ध मेमोरियल का निर्माण हुआ, आयुष्मान भारत योजना से लाखों जरूरतमंद और गरीबों का मुफ़्त इलाज हुआ, व्यापारियों को राहत मिली, किसानों को लाभ मिला, महिला सम्मान में अभूतपूर्व कार्य हुआ, युवा खिलाड़ियों को सम्मान मिला और अब विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए भाजपा को कमल फूल छाप पर वोट दें और मुझे अपना सांसद चुनकर सेवा का अवसर प्रदान करें ।

सेवा और विकास का प्रतीक है मनीष, इन्हें ही सांसद चुने : लोकनाथ महतो

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जन सेवा और क्षेत्र में विकास का प्रतीक बनकर हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से उभरे बड़कागांव का बेटा मनीष जायसवाल का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी का प्रत्याशी होना हम सभी के लिए बेहद गर्व की बात है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा की भारी मतों से जीताकर मनीष जायसवाल को अपना सांसद चुने और क्षेत्र के विकास के साथ अपने उत्थान का राह प्रशस्त करें ।

संक्षिप्त समाचार

गाजा में इजरायली सेना का नया कांड खुला! अस्पताल में खुदाई से निकली 200 लाशें

गाजा, एजेंसी। इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू हुए 200 दिन से ज्यादा का वक्त हो गया है। गाजा शहर इजरायली सेना के कत्लेआम ने अमेरिका को भी भड़का रखा है। उसने उसकी एक बटालियन पर प्रतिबंधों की घोषणा की है। इस बीच गाजा में आईडीएफ का नया कांड सामने आया है। हमास अधिकारियों का आरोप है कि खान यूनिस अस्पताल में खुदाई के दौरान 200 से अधिक लाशें मिली हैं। हमास ने इजरायल पर अस्पताल को सामूहिक कब्रगाह बनाने का आरोप लगाया है। शवों की बर्बरता पर संयुक्त राष्ट्र भी भड़क गया है। उसका कहना है कि शवों में कुछ के हाथ बंधे हुए थे और कुछ के तन में कपड़े भी नहीं थे। हमास के अधिकारियों ने दावा किया कि सैकड़ों निर्दोषों को इजरायली बलों ने मारकर अस्पताल में दफना दिया। हमास ने यहां सामूहिक कब्र होने का दावा किया है। हालांकि इजरायली सेना ने हमास के आरोपों को निराधार बताया और इस दावे को झूठा बताया है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, क्षेत्र में इजरायली बलों और हमास आतंकियों के बीच लड़ाई के बीच फिलिस्तीनियों ने खुद पहले भी शवों को उस स्थान पर दफनाया था। इज़राइल रक्षा बलों ने हमास के आरोप को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। आईडीएफ के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि इजरायली बंधकों की तलाश कर रहे हमारे बलों ने नासिर अस्पताल के पास फिलिस्तीनियों द्वारा पहले दफनाए गए शवों की जांच की थी और जांच के बाद शवों को वहीं रख दिया था, जहां उन्हें दफनाया गया था। उधर, संयुक्त राष्ट्र अधिकार कार्यालय ने दावा किया है कि अस्पताल में खुदाई के दौरान बरामद कुछ शवों के हाथ बंधे हुए थे और कुछ के कपड़े उतारे हुए थे। आईडीएफ ने मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हाल के महीनों में नासिर अस्पताल के क्षेत्र में अपने ऑपरेशन के दौरान, उसके सैनिकों ने इजरायली बंधकों का पता लगाने के लिए अस्पताल के मैदान में फिलिस्तीनियों द्वारा दफनाई गई लाशों की जांच की थी।

किंग चार्ल्स ने ब्रिटिश भारतीय चिकित्सक को किया सम्मानित

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को शीर्ष शाही सम्मानों के एक सेट का अनावरण किया। इसमें भारतीय मूल के ब्रिटिश चिकित्सक लॉर्ड अजय कुमार कक्कड़ और संगीतकार एंड्रयू लॉयड वेबर को उनके नए 'नाइट कम्पेनियन ऑफ द मोस्ट नोबल ऑर्डर ऑफ द गार्टर' के रूप में पदोन्नत किया गया। कक्कड़ थ्रोम्बोसिस रिसर्च इंस्टीट्यूट, किंग्स हेल्थ पार्टनर्स और द किंग्स फंड के अध्यक्ष हैं। द किंग्स फंड धर्मार्थ स्वास्थ्य संगठन है। साल 2022 में रानी एलिजाबेथ द्वितीय ने कक्कड़ को नाइट कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑप द ब्रिटिश एम्पायर नियुक्त किया था।

सेना ने हिंसक झड़प में 12 मुस्लिम विद्रोही मार गिराए

मनीला, एजेंसी। दक्षिण फिलीपीन में एक हिंसक झड़प में सैनिकों ने मुस्लिम विद्रोही गुट के कमांडर और उसके 11 सदस्यों को मार गिराया। गुट पर पहले भी बम धमाके व उगाही करने के आरोप हैं। मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के एक अंदरूनी इलाके में 'बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स' के संदिग्ध सदस्यों के साथ एक घंटे की झड़प में सात सैनिक भी घायल हुए हैं। ब्रिगेडियर जनरल जोस व्लादिमीर कगारा ने बताया, विद्रोही गुट का एक प्रमुख कमांडर, उसका भाई और 10 अन्य संदिग्ध विद्रोही मुठभेड़ में मारे गए।

भारतीय दूत हरीश जैन ने यूक्रेन के उप विदेश मंत्री एंड्री साइबिहा से मुलाकात की

कीव, एजेंसी। यूक्रेन में भारतीय राजदूत हरीश जैन ने मंगलवार को यूक्रेन के नव नियुक्त उप विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा के साथ बैठक की। जैन ने विदेश कार्यालय में उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। इस दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-यूक्रेन के द्विपक्षीय संबंधों पर बात की। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए मुलाकात और बैठक की जानकारी दी।

उड़ान भरने के बाद बर्फ से जमी नदी में गिरा ईंधन ले जा रहा विमान, लगी आग, सवार दो लोगों की मौत

अलास्का, एजेंसी। अलास्का के फेयरबैंक्स में उड़ान भरने के बाद एक विमान जमी हुई नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एबीसी न्यूज ने राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के हवाले से बताया कि विमान में दो लोग सवार थे। मंगलवार को डगलस सी-54 विमान जो कि ईंधन लेकर जा रहा था, वह अलास्का के फेयरबैंक्स में उड़ान भरने के बाद एक जमी हुई नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 91 ईंधन परिवहन विमान जो कि अलास्का एयर फ्यूल संचालित करता है, वह सुबह लगभग 10 बजे तनाना नदी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने फेयरबैंक्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। अलास्का सार्वजनिक सुरक्षा विमान के अनुसार विमान नदी के किनारे एक खाड़ी में विमान फिसल गया, उसमें यहां आग लग गई। विमान में सवार कोई भी जीवित नहीं बचा। हालांकि एनटीएसबी ने कुछ एजेंट घटनास्थल पर भेजे हैं, जो कि मामले की जांच कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री सुनक के प्रयास लाए रंग, ब्रिटिश संसद ने रवांडा निर्वासन विधेयक को दी मंजूरी

लंदन, एजेंसी। कुछ प्रवासियों को रवांडा निर्वासित करने के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रयासों को अंततः सोमवार देर रात संसद की मंजूरी मिल गई। इससे कुछ घंटे पहले ही सुनक ने विश्वास जताया था कि जुलाई में रवांडा के प्रवासियों को ले जाने वाली निर्वासन उड़ान शुरू होंगी। सुनक ने मंगलवार को अपनी सरकार के उक्त विवादास्पद 'रवांडा सुरक्षा विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने का स्वागत किया और संकल्प जताया कि अवैध प्रवासियों को उड़ानों से अफ्रीकी देश निर्वासित करने के रास्ते में कोई अड़चन नहीं आएगी। उन्होंने विधेयक को ऐतिहासिक करार दिया और इसे वैश्विक पलायन को संभालने में बुनियादी बदलाव लाने वाला बताया।

उन्होंने एक बयान में कहा, ''इस ऐतिहासिक विधेयक का पारित होना न केवल एक कदम आगे बढ़ाना है बल्कि विस्थापन पर वैश्विक समीकरण में मूलभूत बदलाव करने वाला है। संसद में इस विधेयक को लेकर करीब दो महीने से गतिरोध बना हुआ था। लेकिन सोमवार आधी रात के बाद अंततः गतिरोध समाप्त हुआ और 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स ने 'हाउस ऑफ कॉमन्स की सर्वोचता को स्वीकार किया और अपने प्रस्तावित संशोधनों को वापस लेकर विधेयक के कानून बनने का रास्ता साफ कर दिया। इससे पहले सुनक ने सोमवार सुबह एक विशेष संवाददाता

सम्मेलन में कहा था कि 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स को छोटी नौकाओं में प्रवासियों के इंग्लिश चैनल पार करने की व्यवस्था को समाप्त करने के संबंध में उनके प्रमुख प्रस्तावों में आड़े आना बंद कर देना चाहिए।

उन्होंने कहा था कि जब तक इस विधेयक को स्वीकृति नहीं मिल जाती, तब तक संसद सत्र जारी रहेगा। विधेयक पर गतिरोध से उस योजना के कार्यान्वयन में नई बाधा पैदा हो गई थी जिसे कई अदालती फैसलों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण लगातार अवरोधों का सामना करना पड़ रहा है। इन लोगों का कहना है कि यह कानून अवैध और अमानवीय है। प्रवासियों के पक्षधरों ने इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प जताया है। सुनक ने लंदन में सोमवार सुबह संवाददाताओं से कहा था, ''हमारे विरोधियों ने लगभग दो साल से उड़ानों को अवरुद्ध करने और नौकाओं के प्रवेश के लिए हर तरीके का इस्तेमाल किया है। लेकिन अब बहुत हुआ।

सरकार उन कुछ लोगों को रवांडा निर्वासित करने की योजना बना रही है जो अवैध रूप से ब्रिटेन में प्रवेश करते हैं ताकि उन प्रवासियों को रोका जा सके जो नावों में यात्रा कर इस उम्मीद में अपनी जान जोखिम में डालते हैं कि ब्रिटेन पहुंचने के बाद वे शरण का दावा कर पाएंगे। क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर टिम बेल ने कहा कि विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने के बावजूद अदालतों में चुनौतियों से निर्वासन उड़ानों में देरी हो सकती है। सुनक ने निर्वासन उड़ानों के लिए अपने राजनीतिक भविष्य को दांव पर लगा दिया है और इस साल के अंत में होने वाले चुनाव से पहले मतदाताओं को अपने संदेश में 'नावों को रोकने के संकल्प को प्रमुखता से रखा है। जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव से पहले सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी विपक्षी लेबर पार्टी से बहुत पीछे है।

रूसी उप रक्षा मंत्री को रिश्वत के आरोप में हिरासत में लिया गया

मॉस्को, एजेंसी। रूसी जांच समिति ने बताया कि रूस के उप रक्षा मंत्री तिमूर इवानोव को बड़े पैमाने पर रिश्वत लेने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। रूसी जांच समिति ने टेलीग्राम पर

कहा, रूसी संघ के उप रक्षा मंत्री तिमूर इवानोव को आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 290 के भाग 6 (रिश्वत लेने) के तहत अपराध करने के संदेह में हिरासत में लिया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मामले में अधिक जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, मामले में जरूरी जांच कार्रवाई की जा रही है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि इवानोव की हिरासत के बारे में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सूचित कर दिया गया है। समाचार एजेंसी तास (टीएएसएस) के अनुसार, इवानोव को मई 2016 में उप रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। इस पद पर वह सशस्त्र बलों के लिए संपत्ति प्रबंधन, सेना की तैनाती, आवास और चिकित्सा सहायता के आयोजन के साथ-साथ राज्य रक्षा आदेश के तहत खरीद की देखरेख के प्रभारी थे।

मंत्री मोहम्मद औरंगजेब का दावा, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मजबूत विकास की दिशा में बढ़ रही है

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के संघीय वित्त एवं राजस्व मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने

मंगलवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने मजबूत आर्थिक विकास और समेकित सामाजिक विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, औरंगजेब ने यहां एक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश और विदेश में ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद पाकिस्तान ने समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए उपाय किए हैं, जो अर्थव्यवस्था के लिए आशावादी दृष्टिकोण का संकेत है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि देखी गई है और पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। सकारात्मक भावनाएं बाजार के विश्वास को बहाल करने में मदद कर रही हैं। इसके अलावा, औरंगजेब ने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीतियां पेश की जा रही हैं और देश इस संबंध में अन्य देशों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, देश में कृषि क्षेत्र में बंपर पैदावार के साथ उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे औद्योगिक क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि सरकार कर, ऊर्जा क्षेत्र के मंचों और राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों में सुधार सहित प्रमुख क्षेत्रों के परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित कर रही है, उन्होंने कहा कि उच्च विकास के लिए कर आधार को बढ़ाया जा रहा है।

चीन ने मालदीव के संसदीय चुनाव में शानदार जीत के लिए मुइज्जू को दी बधाई

बीजिंग, एजेंसी। चीन ने मालदीव के संसदीय चुनाव में प्रंचड बहुमत हासिल करने वाली राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) को सोमवार को बधाई दी और दोनों देशों के बीच व्यापक सामरिक सहयोग साझेदारी को प्रगाढ़ बनाने की इच्छा जताई। मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीएनसी ने रविवार को हुए चुनाव में 93 में से 68 सीट पर जीत हासिल की जबकि उसके गठबंधन सहयोगियों मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) ने एक और मालदीव डेवलपमेंट अलायंस (एमडीए) ने दो सीट जीतीं। इस तरह पीएनसी और उसके सहयोगी दलों को संसद में दो तिहाई से अधिक बहुमत हासिल हुआ है और संविधान में संशोधन का अधिकार मिल गया है।

भारत समर्थक नेता के तौर पर देखे जाने वाले पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) को केवल 15 सीट पर जीत मिली है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में पीएनसी की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन सफल संसदीय चुनाव के लिए मालदीव को बधाई देता है और लोगों की पसंद का सम्मान करता है।

चीन के लिए जासूसी कर रहा था धुर दक्षिणपंथी नेता का सहयोगी, गिरफ्तारी के बाद भड़क गया ड्रैगन

बीजिंग, एजेंसी। दूसरे देशों की जासूसी करवाना चीन की आदत में शुमार है। कई बार दुनियाभर में चीन के जासूस पकड़े जाते हैं। वहीं चीन यह भी कोशिश करता है कि दूसरे दशों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों के चुनावों को प्रभावित किया जाए। इसी तरह की हरकत चीन यूरोपीय यूनियन में भी कर रहा था। जर्मनी की पुलिस ने एक धुर दक्षिणपंथी नेता के सहयोगी को चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक जियान जी नाम का यह शख्स यूरोपीय संसद की गुप्त जानकारियां भी चीन के मंत्रालय में किसी कर्मचारी को भेजता था। जून महीने में ईयू को चुनाव भी होने वाले हैं। ऐसे में यह बेहद गंभीर मामला सामने आया है। वहीं चीन ने इन आरोपों को शिरे से खारिज किया है और जर्मनी की गिरफ्तारी पर नाराजगी भी जाहिर की है। जर्मनी के प्रशासन ने यह क्लियर नहीं बताया है कि किस राजनेता के सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि मीडिया रिपोर्टस में मैक्सिमिलन क्राह का नाम लिया गया है जो कि दक्षिणपंथी नेता हैं।

आने वाले यूरोपीय पार्ल्यामेंट के इलेक्शन में मैक्सिमिलन क्राह को जर्मनी (द्धष्ठ) की पार्टी का विकल्प माना जा रहा है।

पुलिस ने जियान जी के अपार्टमेंट में छापा मारकर उसे गिरफ्तार किया था। आरोप यह भी है कि जर्मनी में चीन के विपक्ष से संबंधित लोगों की भी जियान जी जासूसी कर रहा था। बर्लिन की गृह मंत्री नैन्सी फीजर ने कहा कि जासूसी के आरोप बेहद गंभीर हैं। उन्होंने कहा, अगर यह क्लिर होता है कि यूरोपीय संसद में चीन की खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी का काम होता था तो यह यूरोप के लोकतंत्र पर बहुत बड़ा हमला है।

उन्होंने कहा, अगर कोई भी राजनेता किसी कर्मचारी की नियुक्ति करता है उसकी जिम्मेदारी बनती है कि उसकी ठीक तरह से जांच पड़ताल की जाए। उसके कहां से कैसे तार जुड़े हैं इसकी जानकारी होनी चाहिए। बता दें कि क्राह पर रूस के लिए काम करने के भी आरोप लग चुके हैं। बीते महीने एफबीआई ने भी उनसे पूछताछ की थी।

वहीं चीन के विदेश मंत्रालय ने किसी भी तरह की गिरफ्तारी की बात से इनकार किया है और कहा है कि ये केवल बीजिंग को बदनाम करने के हथकंडे हैं। चीन ने कहा कि कुछ लोग नहीं चाहते हैं कि चीन और यूरोप के बीच आपसी सहयोग और संबंध मजबूत हों। इसलिए यूरोपीय संसद को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि जियान जी की गिरफ्तारी के बाद जर्मनी में तुरंत तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनपर भी जासूसी का ही आरोप है। यूके में हुई इन गिरफ्तारियों के लिए कहा गया कि वे जरूरी जानकारी बीजिंग को भेज रहे थे।

अमेरिकी संसद में यूक्रेन-इस्राइल के लिए 95 अरब डॉलर के पैकेज को मंजूरी, बाइडन जल्द कर सकते हैं हस्ताक्षर

वॉशिंगटन, एजेंसी। कई महीनों के इंतजार के बाद अमेरिकी संसद के उच्च सदन-सीनेट में यूक्रेन-इस्राइल की सहायता संबंधी पैकेज को मंजूरी मिल गई। अमेरिका के उच्च सदन में मंगलवार को 79 विधायकों ने इस विधेयक के पक्ष में वोट दिया था, जबकि 18 इसके खिलाफ थे। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते यह विधेयक अमेरिकी संसद के निचले सदन-हाउज ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में पास हुआ था। तब रिपब्लिकन नेताओं ने अचानक से अपना रुख बदल लिया और यूक्रेन, इस्राइल एवं ताइवान के लिए 95 अरब डॉलर की ज्यादातर सैन्य सहायता पर अपना समर्थन दिया। बता दें कि सीनेट ने चार विधेयकों को एक पैकेज में बदल दिया था। यूक्रेन को मिला सबसे बड़ा पैकेज इन पैकेजों में सबसे बड़ा हिस्सा 61 अरब डॉलर की सहायता यूक्रेन को प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 26 अरब डॉलर इस्राइल और दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में नागरिकों के लिए मानवीय सहायता एवं तीसरा हिस्सा 8.12 अरब कम्युनिस्ट चीन का मुकाबला करने के लिए रखा गया है। चौथे

विधेयक को सदन में पिछले हफ्ते जोड़ा गया था। इसमें चीनी नियंत्रित सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर प्रतिबंध, जब्त की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन में स्थानांतरित करने के उपाय और ईरान पर नए प्रतिबंध शामिल हैं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वादा किया था कि जैसे ही सदन में इसे पास किया जाएगा, वह इसपर हस्ताक्षर कर इसे कानून में बदल देंगे। दो अधिकारियों ने बताया कि बाइडन प्रशासन पहले से ही यूक्रेन के लिए एक अरब की सैन्य सहायता पैकेज तैयार कर रही है। यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा अमेरिका- अधिकारी अमेरिका के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन नेताओं ने बताया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विदेशी विरोधियों को यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिका यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा। बताया गया कि नवंबर में चुनाव होने तक यूक्रेन को सहायता पैकेज की मंजूरी दी जा सकती है। बता दें कि यह राहत पैकेज अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने पेश किया था। इसके तहत यूक्रेन और इस्राइल के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी सहायता राशि भेजने का प्रस्ताव है।

ईरान -पाकिस्तान बैठक के बाद अमेरिका ने ईरान के साथ कारोबार को लेकर जारी की चेतावनी

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि ईरान के साथ कारोबार करने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को अमेरिका की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के जोखिम की भी जानकारी होनी चाहिए। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने ईरान के राष्ट्रपति की पाकिस्तान की यात्रा के बारे में किए गए एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा, ''मैं व्यापक तौर पर यह कहना चाहता हूं कि हम ईरान के साथ कारोबार की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधों के संभावित जोखिम के बारे में सजग रहने की सलाह देते हैं।

पाकिस्तान सरकार को अपनी विदेश नीति के बारे में बेहतर पता होगा। ईरान के राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान पाकिस्तान और ईरान ने आठ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने पर भी सहमत हुए। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में उसकी मदद करने वालों पर प्रतिबंध लगाया, जिसमें चीन की तीन कंपनी भी शामिल हैं। पटेल ने कहा, ''प्रतिबंध इसलिए लगाए गए क्योंकि ये ऐसी संस्थाएं हैं जो सामूहिक विनाश के हथियारों के उत्पादन और उनके प्रसार को बढ़ावा दे रही थीं।

ये बेलारूस में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से जुड़ी कंपनी हैं और हमने देखा है कि इन्होंने किस प्रकार से पाकिस्तान के बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए जरूरी घटक और अन्य सामान मुहैया कराए। एक अन्य संवाददाता सम्मेलन में पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने कहा कि अमेरिका के पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध है। राइडर ने कहा, ''वह क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुरक्षा भागीदार है।

2023 में ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी ब्लैक समर से भी भयंकर आग, 8.40 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र जलकर हुआ राख

सिडनी, एजेंसी। 2023 में ऑस्ट्रेलिया को जंगल की सबसे बड़ी आग का सामना करना पड़ा। एक दशक से अधिक समय में यह जंगल की आग का सबसे बड़ा मौसम था। यह आग 2019-20 की ब्लैक समर कही जाने वाली जंगल की आग से भी आठ गुना बड़ी आग थी। चार्ल्स डार्विन विश्वविद्यालय के रोहन फिशर जो सूचना प्रौद्योगिकी विकास शोधकर्ता हैं, की एक रिपोर्ट के अनुसार ब्लैक समर ने दक्षिण-पूर्व ऑस्ट्रेलिया में एक करोड़ हेक्टेयर का क्षेत्र जला डाला था। रोहन फिशर का कहना है कि मेरे शोध से पता चलता है कि 2023 की आग ने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में आठ करोड़ 40 लाख हेक्टेयर से अधिक रेगिस्तान और सवाना को जला दिया। यह पूरे न्यू साउथ वेल्स से बड़ा है, या यूनाइटेड किंगडम के आकार से तीन गुना अधिक है। इन आग के पैमाने को समझना कठिन है। जिस गति से ये आग फैली वह भी अविश्वसनीय थी। सितंबर और अक्टूबर के कुछ ही हफ्तों में, उत्तरी क्षेत्र और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के बार्कली, तनामी और ग्रेट सैंडी रेगिस्तान में एक करोड़ 80 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई। मैंने इस महीने कैनबरा में अंतर्राष्ट्रीय अग्नि व्यवहार और ईंधन सम्मेलन में 2023 की आग पर यह शोध प्रस्तुत किया। मैंने इन आग के

पैमाने का वर्णन किया, वे क्यों घटित हुई, और ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ लेकिन पारिस्थितिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सुरक्षा में मदद करने के लिए आग को कैसे बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है। ऐसा क्यों हुआ? रोहन फिशर के अनुसार आग और बारिश का गहरा संबंध है। बारिश से घास में वृद्धि होती है और जब यह सूख जाती है, तो घास आग का ईंधन बन जाती है। उदाहरण के लिए, आप अधिक वर्षा वाले वर्षों के बाद अधिक आग का पैटर्न देख सकते हैं, जो उत्तरी क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों में आवधिक अंतराल पर दोहराया गया है। इस प्रकार, ला नीना रेगिस्तान में इन भीषण आग का प्रमुख चालक है। हालाँकि 2023 भीषण अग्नि वर्ष था, 2011 उससे भी बड़ा था। अकेले एनटी में, 2011 में साढ़े पांच करोड़ हेक्टेयर से अधिक जल गया, जबकि 2023 में चार करोड़ तीस लाख हेक्टेयर जल गया था।

जब ईंधन सूख जाता है और मौसम की स्थिति चरम पर होती है, तो सवाना और रेगिस्तानी इलाकों में बिजली गिरने से आग लगने की अधिक संभावना होती है। मीडिया और सोशल मीडिया पर कई तरह से सुझाव दिया गया है कि ये आग एक ''सामान्य चक्र का हिस्सा है, जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, या बड़े पैमाने पर आगजनी का परिणाम है। यह सीधे सादे कारण रेगिस्तानी देश में अग्नि प्रबंधन की जटिलता और इतिहास को समझने में विफल रहते हैं। आग की इन घटनाओं का मुख्य कारण बहुत बड़ा ईंधन भार था। ये बढ़ते गीले मौसम प्राकृतिक चक्र का हिस्सा हैं। जबकि जलवायु परिवर्तन आग की स्थिति को और अधिक गंभीर बना सकता है, इस मामले में यह मुख्य कारण नहीं है। हालाँकि, इन आग का पैमाना ''सामान्य नहीं था।

संक्षिप्त समाचार

रॉबर्ट वाड्रा अबकी बार... अमेठी में कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर

अमेठी, एजेंसी। कांग्रेस ने अब तक अमेठी लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। चर्चा है कि इस सीट पर वायनाड में वोटिंग होने के बाद कांग्रेस कोई फैसला लेगी। माना जा रहा है कि राहुल गांधी के ही नाम का ऐलान यहां से होगा और देरी इसलिए की जा रही है ताकि वायनाड में वोटिंग के बाद वह अमेठी पर पूरा फोकस कर सकें। लेकिन इस बीच अमेठी में राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा के नाम के पोस्टर लगे हैं। इन पोस्टरों में नारा लिखा है- अमेठी की जनता करे पुकार, रॉबर्ट वाड्रा अबकी बार। इन पोस्टरों में निवेदक के तौर पर लिखा है- अमेठी की जनता। ये पोस्टर अमेठी के गौरीगंज में स्थित कांग्रेस के दफ्तर के बाहर लगाए गए हैं। बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा खुद भी अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके हैं। उनका कहना था कि अमेठी की जनता चाहती है कि मैं वहां से चुनाव लड़ूं और संसद में उनका प्रतिनिधित्व करूं। वाड्रा ने कहा था कि अमेठी के लोग मानते हैं कि स्मृति इरानी को चुनकर उन्होंने गलती की थी और अब इसे सुधारने का मौका है। वाड्रा ने दावा किया था कि उनके पास अमेठी से तमाम लोगों के फोन आते हैं कि आप यहां से चुनाव लड़ें, लेकिन आखिरी फैसला पार्टी को ही लेना है। गौरतलब है कि वाड्रा की इस दावेदारी और राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के कयासों को लेकर स्मृति इरानी ने तंज भी कसा था। उन्होंने अमेठी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि कांग्रेस अब तक कैंडिडेट ही घोषित नहीं कर पाई है। इस बीच जीजा जी ने सीट पर दावेदारी कर दी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा था कि पहले बस में सफर करने के दौरान ऐसा होता था कि लोग रुमाल रखकर सीट पर कब्जा जता देते थे। अब जीजा जी ही दावेदारी कर रहे हैं। ऐसे में राहुल गांधी को पहले ही अमेठी सीट से चुनाव लड़ने के लिए रुमाल रख देना चाहिए।

इस महीने रेल यात्रियों ने तोड़ा रिकॉर्ड, 41 करोड़ से ज्यादा लोग कर चुके हैं यात्रा

नईदिल्ली, एजेंसी। यदि किसी आम भारतीय से पूछा जाए कि वे यात्रा के लिए किस तरह की सेवा पर सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं, तो उनका जवाब एक ही होगा- भारतीय रेल। जब लोगों के जेहन में यात्रा के लिए पहली पसंद चुनने का सवाल आए तो वे सिर्फ भारतीय रेल सेवा पर ही भरोसा करते हैं। लाखों की संख्या में लोग रोज ट्रेनों में यात्रा करते हैं। मगर इस महीने लोगों ने रेल से यात्रा करने का रिकॉर्ड ही बना दिया। अप्रैल महीने की 21 तारीख तक रेलवे ने 41 करोड़ से ज्यादा लोगों को अपनी सेवा दी है। लोगों की भारी भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनों का भी इंतजाम किया है। मगर ट्रेनों में लोगों की इतनी भीड़ रहती है जिसे मैनेज करना रेलवे के लिए मुश्किल भरा हो रहा है। भारतीय रेलवे ने अपने परिचालन और यात्री सेवाओं पर दबाव को रेखांकित करते हुए कहा है कि 21 अप्रैल तक 41 करोड़ से अधिक लोगों ने ट्रेन से यात्रा की। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, भारतीय रेलवे ने 1-21 अप्रैल के दौरान 41.16 करोड़ लोगों को यात्रा कराई। पिछले हफ्ते के शनिवार और रविवार- 20 और 21 अप्रैल को 3.38 करोड़ यात्रियों ने विभिन्न गंतव्यों के लिए ट्रेन यात्रा की। इससे पिछले सप्ताह में कुल 13.69 करोड़ यात्रियों ने रेल से सफर किया। भारतीय रेलवे ने पहले कहा है कि उसने रिकॉर्ड संख्या में अतिरिक्त ट्रेन यात्राएं संचालित करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जो पिछले साल की तुलना में 43 प्रतिशत अधिक होगा। अधिकारी ने कहा, रेलवे ने गर्मियों छुट्टियों के कारण ट्रेन यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि के मद्देनजर कई स्पेशल ट्रेन शुरू करके और स्टेशन पर सुविधाओं में सुधार करके विस्तृत उपाय किए हैं। जोनल रेलवे को रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

संजय निरुपम की उम्मीदवारी से पहले महाराष्ट्र में घमासान ; राज ठाकरे की पार्टी का ऐतराज

मुंबई, एजेंसी। कांग्रेस के बागी नेता संजय निरुपम की लोकसभा चुनाव में संभावित उम्मीदवारी को लेकर महायुति के घटक दलों की बीच ठन गई है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है मगर अभी महायुति में सीटों के बंटवारे पर आम सहमति नहीं बन पाई है। अभी तक शिवसेना और भाजपा ने मुंबई की छह में से तीन सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान नहीं किया। इसी बीच ऐसी भी चर्चाएं तेज हैं कि संजय निरुपम शिवसेना में शामिल होंगे और उत्तर पश्चिम मुंबई सीट की दावेदारी करेंगे। मगर संजय निरुपम की संभावित उम्मीदवारी महायुति के अन्य घटक दल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के गले नहीं उतर रही है। बिना शर्त भाजपा को समर्थन देने वाली एमएनएस ने दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट से संजय निरुपम के चुनाव लड़ने की चर्चा को लेकर सवाल उठाया है। महाराष्ट्र टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एमएनएस के नेता मनीष धुरी ने साफ किया कि अगर शिंदे की शिवसेना उत्तर पश्चिम मुंबई से संजय निरुपम को उम्मीदवार बनाती है तो वह इसका विरोध करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी मिलने का समय दें, उनकी गलतफहमी करूंगा दूर- खरगे

नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 की लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में मुस्लिम लीग और मंगलसूत्र पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार चुनावी रैलियों में कांग्रेस पर महिलाओं का मंगलसूत्र तक छीनने और देश में मुस्लिम लीग लाने का आरोप लगा रहे हैं। पीएम मोदी के मुताबिक, कांग्रेस के मेनिफेस्टो में ऐसी कई बातें हैं, जो देश के लिए खतरा है। पीएम के इन आरोपों के जवाब में मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि उनकी मां ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र ही कुर्बान कर दिया वो किसी का मंगलसूत्र क्या लेंगे। अब मामले में कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के पास अगर समय है तो वे उनसे मिलकर कांग्रेस पार्टी का घोषणापत्र अच्छे से समझा सकते हैं ताकि उनकी गलतफहमी दूर हो।

इस महीने चुनावी रैलियों में पीएम मोदी ने अपने भाषणों में कई बार कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी के वादे आजादी से पहले मुस्लिम लीग के विचारों की याद दिलाते हैं। रविवार को राजस्थान की एक रैली में पीएम मोदी ने यह दावा करके नए विवाद को जन्म दे दिया कि कांग्रेस का इरादा लोगों की संपत्ति जब्त कर उसे

मुसलमानों में बांटना है। उन्होंने कहा था, वे आपका मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेंगे।

अब पूरे घटनाक्रम पर कांग्रेस चीफ मल्लिकार्जुन खरगे सामने आए हैं। केरल के वायनाड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने सभी आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी कहते हैं कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं, अगर वह मुझे समय दें, तो मैं अपना घोषणापत्र उन्हें समझाऊंगा। हम कहां कह रहे हैं कि यह केवल मुसलमानों के लिए है? हम सभी के लिए काम करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमारा घोषणापत्र गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और सभी के लिए है। इस तरह की बातें सिर्फ समाज को बांटना चाहती हैं।

युवाओं और महिलाओं के लिए कांग्रेस के वादों का जिक्र करते हुए, खरगे ने कहा, युवा न्याय सभी के लिए है। नारी शक्ति सभी के लिए है। यह केवल मुसलमानों के लिए नहीं है, अनुसूचित जाति, जनजाति, गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के लिए भी है। यह सभी के लिए है। यूपीए काल के दौरान, हमने लोगों को उनके मांगे बिना कुछ अधिकार दिए थे, उदाहरण के लिए, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी सोनिया गांधी ने दी थी और भाजपा ने तब इसका विरोध किया था।

उन्होंने कहा, पीएम मोदी कहते हैं कि मनरेगा लाकर कांग्रेस देश में गरीबी ला रही है। हमने मनरेगा को एक अधिकार, शिक्षा को एक अधिकार, खाद्य सुरक्षा को एक अधिकार बनाया। इन चीजों को पीएम मोदी और (केंद्रीय गृह मंत्री) भी नहीं छीन सकता। अमित शाह ऐसा करना चाहते हैं। ये यूपीए सरकार द्वारा लाए गए स्थायी अधिकार हैं।

पीएम पर निशाना साधा : प्रधान मंत्री पर अपना हमला जारी रखते हुए खड़गे ने कहा कि उन्होंने दुनिया और देश का दौरा किया है, लेकिन हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा नहीं किया है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी वहां गए, लोगों को सांत्वना दी और उनसे कहा, हिम्मत मत हारो। मैं वहां हूं।

राजस्थान यूनिवर्सिटी के सेमेस्टर और फाइनल परीक्षा पर आम चुनाव का असर, एडमिशन प्रोसेस में भी हो सकती है देर

जयपुर, एजेंसी। लोकसभा चुनाव का असर राजस्थान यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों पर भी पड़ेगा। कॉलेजों का इस्तेमाल चुनाव कार्यों के लिए होने की वजह से सेमेस्टर और फाइनल परीक्षा पर भी इसका असर होगा। दरअसल, चुनाव आयोग से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा राजस्थान यूनिवर्सिटी के दो कॉलेजों के कैंपस का उपयोग चुनाव कार्यों के लिए किया जा रहा है। इस वजह से उन कॉलेजों अकादमिक गतिविधियां ठप पड़ी हैं। यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने बताया कि यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स तथा राजस्थान कॉलेज को चुनाव कार्यों के लिए अधिग्रहित कर लिया गया है, ऐसे में इन कॉलेजों में अकादमिक गतिविधियां ठप हो गई हैं। ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन इन कॉलेजों में परीक्षा के आयोजन की तैयारी नहीं कर पा रहा है। इससे न सिर्फ सेमेस्टर और फाइनल परीक्षा के आयोजन में देर होगी, बल्कि यूनिवर्सिटी में होने वाले नए एडमिशन प्रोसेस पर भी पड़ेगा। यूनिवर्सिटी की ओर से फाइनल परीक्षा के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की जा सकती है। नन कॉलेजिएट विद्यार्थियों के लिए फाइनल एग्जाम पहले मई में प्रस्तावित था।

जूते-चप्पल से हुआ बारातियों का स्वागत, घर के सामने जमकर हुई दूल्हे की पिटाई

जांजगीर-चांपा , एजेंसी। प्यार,शादी और धोखा यह शब्द हमने बहुत बार सुना है। लेकिन कई लोग इसका दुरुपयोग करने में पीछे नहीं हटते। आज तक हमने सुना है कि लोग प्यार करके शादी करने से मुकर जाते हैं फिर बाद में धोखा दे देते हैं। लेकिन एक ऐसा मामला सामने आया है जहां युवक युवती को धोखे में रखकर शादी के मंडप तक पहुंच गया। कोरबा में एक दूल्हे का स्वागत जूते-चप्पल के साथ किया गया। युवती के घर वालों ने दूल्हे राजा का स्वागत बारातियों के सामने पीट कर किया। दरअसल युवक का अफेयर पहले से ही गुजरात की रहने वाली लड़की के साथ चल रहा था। लेकिन युवक पहली गर्लफ्रेंड को धोखा देकर दूसरी गर्लफ्रेंड से शादी करने निकल गया। पहली गर्लफ्रेंड को इस बात की जानकारी लगी, तो उसने दूसरी गर्लफ्रेंड के घर वालों को इसकी सूचना दी। फिर क्या था दूसरी गर्लफ्रेंड की घर वालों ने दूल्हे का स्वागत जूते-चप्पल के साथ किया। दरअसल, पूरा मामला कोतवाली थाना की पुरानी बस्ती का है। जहां पर जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिसोड में रहने वाले दादूराम का विवाह कोरबा पुरानी बस्ती में तय हुआ था। गुजरात के निजी कंपनी में काम करने वाले दादूराम ने खुद को अच्छे पद पर काम करने की जानकारी भी दी थी। लड़की पक्ष के परिवार ने शादी की पूरी तैयारी कर रखी थी। लेकिन शादी के एक दिन ठीक पहले दादूराम की गुजरात में उपस्थित प्रेमिका के घरवालों को कुछ फोटो- वीडियो भेजें और अपने अफेयर के बारे में उन्हें जानकारी दी। इसके बाद लड़की के घर वालों ने लड़के को सबक सिखाने का निर्णय लिया और उन्होंने बारात का इंतजार किया। और जैसे ही दादू राम अपने परिवार और दोस्तों के साथ कोरबा बारात लेकर पहुंचा वैसे ही दूल्हे को घर के अंदर ले जाने के बाद लड़की के घर वालों ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। बताया जा रहा है कि मंडप में ही दूल्हे को जूते की माला पहनकर उसकी पिटाई की गई। इस घटना के बाद सभी बाराती वहां से फरार हो गए। लेकिन दूल्हा और उसके परिवार वाले फंस गए। इसके बाद लड़की के परिवार वालों ने दूल्हे को बंधक बना लिया।घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली टीआई पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

भाजपा-कांग्रेस के सामने रविंद्र सिंह भाटी बन गए बड़ी चुनौती

बाड़मेर, एजेंसी। राजस्थान के बाड़मेर के छोटे से गांव दूधोड़ा के रहने वाले रविंद्र सिंह भाटी भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। सूबे की राजनीति में इस 26 वर्षीय नेता की खूब चर्चा है। दरअसल, भाटी राजस्थान के बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट से वर्तमान में निर्दलीय विधायक हैं और बाड़मेर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। इस नौजवान को सुनने और देखने के लिए उसके रोड शो और सभाओं में हजारों की तादाद में लोग उमड़ रहे हैं। वैचारिक रूप से भाजपा के करीब रहे रविंद्र सिंह भाटी ने बाड़मेर लोकसभा सीट पर केंद्र सरकार के मंत्री कैलाश चौधरी को सीधे तौर पर चुनौती दी है। यह पहली बार नहीं है जब भाटी ने भाजपा से अलग राह पकड़ी है। जब-जब उन्हें टिकट नहीं मिला उन्होंने अलग राह पकड़ी और जीतकर निकले। रविंद्र सिंह भाटी जब उच्च शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे तो उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में छात्र राजनीति में कदम रखा। स्नातक के बाद भाटी ने वकालत की पढ़ाई पूरी की। इससे नाराज भाटी ने निर्दलीय ताल ठोक दी और यूनिवर्सिटी के 57 साल के इतिहास में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में छात्रसंघ अध्यक्ष पद का चुनाव जीतने वाले पहले छात्र नेता बने। पिछले विधानसभा चुनाव में रविंद्र सिंह भाटी शिव सीट से निर्दलीय उठे थे। नतीजे चौंकाने वाले थे क्योंकि इस सीट से उन्होंने जीत दर्ज की। दिनोंदिन उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

राहुल गांधी के बाद सैम पित्रोदा बोले- अमेरिका में तो मरने के बाद सरकार के पास जाती है आधी दौलत

नईदिल्ली, एजेंसी। राहुल गांधी ने पिछले दिनों देश में संस्थागत और आर्थिक सर्वे कराने और संपत्ति के पुनर्वितरण की बात कही थी। इसे लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने तीखा हमला बोला था और कहा था कि कांग्रेस देश के लोगों की संपत्ति लूटना चाहती है। यह विवाद अभी थमा भी नहीं था कि कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा का बयान नया बवाल खड़ा कर सकता है। अमेरिका में बोलते हुए ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने कहा, अमेरिका में विरासत पर टैक्स लगता है। यदि किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और वह मर जाता है तो उसकी 45 फीसदी संपदा ही बच्चों को मिलती है। इसके अलावा बाकी 55 फीसदी संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। सैम पित्रोदा ने अमेरिकी कानून की बात करते हुए कहा, यह कानून कहता है कि आपने दौलत बनाई और उसका उपभोग किया। अब आप उसे छोड़कर जाएं तो उसका पूरा हिस्सा

बच्चों को ही न मिले, कुछ देश को भी मिले। यह अच्छा कानून लगता है। भारत में ऐसा नहीं है। यदि किसी के पास 10 अरब की दौलत है और उसकी मौत हो जाती है तो उसके बच्चों को पूरी संपदा मिलती है, पब्लिक के हाथ कुछ नहीं आता। ये ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर लोगों को डिबेट और चर्चा करनी चाहिए। मैं नहीं जानता कि इसका परिणाम क्या होगा, लेकिन जब हम संपदा के पुनर्वितरण की बात करते हैं तो हम नई नीतियों की बात कर रहे हैं। ऐसी योजनाओं की बात कर रहे हैं, जो जनता के हित में हैं। हम ऐसी स्कीमों की बात नहीं करते, जो सिर्फ देश के सुपर अमीरों के लिए ही हों। यही नहीं राहुल गांधी की ओर से दिए बयान पर सवाल पूछा गया कि इसे पीएम नरेंद्र मोदी मुद्दा बना रहे हैं। इस पर सैम पित्रोदा ने कहा कि वह यह बात नहीं कह रहे हैं कि किसी की शर्ट लेकर दूसरे को दी जाएगी। यहां बात यह है कि कैसे संसाधनों का केंद्रीकरण होने से रोका जाए। बता दें कि कुछ सप्ताह पहले राहुल गांधी ने हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो हम संस्थागत और आर्थिक सर्वे कराएंगे। हम यह पता लगाएंगे कि देश में किसके पास कितनी दौलत है और उसका फिर नए सिरे से वितरण होगा। उनके इसी बयान को आधार बनाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की एक रैली में हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस आपकी दौलत उन लोगों को देना चाहती है, जिनके ज्यादा बच्चे हैं। वह चाहते हैं कि हमारी माताएं-बहनें अपने जेवर तक का हिसाब दें।

मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश पर कुर्बान हुआ, दादी ने युद्ध में दिया सोना- प्रियंका गांधी वाड्रा

अलीगढ़, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी मां का मंगलसूत्र इस देश को कुर्बान हुआ है। बेंगलुरु में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि देश की आजादी के बाद से 55 साल तक कांग्रेस की सरकार रही लेकिन तब किसी ने किसी का सोना, मंगलसूत्र नहीं छीना।

हाल ही में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि देश की संपत्ति को लूटने को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझने वाली कांग्रेस की नजर अब महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। अलीगढ़ और हाथरस लोकसभा सीटों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने पहुंचे मोदी ने सोमवार को कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है और आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी) का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी, धन, मकान है उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं इन संपत्तियों को सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। ये उनका मेनीफेस्टो कह रहा

है। हमारी माताओं बहनों के पास सोना होता है। मंगलसूत्र पर भी उनकी नजर है। अब पीएम मोदी पर पलटवार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, पिछले 2 दिनों से कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी आपसे आपका मंगलसूत्र और आपका सोना छीनना चाहती है। देश को आजाद हुए 70 साल हो गए और 55 साल कांग्रेस की सरकार रही। क्या किसी ने आपका सोना, मंगलसूत्र छीन लिया? युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी ने अपना सोना देश को दिया। मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश को कुर्बान हुआ है...सच्चाई यह है कि ये (भाजपा) लोग महिलाओं के संघर्ष को नहीं समझ सकते। इससे पहले दिन में कर्नाटक के ही चित्रदुर्ग में सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ''देश के सबसे बड़े नेता ने नैतिकता छोड़ दी है, '' उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षियों की आवाज दबाकर, उनके बैंक खातों पर रोक लगाकर और दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डालकर विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। प्रियंका ने इस जिला मुख्यालय शहर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''एक जमाना था जब देश में एक नेता खड़ा होता था।

रेफर बच्चे को अस्पताल नहीं घर ले जाकर अपने नहाने-खाने में लगा एंबुलेंसकर्मी, गई जान

बरेली , एजेंसी। रेफर किए गए बुखारग्रस्त बच्चे को बरेली जिला अस्पताल से सैफई ले जाने की बजाय अपने घर जाकर 108 एंबुलेंस कर्मियों ने दो घंटे तक नहाने और खाना खाने में समय बर्बाद कर दिया। इससे बच्चे की जान चली गई। इस लापरवाही की गूंज जब शासन तक पहुंची तो दोनों कर्मचारियों को बर्खास्त करते हुए एंबुलेंस के स्टाफ को लखनऊ तलब किया गया है।

मंगलवार को शासन स्तर पर एबुलेंस में बच्चे के दम तोड़ने के मामले में संज्ञान लिया गया और बड़ी कार्रवाई की गई। शासन के निर्देश पर लखनऊ से ही 108, 102 एबुलेंस की कार्यदायी संस्था के द्वारा ईएमटी अमित कुमार और पायलट अनूप कुमार को बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा इन दोनों के अलावा स्थानीय स्टाफ को शासन तलब किया गया है। शासन की एबुलेंस कर्मियों पर हुई कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है। एबुलेंस जिला प्रभारी सहित अधिकारियों से जबाव तलब किया गया है वहीं सीएमओ को भी शासन से जांच करने को निर्देशित किया गया है।

यह है मामला सोमवार को बदायूं जिले के बिनावर के गांव पुठी सहाय निवासी हरिनंदन के नौ माह के बेटे आशीष को बुखार आया तो परिजन उसको बरेली ले गए। चूंकि बदायूं के मुकाबले गांव से बरेली नजदीक था। इसलिए बरेली ले गए। बरेली प्राइवेट अस्पताल में दिखाने के बाद जिला अस्पताल ले गए वहां से गंभीर हालत होने पर बच्चे को सैफई के लिए रेफर कर दिया

गया। बच्चे आशीष के चाचा शिवनंदन ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एबुलेंस जिला अस्पताल पहुंची चालक अनूप और ईएमटी अमित एबुलेंस सैफई की जगह बरेली के नकटिया से पांच किलो मीटर दूर गांव मोहनपुर ठिरिया ले गया।

परिजनों के अनुसार नहाने और खाने में दोनों लग गए और दो घंटा बीत गए। इस बीच एबुलेंस में तड़प-तड़पकर बच्चे की मौत हो गई। चालक और पायलट घर से बाहर नहीं निकलकर आये। जब तक आये, तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। 102,108 एबुलेंस सेवा, प्रोग्राम मैनेजर बरेली, शिवम कुमार सोनी ने कहा कि बच्चे की मौत के मामले में शासन स्तर से ईएमटी और पायलट दोनों को बर्खास्त किया गया है।

गांधी सरनेम छोड़ दें राहुल, करानी चाहिए डीएनए जांच- विधायक पी वी अनवर

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' संबंधी बयान को लेकर कांग्रेस की कड़ी प्रतिक्रिया के बीच, राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के विधायक पी वी अनवर ने यह कहकर एक और विवाद पैदा कर दिया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के डीएनए की जांच की जानी चाहिए। व्यवसायी से विधायक बने अनवर ने कहा कि कांग्रेस नेता 'चौथे दर्जे के नागरिक' बन गए हैं, जो गांधी उपनाम से बुलाए जाने के लायक नहीं हैं।

विजयन के खिलाफ गांधी के हालिया बयान से खफा अनवर ने सवाल किया कि नेहरू परिवार से संबंध रखने वाला कोई व्यक्ति इस तरह के बयान कैसे दे सकता है। अनवर ने यहां एलडीएफ स्थानीय समिति द्वारा आयोजित एक बैठक में कहा, 'मेरी राय है कि राहुल गांधी के डीएनए की जांच की जानी चाहिए। इसमें कोई विवाद नहीं है।' गांधी ने राज्य में अपने हालिया प्रचार अभियान के दौरान सवाल किया था कि विपक्ष शासित राज्यों के दो मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने वाली केंद्रीय एजेंसियों ने वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता से पूछताछ क्यों नहीं और उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया, जबकि उन पर कई आरोप लगे हैं। वामपंथी नेताओं ने विजयन के खिलाफ दिए गए बयानों

के लिए कांग्रेस नेता की कड़ी आलोचना की और कहा कि उन्हें विजयन के बजाय मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना करनी चाहिए। गांधी के खिलाफ अनवर की आपत्तिजनक टिप्पणी पर विजयन से उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने एलडीएफ विधायक को सही ठहराया और कहा कि कांग्रेस नेता आलोचना से परे व्यक्ति नहीं हैं।

विजयन ने कन्नूर में संवाददाताओं से कहा, 'राहुल गांधी ने जो कहा है, उसका जवाब उन्हें मिलेगा। वह आलोचना से परे नहीं हैं।' विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर हमला करने के लिए 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' का उनके द्वारा संदर्भ दिए जाने का भी बचाव किया और कहा कि यह टिप्पणी राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान गांधी द्वारा दिए गए कुछ बयानों के जवाब में की गई। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी से भाजपा और उसके नियंत्रण वाली एजेंसियों को मदद मिली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता का ऐसा आचरण पूरी तरह से बचकाना था और गांधी को केवल वही नहीं दोहराना चाहिए, जो राज्य में उनकी पार्टी के कुछ नेता उनसे कहते हैं। उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'इसलिए मैंने कहा कि उन्हें अपने पुराने नाम की ओर लौटना नहीं चाहिए।'

विजयन ने एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उनसे सवाल किया गया था कि उनकी इस तरह की टिप्पणी कितनी उचित है, जबकि अतीत में वह इस तरह के व्यक्तिगत हमलों के खिलाफ रुख अपना चुके हैं। विजयन ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर हमला करने के लिए 'राहुल गांधी के एक पुराने नाम' का संदर्भ दिया था।

विजयन ने कहा था कि उनके खिलाफ गांधी की टिप्पणियों से पता चलता है कि कांग्रेस नेता ने समय के साथ अपनी सार्वजनिक छवि में सुधार नहीं किया है। विजयन ने कहा, राहुल गांधी...आपका पुराना नाम है। किसी भी हाल में ऐसा नहीं होना चाहिए, जिसमें आप अब भी उस स्थिति से नहीं निकले हों।' उन्होंने वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वी एस अच्युतानंदन की उस टिप्पणी का स्पष्ट जिक्र करते हुए यह कहा था, जिसमें उन्होंने एक दशक पहले गांधी को 'अमूल बेबी' कहा था।

संक्षिप्त समाचार

विश्व नंबर 1 के रूप में 100-सप्ताह के क्लब में शामिल हुईं स्वीयाटेक

मैड्रिड, एजेंसी। दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाड़ियों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। स्वीयाटेक ने 100 क्लब में शामिल होने के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे समझ पाना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ। मैंने कभी उस पद पर रहने की उम्मीद नहीं की थी। स्वीयाटेक ने मंगलवार को मैड्रिड ओपन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वास्तव में, खेल में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना कुछ ऐसी बात है जो मुझे वास्तव में गौरवान्वित करती है। मुझे लगता है कि हमने कभी-कभी कुछ कठिन निर्णय लिए हैं। मेरे पास अच्छे लोग हैं जो मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी मदद कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से मैं यहां नहीं होती अगर मैं इसे स्वयं करती और मैं वास्तव में आभारी हूं कि सब कुछ ऐसा हुआ।

लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी में टीम के मालिक पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप

कोलंबो, एजेंसी । श्रीलंका के अटॉर्नी जनरल ने अदालत को सूचित किया है कि लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी में खेलने वाली सात टीमों में से एक कैंडी सैंप आर्मी के मालिक योनी पटेल पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया गया है। अटॉर्नी जनरल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी वकील ने सोमवार को कोलंबो मजिस्ट्रेट को सूचित किया कि योनी पटेल पर कोलंबो हाई कोर्ट में अपराध का आरोप लगाया गया है। उन पर श्रीलंका में सेंट्रल हिल्स के पल्लेकेले में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अंतर्राष्ट्रीय सितारों की भागीदारी के साथ खेली गई लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के दौरान एक क्रिकेटर पर फिक्सिंग में शामिल होने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया गया है। जांच श्रीलंका के सेवानिवृत्त राष्ट्रीय क्रिकेटर उपुल थरंगा की शिकायत पर शुरू की गई, जो खुद पटेल के स्वामित्व वाली टीम के खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के पूर्व सफेद गेंद कप्तान और क्रिकेट चयन समिति के वर्तमान अध्यक्ष थरंगा ने पंजाब रॉयल्स के लिए खेलने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर नील ब्रूम के साथ मैच फिक्सिंग की शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि उनसे दो व्यक्तियों ने संपर्क किया जिन्होंने खुद को कैंडी सैम्प टीम का मालिक और पंजाब रॉयल्स मैनेजर बताया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, कथित मैच फिक्सरों में से एक ने खराब प्रदर्शन करने और मैच के नतीजों को फिक्स करने के लिए खिलाड़ियों से पैसे की पेशकश की थी।

मार्कस स्टोइनिस ने रचा इतिहास

धोनी की टीम के खिलाफ बनाया ये कीर्तिमान, 13 साल पुराना रिकॉर्ड चकनाचूर

चैन्नई, एजेंसी। लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस के बल्ले ने अकेले दम ऐसा तूफान खड़ा किया कि चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ गईं। स्टोइनिस ने सिर्फ 63 बॉल में 124 रनों की धुआंधार अविजित पारी के दम पर लखनऊ को चेन्नई के होम ग्राउंड पर उसके खिलाफ छह विकेट से जोरदार जीत दिला दी। इसके पहले लखनऊ ने अपने होम ग्राउंड पर सीएसके को शिकस्त दी थी।

चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की नॉट आउट सेंचुरी (60 बॉल में 108 रन, 12 फोर, 3 सिक्स) और ऑलराउंडर शिवम दुबे के चिर-परिचित अंदाज में पावर पैक्ड पचासे (27 बॉल में 66 रन, 3 फोर, 7 सिक्स) की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 210 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

डि कॉक और केएल राहुल के आउट होने के बाद मार्कस स्टॉइनिस ने संभाला मोर्चा

जवाब में लखनऊ के लिए पिछले मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाली क्विंटन डि कॉक (0) और कप्तान केएल राहुल (16) की ओपनिंग जोड़ी बेहद सस्ते में निबट गई तो टीम की हार नजर आ रही थी। लखनऊ ने महज 33 रन पर दो विकेट और 88 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। लेकिन, यहां से स्टोइनिस ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पारी में तीन गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य के पार पहुंचा दिया। मेहमान टीम ने चार विकेट पर 213 रन बनाकर चेन्नई के चेहरे पर मायूसी ला दी।

स्टॉइनिस का तूफान और बड़ा रिकॉर्ड चकनाचूर, धोनी बने दर्शक

इस तरह वह लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जब वह मैदान पर चौके और छक्के उड़ा रहे थे तो रणनीति के सबसे बड़े सूरमा एमएस धोनी विकेट के पीछे खड़े सिर्फ दर्शक बने रहे। रिजल्ट हर किसी के सामने है। उन्होंने पॉल वल्थाटी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2011 में मोहाली में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के ही खिलाफ नाबाद 120 रन ठोकते हुए हर किसी को हैरान कर दिया था।

शिवम दुबे ने तोड़ डाला एमएस धोनी का रिकॉर्ड

सीएसके के लिए तूफान की गति से बनाए 1000 रन



चैन्नई, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके के बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में फ्रेंचाइजी के साथ अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं। पांच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका सफर अच्छा रहा है। वे इस फ्रेंचाइजी के साथ एक बेहतर क्रिकेटर बन गए हैं। शिवम दुबे ने चेपॉक स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाएंट्स यानी एलएसजी के खिलाफ अपनी ताबड़तोड़ 66 रनों की पारी के दौरान यह उपलब्धि दर्ज की। उन्होंने धोनी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। शिवम दुबे इस समय आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी दावेदारी मजबूती के साथ पेश कर रहे हैं।

शिवम दुबे ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 27 गेंदों में 66 रनों की तूफानी पारी खेली। इस पारी में उनके बल्ले से सिर्फ तीन चौके निकले, लेकिन उन्होंने सात छक्के लगाए। 244.44 के स्ट्राइक रेट से उन्होंने बल्लेबाजी की, लेकिन टीम को हार का सामना करना पड़ा। शिवम दुबे अब उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सीएसके के लिए 1000 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। 35 मैचों की 33 पारियों में उन्होंने इस उपलब्धि को अपने नाम किया है। वे 2022 में हुए मेगा ऑक्शन के दौरान टीम से जुड़े थे। इसके बाद से 37.70 के औसत और 161.08 के स्ट्राइक रेट से 1018 रन बना चुके हैं। वे इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के लिए भी खेल चुके हैं, लेकिन वहां उनका रिकॉर्ड अच्छा नहीं था। आरसीबी के लिए वे 15 मैचों में 169 रन और आरआर के लिए 9 मैचों में 230 रन बनाने में सफल हुए थे। इस फ्रेंचाइजी के लिए सिर्फ 14 ही खिलाड़ी अभी तक 1000 या इससे ज्यादा रन बनाने में सफल हुए हैं, लेकिन उन सभी में शिवम दुबे का स्ट्राइक रेट सभी से ज्यादा है।

टीम इंडिया की रेस... शिवम दुबे की 51.83 की औसत वाली बल्लेबाजी पर भारी हार्दिक का स्पेशल 4!

नईदिल्ली, एजेंसी। आईपीएलः 2024 का आधा सफर पूरा हो चुका है, इस आधे सफर के बाद कई भारतीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की बदौलत जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का सपना बुन रहे हैं. दो भारतीय खिलाडियों को लेकर सबसे ज्यादा हाइप क्रिएट हो रही है. ये दोनों ही ऑलराउंडर हैं.

ये दो ऑलराउंडर हैं शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या. इन दोनों ही खिलाडियों के वर्ल्ड कप में जाने को लेकर कई क्रिकेट एक्सपर्ट अपनी राय भी रख रहे हैं. ऐसे में बड़ा सवाल है कि आईपीएल के आधे सफर के बाद दुबे या पंड्या में किसका पलड़ा भारी है. शिवम दुबे आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेल रहे हैं. वहीं, हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस की कमान संभाल रहे हैं. अब आंकड़ों के लिहाज से समझ लेते हैं दुबे और पंड्या में किसका आईपीएल 2024 में दबदबा रहा है.

शिवम दुबे ने अब तक 8 आईपीएल मैचों में कुल 311 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका उच्चतम स्कोर 66 नॉट आउट रहा है. उनका एवरेज 51.83 और स्ट्राइक रेट 169.95 का है. दुबे अब तक (23 अप्रैल) तक 22 छक्के जड़ चुके हैं, वो अपनी बिग हिटिंग क्षमता के लिए जाने जाते हैं.

दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या हैं. पंड्या ने भी मौजूदा आईपीएल में अब तक दुबे के ही बराबर 8 मैच खेले हैं, पर उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से निराश किया है. पंड्या ने 8 मैचों में महज 151 रन 21.57 के एवरेज से बनाए हैं. उनका स्ट्राइक रेट 142.45 का है.

हालांकि हार्दिक पंड्या के साथ एक ही एडवांटेज है, जिसमें वो शिवम दुबे से आगे दिखते हैं. यह उनकी गेंदबाजी है. हार्दिक ने 8 मैचों में 4 विकेट लिए हैं, इसमें उनका बॉलिंग एवरेज 46.50 और इकोनॉमी रेट 10.94 है. इकोनॉमी रेट और बॉलिंग एवरेज ये दोनों ही आंकड़े चिंताजनक है. हार्दिक पंड्या ने आईपीएल में अब तक खेले गए कुल 131 मैचों में 57 विकेट झटके हैं. पर उनका इकोनॉमी रेट 8.97 का है, जो बेहद दोयम दर्जे का है.

शिवम दुबे ने आईपीएल में कम की है गेंदबाजी

शिवम दुबे ने इस आईपीएल सीजन में एक बार भी गेंदबाजी नहीं की है. वहीं उन्होंने 2023 सीजन में भी एक बॉल नहीं डाली थी. 2022 आईपीएल सीजन में दुबे ने महज 12 गेंदें (2 ओवर्स) फेंकी थी, जहां उन्होंने 36 रन लुटवा दिए थे. 2021 आईपीएल में शिवम दुबे ने 30 गेंदें (5 ओवर्स) फेंकी अैर 49 रन दिए.

2020 सीजन में शि?वम दुबे ने सबसे ज्यादा गेंदबाजी की थी, तब उन्होंने कुल 9 ओवर्स (54 गेंदें) फेंके थे और 4 विकेट हासिल किए थे. इससे ठीक पहले यानी 2019 सीजन में तो शि?वम दुबे ने महज 10 गेंदे ही फेंकी थीं. यानी साफ है कि शिवम दुबे हार्दिक पंड्या से गेंदबाजी के मामले में पीछे हैं. कल (23 अप्रैल) मैच की पहली पारी के बाद रवि शास्त्री ने उनसे बातचीत में कहा था कि उम्मीद है आपको गेंदबाजी करते हुए देखेंगे, पर कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने उनको गेंदबाजी नहीं दी. दुबे ने लखनऊ के खिलाफ मैच में 27 गेंदों पर 3 चौकों और 7 छक्कों की मदद से 66 रन बनाए थे. इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 244.44 का रहा था. यानी साफ है दुबे बड़ी पारी खेलने के महारथी हैं.

टी20 वर्ल्ड कप से पहले युगांडा के मुख्य कोच बने अभय शर्मा

कंपाला, एजेंसी। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने तीन साल के अनुबंध पर भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को अपनी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। अभय शर्मा के पास खिलाड़ी और कोच दोनों के रूप में सफलता का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ अपने कार्यकाल के अलावा, उन्होंने पहले भारत ए और भारत अंडर-19 के लिए फील्डिंग कोच के रूप में कार्य किया। उनकी सबसे हालिया कोचिंग भूमिका दिल्ली रणजी टीम के साथ थी। अपनी नियुक्ति पर 54 वर्षीय अभय शर्मा ने कहा, प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के समूह के साथ काम करने के इस अवसर के लिए मैं यूसीए का बहुत आभारी हूं। युगांडा में केवल कुछ दिनों के लिए रहने के बाद, यह पहले से ही मेरे दूसरे घर जैसा लगता है। मैं यहां टीम की आकांक्षाओं में योगदान देने के लिए हूं, जिसमें आगामी विश्व कप में दुनिया की शीर्ष टीमों को हराना भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, मैं इस उभरती हुई टीम और युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने पर पूरा फोकस करूंगा।

बोतल फेंककर... एमएस धोनी ने कैमरामैन को सरेआम धमकाया

चेन्नई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फैंस का शोर उस वक्त बढ़ जाता है, जब कोई बाउंड्री लगती है या फिर विकेट गिरता है। इन दो मौकों के अलावा अगर वह अपने पसंदीदा क्रिकेटर को देख लेते हैं तो बेकाबू हो जाते हैं। ये सारे काम कैमरामैन करने में माहिर होते हैं। कुछ ऐसा ही देखने को मिला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में। एक ओर जहां शिवम दुबे और रुतुराज गायकवाड़ लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजों की मैदान पर क्लास लग रहे तो दूसरी ओर कैमरामैन ने धोनी को फोकस किया। इसके बाद जो कुछ हुआ वह कुछ ज्यादा ही फनी है। खैर, आईपीएल 2024 में सीएसके के मैचों के दौरान ड्यूटी पर तैनात कैमरामैन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि दर्शकों को धोनी को देखना कितना पसंद है। इसलिए वे अक्सर मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में पूर्व कप्तान की एक झलक दिखा देते हैं। ऐसा करते ही हर बार दर्शक पागल हो जाते हैं। हालांकि, सोमवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के बीच अभूतपूर्व साझेदारी के दौरान जब कैमरामैन ने धोनी पर जूम किया तो वह नाराज हो गए।

धोनी ने इसके बाद हाथ में लिए बोतल से धमकाते हुए फेंकने का इशरा किया। हालांकि, वह कुछ एक्शन कर पाते इससे पहले ही कैमरामैन ने फोकस हटा लिया। बता दें कि लंबे समय बाद होम ग्राउंड पर धोनी बैटिंग करते दिखे थे। उन्होंने एक गेंद का सामन किया, जबकि उस पर चौका जड़ा। दूसरी ओर, गायकवाड़ आईपीएल इतिहास में शतक बनाने वाले पहले सीएसके कप्तान बन गए।

जोकोविच रिकॉर्ड पांचवीं बार श्रेष्ठ खिलाड़ी बने, स्पेन की महिला फुटबॉल टीम सर्वश्रेष्ठ टीम बनी

लॉरियस अवॉर्ड

मैड्रिड, एजेंसी। महिला स्पेनिश फुटबाल टीम को वर्ष की श्रेष्ठ टीम का खिताब मिला, जबकि बोनमाती को वर्ष की श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। यह वही स्पेनिश महिला फुटबाल टीम है, जो फीफा विश्वकप के पुरस्कार समारोह के दौरान विवादों में आई थी। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच वर्ष के श्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हैं। उन्होंने पांचवीं बार प्रतिष्ठित लॉरियस अवॉर्ड पर कब्जा जमाया है। उन्होंने स्विटजरलैंड के टेनिस स्टार रोजर फेडरर की बराबरी कर ली है। फेडरर को भी पांच बार वर्ष का श्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जा चुका है। जोकोविच जरूर श्रेष्ठ खिलाड़ी बने, लेकिन आकर्षण का केंद्र पहली बार विश्व चैंपियन बनने वाली

स्पेन की महिला फुटबाल टीम और उसकी स्टार फुटबालर एइटाने बोनमाती रहीं। महिला स्पेनिश फुटबाल टीम को वर्ष की श्रेष्ठ टीम का खिताब मिला, जबकि बोनमाती को वर्ष की श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। यह वही स्पेनिश महिला फुटबाल टीम है, जो फीफा विश्वकप के पुरस्कार समारोह के दौरान विवादों में आई थी। समारोह के दौरान स्पेनिश फुटबाल के तत्कालीन अध्यक्ष रुबियालेस ने स्पेन फुटबाल टीम की सदस्य जेनी हरमोसो के चुंबन ले लिया था।

नडाल को भी पुरस्कार, फाउंडेशन ने भारत में की मदद

अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोना बाइल्स को श्रेष्ठ वापसी के लिए वर्ष का खिलाड़ी चुना गया। रियल मैड्रिड के इंग्लिश फुटबालर जूड बेलिंघम को वर्ष का ब्रेकथ्रू अवॉर्ड मिला और राफेल नडाल के फाउंडेशन को खेलों में अच्छाई के लिए पुरस्कार मिला। नडाल के फाउंडेशन ने स्पेन और भारत में एक हजार कमजोर बच्चों की मदद की है।

जोकोविच ने 24 ग्रैंड स्लैम जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बीते वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीते, जबकि विंबलडन के फाइनल में उन्हें कार्लोस अल्कारेज के हाथों कड़े संघर्ष में हार मिली थी। जोकोविच ने इससे पहले 2012, 2015, 2016 और 2019 में यह खिताब जीता था। जोकोविच ने अवॉर्ड लेने के बाद कहा कि उन्हें याद आ रहा है कि 2012 में 24 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार यह खिताब जीता था। 12 साल बाद फिर से यहां होना गर्व की बात है।

संक्षिप्त समाचार

कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में 14 साल के शीर्ष पर, नौकरियों में वृद्धि को मिला समर्थन

नईदिल्ली, एजेंसी। मजबूत मांग के कारण देश की कारोबारी गतिविधियां अप्रैल में लगभग 14 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह मजबूत आर्थिक विकास का संकेत है। एचएसबीसी का खरीद प्रबंधक सूचकांक यानी पीएमआई अप्रैल में बढ़कर 62.2 हो गया। मार्च में यह 61.8 पर था। पीएमआई से पता चलता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में विस्तार का संकेत है। महंगाई में कमी के बावजूद रेपो दर में कटौती में देरी हो सकती है क्योंकि महंगाई में आगे बहुत गिरावट की संभावना नहीं है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछली कुछ तिमाहियों में मजबूत विस्तार के बाद इस साल भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगस्त 2021 से पीएमआई 50 से ऊपर रहा है। 50 से ऊपर का मतलब कारोबारी गतिविधियों में तेजी और इससे कम का मतलब कमजोरी है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी से विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन दिखा है। बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयासों से नौकरियों में वृद्धि को समर्थन मिला, जो विनिर्माण क्षेत्र में सबसे अधिक था। यह डेढ़ साल में सबसे तेज गति से बढ़ी। हालांकि मांग की मजबूती से खर्चों का भार ग्राहकों पर डाल दिया गया। सर्वे के अनुसार, महंगाई इतनी तेजी से नहीं गिर सकती कि आरबीआई किसी भी समय दर में कटौती पर विचार करना शुरू कर दे।

सरकारी कंस्ट्रक्शन कंपनी के पास बड़े ऑर्डर, शेयर पर टूटे निवेशक

नईदिल्ली, एजेंसी। सरकारी कंस्ट्रक्शन कंपनी एनबीसीसी लिमिटेड के शेयर में मंगलवार को तूफानी तेजी दर्ज की गई। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन यह शेयर करीब 8 फीसदी चढ़ गया। कारोबार के अंत में शेयर 134.40 रुपये पर बंद हुआ। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 7.78 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 136.65 रुपये तक पहुंच गई। बता दें कि 5 फरवरी 2024 को शेयर 176.50 रुपये तक पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। 25 अप्रैल 2023 को शेयर की कीमत 37.51 रुपये तक गिर गई। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो लेवल है। दरअसल, एनबीसीसी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज को बिजनेस अपडेट बताया है। कंपनी ने कहा कि उसने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 23,500 करोड़ रुपये की परियोजनाएं हासिल कीं। वित्तवर्ष 2023-24 में प्राप्त प्रमुख ऑर्डरों के बारे में एनबीसीसी ने कहा कि उसे आम्रपाली में लगभग 10,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) के काम मिले हैं। एनबीसीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के पी महादेवस्वामी ने निर्माण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में, विशेष रूप से पुनर्विकास और जमीन को बजार पर चढ़ाने के प्रयासों में कंपनी की ताकत पर जोर दिया। एनबीसीसी को केरल राज्य हाउसिंग बोर्ड (केएसएचबी) से दिल्ली के बाहर 2,000 करोड़ रुपये की पहली पुनर्विकास परियोजना भी मिली।

टेस्ला प्लांट के लिए भारत को अभी करना होगा इंतजार

कंपनी सस्ती इलेट्रिक कार बाहर से बनाकर देश में बेचेगी

नईदिल्ली, एजेंसी। सरकार की नई ईवी पॉलिसी के बाद टेस्ला के लिए भारतीय बाजार की राह आसान हो गई है। माना जा रहा है कि कंपनी इस साल के आखिर तक कुछ सस्ती इलेक्ट्रिक कारों के साथ भारतीय बाजार में दस्तक देगी। इस बीच, कंपनी भारत में अपना प्लांट लगाने पर भी काम कर रही है। अब टेस्ला ने कहा है कि वो इस साल के आखिर में नए और अफॉर्डेबल ई-व्हीकल बनाने के लिए अपने मौजूदा प्लांट का इस्तेमाल करेगी। ऐसे में कंपनी फ्यूचर में मैक्सिको और भारत में नए प्लाटं पर जो निवेश करने वाली है उसकी संभावना कम हो गई है।

टारगेट पूरा नहीं, फिर भी शेयर में तेजी

कंपनी ने बताया कि वो नई मैन्युफैक्चरिंग लाइन में निवेश करने से पहले 2023 से लगभग 3 मिलियन व्हीकल की अपनी मौजूदा प्रोजक्शन कैपेसिटी को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने बताया कि इसके चलते पहले की तुलना में लागत में कमी आ सकती है। प्लांट में निवेश करने वाले निवेशकों ने भी नई फैक्ट्रियों में नए मॉडल बनाने का जोखिम ना लेने के फैसले पर खुशी जताई। इस तिमाही नतीजों में कंपनी का फाइनेंशियल टारगेट पूरा नहीं हुआ। इसके बाद भी टेस्ला के शेयर 12 प्रतिशत तक ऊपर चले गए थे।

मॉडल 2 लॉन्च करने की योजना रद्द

इवॉल्व ईटीएफ के चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर इलियट जॉनसन ने कहा, मुझे लगता है कि बाजार में नई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपने मौजूदा प्लांट में सस्ते प्रोडक्ट को तैयार करना पॉजिटिव कदम है। हालांकि, कंपनी अपनी योजना के साथ आगे नहीं बढ़ रही है। रॉयटर्स ने 5 अप्रैल की एक रिपोर्ट में कहा था कि टेस्ला ने अपने सस्ती इलेक्ट्रिक कार मॉडल 2 को लॉन्च करने की योजना को रद्द कर दी है। जिसे टेस्ला ने टेक्सास, मैक्सिको और एक तीसरे देश में बनाने की योजना बनाई थी। उम्मीद की गई थी कि मॉडल 2 की कीमत 25,000 डॉलर होगी। हालांकि, रॉयटर्स की रिपोर्ट पर एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि रॉयटर्स झूठ बोल रहा है।

पुराने प्लांट से ही नए व्हीकल तैयार होंगे

जनवरी में मस्क ने कहा था कि टेस्ला का लक्ष्य 2025 की दूसरी छमाही में नया सस्ता मॉडल पेश करने पर है। इस मॉडल में रिवॉल्यूशनरी मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा जो टेस्ला के लिए नई राह तैयार करेगी। अब टेस्ला के इंजीनियरिंग हेड लार्स मोरावी ने मंगलवार को कहा कि नई मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस और प्रोडक्शन लाइनें कुछ रिस्क के साथ आती हैं। ऐसे में कंपनी ने कम लागत वाले व्हीकल को बेहतर बनाने के लिए अपने प्लांट की मेजर शिफ्ट में बदलाव किया है।

भारत की योजना पर फिलहाल चुप्पी

उम्मीद इस बात की थी कि मस्क सोमवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। वे एक छोटे और अफॉर्डेबल मॉडल के प्रोडक्शन के लिए एक ऑटो फैक्ट्री में बड़े निवेश की घोषणा करेंगे। मस्क ने पिछले साल कहा था कि टेस्ला मैक्सिको में अपना प्लांट बनाएगी, लेकिन प्लांट कब तक तैयार होगा इस बात का फैसला अर्थव्यवस्था और ब्याज दरों पर निर्भर करेगा। टेस्ला ने मेक्सिको और भारत में अपनी योजनाओं पर अभी कोई जवाब नहीं दिया।

6,000 कर्मचारियों की होगी छंटनी

टेस्ला ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया। जनवरी से मार्च की इस तिमाही के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 55 प्रतिशत तक घट गया। दूसरी तरफ कंपनी ने बड़ी छंटनी का ऐलान कर दिया। कंपनी कॉस्ट कटिंग के चलते 6,000 लोगों को नौकरी से निकालने जा रही है।

गूगल ने इजरायल प्रोजेक्ट के खिलाफ धरना देने पर 20 और कर्मचारियों को निकाला

नईदिल्ली, एजेंसी। गूगल ने इजरायल प्रोजेक्ट निंबस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन में शामिल 20 और कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है। ये बर्खास्तगी 16 अप्रैल को न्यूयॉर्क और सनीवेल, कैलिफोर्निया में गूगल के दफ्तरों में प्रदर्शनों के बाद हुई। टेक दिग्गज ने पिछले सप्ताह भी ऐसे ही एक मामले में अपने 28 कर्मियों को नौकरी से निकाला था।

एक रिपोर्ट के अनुसार विरोध-प्रदर्शन करने के लिए निकाले गए कर्मचारियों की कुल संख्या अब लगभग 50 हो गई है। गूगल के सुरक्षा प्रमुख क्रिस रैको ने प्रदर्शनों की निंदा करते हुए कहा, यह व्यवहार अस्वीकार्य और विघटनकारी है। इससे सहकर्मियों को खतरा महसूस हुआ।

यह बर्खास्तगी अमेरिकी संस्थाओं और इजरायल सरकार के बीच सहयोग के खिलाफ व्यापक विरोध के बीच हुई है। फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों ने परिसरों को हिलाकर रख दिया है, जबकि गूगल के धरने से एक दिन पहले कार्यकर्ताओं ने गाजा में युद्ध का विरोध

करने के लिए ट्रांसपोटेशन हब को ही ब्लॉक कर दिया। एक्टिविस्ट ग्रुप नो टेक फॉर रंगभेद के प्रवक्ता जेन चुंग ने कहा, निगम असहमति को कुचलने, अपने कर्मचारियों को चुप कराने और उन पर अपने पावर फिर से जताने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ बर्खास्त कर्मचारी दर्शक भी थे, जो इस आंदोलन में शामिल नहीं थे। प्रदर्शनकारियों ने गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन के दफ्तर पर 8 घंटे से अधिक समय तक कब्जा कर लिया था। इसके बाद नौ प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में गूगल ने इसमें शामिल पाए गए 28 कर्मचारियों को निकाल दिया। प्रोजेक्ट निंबस इजरायली सरकार और उसकी सेना की एक क्लाउड कंप्यूटिंग परियोजना है। इजरायल ने इसके लिए गूगल के साथ 1.2 अरब डॉलर का समझौता किया है। बता दें कि पिछली बार की गई कार्रवाई पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा था कि दफ्तरों में ऐसे प्रदर्शनों की इजाजत नहीं दी जा सकती है। सुंदर पिचाई ने कहा था कि वर्कप्लेस राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। गूगल इन्वोशन के लिए ओपन डिस्कशन को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा, आखिरकार हम एक वर्कप्लेस हैं और हमारी नीतियां और अपेक्षाएं स्पष्ट हैं। यह एक बिजनेस है। इस तरह से कार्य करने की जगह नहीं है, जो सहकर्मियों को बाधित करता है या उन्हें असुरक्षित महसूस कराता है।

बंपर मुनाफे के बाद साइएंट डीएलएम के शेयर 13 प्रतिशत से अधिक उछले

नईदिल्ली, एजेंसी। साइएंट डीएलएम शेयर 687.35 पिछले बंद भाव के मुकाबले 736 पर खुले और जल्द ही बीएसई पर 13.4 प्रतिशत बढ़कर 779.55 के स्तर पर पहुंच गए। सुबह 10:10 बजे के करीब शेयर की कीमत 5.10 प्रतिशत बढ़कर 722.40 रह गई। शेयरों में तेजी की वजह कंपनी के नतीजे रहे। मार्च तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ साल-दर-साल 80.7 प्रतिशत बढ़कर 22.7 करोड़ हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 12.6 करोड़ रुपये था। इसके बावजूद ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल ने स्टॉक पर खरीदारी की सलाह बरकरार रखी, लेकिन लक्ष्य मूल्य को पहले के 925 से घटाकर 887 कर दिया। मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद कंपनी ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 24 की मार्च तिमाही के लिए उसका परिचालन से राजस्व 362 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 277.4 करोड़ से 30 प्रतिशत अधिक है।

पूरे वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए कंपनी का राजस्व 1,192 करोड़ रहा। इसमें सालाना आधार पर 43.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि वर्ष के लिए पीएटी (टैक्स के बाद प्रॉफिट) 92.9 प्रतिशत बढ़कर 61.2 करोड़ हो गया।

साइएंट शेयर की कीमत इस साल 26 फरवरी को अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 882.90 पर और पिछले साल 10 जुलाई को अपने 52सप्ताह के निचले स्तर 401 पर पहुंच थी। अब 779.55 के बाजार मूल्य पर शेयर की कीमत अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर से 94.4 प्रतिशत बढ़ गई है।

ब्रोक्रेज फर्म जेएम फाइनेंशियल ने कहा कि साइएंट के तीसरी तिमाही के नतीजे मोटे तौर पर उसके अनुमान के अनुरूप थे और नए लोगो, वैश्विक टेलविंड और मूल्यवर्धित सेवाओं की बढ़ती पेशकश के कारण राजस्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने के कारण यह स्टॉक पर पॉजीटिव बना हुआ है। ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि इनआर्गेनिक एक्पांसन पर है, क्योंकि कंपनी ने अभी तक आईपीओ इनकम का उपयोग नहीं किया है। जेएम फाइनेंशियल को राजस्व, ईबीआईटीडीए और पीएटी सीएजीआर क्रमशः 31 प्रतिशत, 43 प्रतिशत और 60 प्रतिशत की उम्मीद है।

8 महीने में 1450 प्रतिशत चढ़ गया छोटकू शेयर, 75 रुपये से 1200 रुपये के पार पहुंचा

नईदिल्ली, एजेंसी। एक छोटी कंपनी बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर धमाल मचाए हुए हैं। कंपनी के शेयरों ने 8 महीने में ही निवेशकों को मालामाल कर दिया है। 8 महीने में बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर 1450 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर बुधवार 24 अप्रैल को 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 1226.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने बुधवार को 52 हफ्ते का नया हाई बनाया है। टेलिकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कंपनी बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 142.50 रुपये है।

बोंडाडा इंजीनियरिंग का आईपीओ 75 रुपये के दाम पर आया था। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 18 अगस्त 2023 को खुला था और यह 22 अगस्त तक ओपन रहा। कंपनी के शेयर 30 अगस्त 2023 को 142.50 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद से बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर लगातार नए हाई बना रहे हैं। कंपनी के शेयर 24 अप्रैल को 1226.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। 75 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर 1450 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं।

बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयरों में पिछले 6 महीने में 405 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर 25 अक्टूबर 2023 को 242.90 रुपये पर थे। बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर 24 अप्रैल 2024 को 1226.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, इस साल अभी तक बोंडाडा इंजीनियरिंग के शेयरों में 194 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2024 को 417.10 रुपये पर थे, जो कि अब 1200 रुपये के पार पहुंच गए हैं।

बोंडाडा इंजीनियरिंग के आईपीओ पर टोटल 112.28 गुना दांव लगा था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 100.05 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, अदर्स कैटेगरी में 115.46 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

शराब कंपनी के शेयर की रफ्तार, 8 दिन से लग रहा अपर सर्किट

शराब बनाने वाली कंपनी पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर की तूफानी रफ्तार जारी है। लगातार आठ कारोबारी दिन से इस शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग रहा है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को यह शेयर 5 प्रतिशत चढ़कर 549 रुपये पर पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। 19 मई 2023 को शेयर की कीमत 45.20 रुपये पर पहुंच गई, यह 52 हफ्ते का हाई है।

पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी की वजह से निवेशक मालामाल हो गए हैं। बीते 10 अप्रैल को निवेश किए गए एक लाख रुपये की कीमत अब लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये हो गई है। यदि आपने एक महीने पहले बीएसई-सूचीबद्ध स्टॉक में 1 लाख का निवेश किया था, तो इसका मूल्य 1,82,000 से अधिक होगा।

हरियाणा स्थित पिकाडिली एग्रो के प्रॉफिट में लगभग चार गुना बढ़ोतरी हुई है। तिमाही के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 818.22 प्रतिशत बढ़कर 43.34 करोड़ रुपये हो गया। मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में बिक्री 36.84 प्रतिशत बढ़कर 266.53 करोड़ रुपये हो गई। वहीं, पूरे वित्त वर्ष में नेट प्रॉफिट 391.54 प्रतिशत बढ़कर 109.76 करोड़ रुपये हो गया। बिक्री की बात करें तो 29.16 प्रतिशत बढ़कर 774.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इसके साथ ही कंपनी ने प्रेफेंशियल शेयर जारी करके या योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 1000 करोड़ जुटाने की योजना के बारे में भी जानकारी दी।

रियल्टी कंपनी को मिला 2,000 करोड़ का काम, शेयर में लगा अपर सर्किट, 1 साल में 5 गुना उछला

मुंबई एजेंसी। मुंबई के पाली हिल इलाके में एक रेजिडेंशियल सोसायटी के पुनर्विकास के लिए रियल्टी कंपनी पूर्वांकरा पसंदीदा डेवलपर के रूप में उभरी है। आज इसके शेयरों को खरीदने की इस कदर लूट मची कि 5 फीसद का अपर सर्किट लग गया। इस परियोजना में 4.10 लाख वर्ग फुट कार्पेट एरिया के डेवलप होने का अनुमान है। इसमें लगभग 2.15 लाख वर्ग फुट बिक्री के लिए उपलब्ध है। कंपनी की नियामक फाइलिंग के अनुसार इसका संभावित जीडीवी 2,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

पूर्वांकरा के शेयर अपने निवेशकों को पिछले एक साल में करीब पांच गुना रिटर्न दे चुके हैं। इस अवधि में इसने 392.17 फीसद का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। यानी एक साल पहले जिस किसी ने इस स्टॉक में एक लाख रुपये का निवेश किया होगा,

उसका एक लाख अब 4.92 लाख रुपये हो गया होगा।

महज एक महीने में ही इस स्टॉक ने करीब 80 फीसद का रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले छह महीने में यह 180 फीसद से अधिक उछला है। इन चार से कम महीनों में ही इसने अपने निवेशकों के पैसे को दोगुना से अधिक कर दिया है। इस साल अबतक इसने 101 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। इसका 52 हफ्ते का हाई 390.90 रुपये और लो 75.15 रुपये है। इस महीने की शुरुआत में कंपनी द्वारा साझा किए गए शानदार तिमाही और पूरे वर्ष के अपडेट ने भी इसकी मजबूत तिमाही आय के लिए प्लैटफॉर्म तैयार किया, जिससे इसके शेयरों तेजी आई।

बता दें पूर्वांकरा मुंबई में तीन से चार प्रतिष्ठित हाउसिंग सोसाइटियों के रिडेवलपमेंट के लिए चर्चा में है। बेंगलुरु स्थित रियल एस्टेट डेवलपर के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक कपूर ने बताया था कि वित्त वर्ष 2024 के अंत तक कंपनी का लक्ष्य बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई, और मुंबई में 2 मिलियन वर्ग फुट से अधिक की डेवलपमेंट पोटेंशियल के साथ 2,000 यूनिट्स की डिलीवरी करना है।

कंपनी ने एफवाय24 में अपनी अब तक की सबसे अच्छी वार्षिक बिक्री भी दर्ज की है। वित्त वर्ष 24 के लिए वार्षिक बिक्री पिछले वर्ष के 5,914 करोड़ रुपये से 90 प्रतिशत बढ़ी, जबकि चौथी तिमाही के लिए यह साल-दर-साल 93 प्रतिशत बढ़कर 1,947 करोड़ रुपये हो गई।

आरबीआई का एक्शन, कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर पैसे निकालने समेत लगे कई प्रतिबंध

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक और को-ऑपरेटिव बैंक पर शिकंजा कसा है। यह महाराष्ट्र के उल्हासनगर स्थित द कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक है। इस बैंक पर पैसा निकालने सहित कई प्रतिबंध लगाए। बैंक पर ये प्रतिबंध उसकी खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए लगाए गए हैं। हालांकि, पात्र जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से अपनी जमा राशि में से 5 लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि के हकदार होंगे।

या है इसके मायने

कोणार्क अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत प्रतिबंध 23 अप्रैल, 2024 (मंगलवार) को कारोबार बंद होने के समय से लागू हो गए।

चुनाव सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

आवश्यक सूचना

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची के आदेश सह पठित ज्ञापांक–820/OTD दिनांक–16.04.2024 के आलोक में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में गृह रक्षकों की कॉल–अप करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा के प्रभावित बल के गृह रक्षक (महिला/पुरूष) जो कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त हैं अथवा प्रतिक्षारत् हैं, वे चुनाव डियुटी की संवेदनशीलता को देखते हुए आगामी लोकसभा आम निर्वाचन–2024 में विधि–व्यवस्था संधारण हेतु जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी गढ़वा के कार्यालय में अपना–अपना आगमन कराना सुनिश्चित् करें। आगमन नहीं कराने की दशा में चुनाव ड्यूटी जैसे सर्वोच्य कर्त्तव्य के प्रति उनकी अवहेलना मानते हुए मुख्यालय, राँची को उनके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा कर दी जायेगी।

ह0/–
पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गढ़वा
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

PR 324067 Police(24-25)D

सुप्रीम कोर्ट ने राखी सावंत को सरेंडर करने का दिया आदेश

जेल जा सकती है राखी

राखी सावंत और आदिल दुर्रानी अलग जरूर हो गए हैं मगर उनके बीच की कानूनी लड़ाई अभी भी चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राखी सावंत को 4 हफ्ते के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया है, इस फैसले से आदिल बहुत खुश हैं।

राखी के अरेस्ट होने वाली खबर पर वीडियो शेयर करके आदिल दुर्रानी ने खुशी जाहिर की है। कथित तौर पर राखी सावंत की जमानत याचिका पर सुनवाई उनके सरेंडर होने के बाद होगी। राखी सावंत इस वक्त दुबई में हैं।

राखी सावंत को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जब फैसला सुनाया तो आदिल दुर्रानी ने वीडियो शेयर करते हुए कहा, आज मैं बहुत ही ज्यादा खुश हूं। खुशी की वजह ये है कि सुप्रीम कोर्ट ने राखी की बेल रिजेक्ट कर दी है और ऑर्डर पास किया है कि चार हफ्ते के अंदर आपको आकर सरेंडर करना पड़ेगा तब जाकर आपकी जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। तब तक आपको बेल नहीं मिलेगी। आदिल ने आगे कहा कि इसका मतलब आपको जेल जाना पड़ेगा उसके बाद आपको बेल मिलेगी। मैं इतना ज्यादा खुश हूं, मैं चिल्ला चिल्लाकर कहता था कि संविधान में लड़कों के लिए बहुत मुश्किल है न्याय पाना, लेकिन अगर आप सच्चे हो तो आपको न्याय जरूर मिलेगा। सत्यमेव जयते, भारतीय होने पर गर्व है।

फरार हैं राखी ?

मार्च में आदिल खान दुर्रानी ने दावा किया था कि राखी सावंत दुबई में हैं। आदिल ने बताया था कि उन्होंने राखी के खिलाफ कई एफआईआरदर्ज कराई है। आदिल ने बताया कि राखी सावंत दुबई फरार हैं क्योंकि उसको बेल नहीं मिल रही है, वो साढ़े चार महीने से भारत से बाहर है।

कास्टिंग काउच पर छलका मनीषा रानी का दर्द

'उसने मुझे रात को 3 बजे बुलाया'

बिग बॉस ओटीटी 2' में सेकंड रनर रही मनीषा रानी अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। मनीषा ने भले ही बिग बॉस की ट्रॉफी ना जीती हो लेकिन उन्होंने करोड़ों लोगों का दिल जीत लिया। एक्ट्रेस आए दिन किसी ना किसी कारण से चर्चा में बनी रहती हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी स्टार्टिंग जर्नी को लेकर खुलासा किया है, जिसमें मनीषा ने कास्टिंग काउच को लेकर बात की है।

एक मीडिया पोर्टल से बात करते हुए मनीषा ने बताया कि कैसे एक शख्स ने उन्हें बिग बॉस में भेजने का वादा करके रात 3 बजे मिलने के लिए बुलाया था।

कास्टिंग काउच पर छलका मनीषा रानी का दर्द

मनीषा रानी ने बताया कि एक बार उन्हें अजीब परिस्थिति का सामना करना पड़ा था। मनीषा का बिग बॉस में शामिल होने का हमेशा से ही सपना था। वह पूरी कोशिश कर रही थीं कि उन्हें सलमान खान के शो में एक मौका मिले। इसी दौरान उनकी मुलाकात एक आदमी से हुई। जिसने उन्हें कहा कि वो बिग बॉस की टीम का हिस्सा है। दरअसल मनीषा इस आदमी से उन लोगों के जरिए मिली थीं, जिन्हें वो जानती थीं। इसलिए मनीषा ने उसकी बातों पर विश्वास किया। और उसके साथ अपना नंबर भी शेयर किया। मनीषा ने उसके साथ कई डांस वीडिओ भी शेयर किए। एक्ट्रेस ने बताया कि उस शख्स ने उन्हें बिग बॉस में भेजने का आश्वासन भी दिया था।

उसने मुझे मुंबई बुलाया

झलक दिखला जा 11 की विनर ने आगे कहा कि हम एक बार बिहार में थे, 4-5 दिनों के लिए घर गए हुए थे। तो उस टाइम पर उसका फोन आया और उसने हमसे कहा कि तुमको कलर्स पे नहीं जाना है, बिग बॉस नहीं करना है, घर जाकर बैठ गयी हो, तुम अभी मुंबई आजाओ। उसके लिए हम स्पेशली टिकट लेकर मुंबई आए कि मेरा तो बिग बॉस होने वाला है।

रात 3 बजे किया कॉल

मनीषा ने आगे कहा कि वह हमें अलग-अलग जगहों पर मिलने के लिए कहता था, जिसकी वजह से मुझे थोड़ा संदेह हुआ।

एक बार तो उसने मुझे रात को 3 बजे फोन करके बोला कि हमारे घर आ जाओ। तो हमने कहा कि हम घर तो नहीं आएंगे। तो वह चिल्लाया और कई गंदी बातें कहीं जिससे मैं रोने लगी और फिर मैंने उसे ब्लॉक कर दिया।

अपनी अपकमिंग फिल्म के साथ

यश करेंगे दर्शकों का मनोरंजन

रॉकिंग स्टार यश, विशेष रूप से एक्शन-थ्रिलर फ्रेंचाइजी केजीएफ में उनके प्रदर्शन और उनके रोल रॉकी भाई के लिए जाने जाते हैं। केजीएफ बड़ी भारतीय फिल्मों में से एक बनी हुई है। यश इस सफलता के पीछे दूरदर्शी शक्ति के रूप में खड़ा है, जिसने इस मनोरंजक कहानी को पूरे भारत में पहुंचाया और दोनों किस्तों की भारी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमेशा महत्वाकांक्षी यश भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर लाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। 2014 से अपनी फिल्मों में एक रचनात्मक निर्माता, वह अब वेंकट के नारायण के केवीएन प्रोडक्शंस के साथ अपने अगले दो बहुप्रतीक्षित उद्यम- टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स और रामायण का सह-निर्माण करके अपनी भागीदारी को एक कदम आगे ले जा रहे हैं। नमित मल्होत्रा का प्राइम फोकस स्टूडियो। इन फिल्मों को वैश्विक दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जो अभिनेता और निर्माता दोनों के रूप में यश के लिए एक नया अध्याय है। जो चीज़ वास्तव में टॉक्सिक और रामायण को अलग करती है, वह है उनका पैमाना- विशाल बजट, भव्य मनोरंजन, फिर भी आश्चर्यजनक रूप से भिन्न दृष्टिकोण। प्रत्येक फिल्म बुद्धिमान संकल्पना का दावा करती है, जो दर्शकों को किसी अन्य के विपरीत मनोरम अनुभव का वादा करती है।

तापसी और रकुल की शादी मेरे लिए काफी भावुक पल था: लक्ष्मी मांचू

तापसी ने 23 मार्च को उदयपुर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ शादी की, जबकि रकुल ने 21 फरवरी को गोवा में एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए। करते हुए लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने अपनी दोस्त तापसी और रकुल की शादी में दुल्हन की सहेली की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मेरे पास दुल्हन की सहेली की बड़ी जिम्मेदारी थी। रकुल को सेट पर रहना ज्यादा पसंद था। रकुल चाहती थी कि हर कोई समय पर आए, समय पर वहां पहुंचे और समय से तैयार रहे। मुझे लगता है कि वह इसको लेकर काफी गंभीर थी।

इसके बाद 46 वर्षीय एक्ट्रेस ने तापसी की शादी के बारे में बात करते हुए इसे कूल बताया।

तापसी बिल्कुल ऐसी है, शांत। जब तुम्हें वहां आना हो तो आ जाओ। इसलिए उन दोनों के साथ यह बिल्कुल अलग था। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी शादियों को देखना उनके लिए इमोशनल मोमेंट था। लक्ष्मी ने कहा, उन दोनों की शादी मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था, क्योंकि हमारी दोस्ती 10 सालों से भी ज्यादा समय की है। उन्हें न केवल अपने करियर के साथ, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के साथ भी पूरी तरह से जुड़ते हुए देखना, मेरा लिए बेहद खास था। मैं बस इतना ही कह सकती हूं।

700 कारीगरों ने तैयार किया सेट

भंसाली ने हीरामंडी पर पानी की तरह बहाया पैसा

संजय लीला भंसाली इन दिनों अपने ड्रीम प्रोजेक्ट हीरामंडी को लेकर खबरों में बने हुए हैं। 1940 के दशक की कोठा प्रथा को दिखाती ये सीरीज अगले हफ्ते प्रीमियर होने वाली है। सीरीज में अब तक की सबसे शानदार कास्ट के साथ सबसे बड़ा सेट दिखाया गया है। ये सेट जिसे बनाने में 700 कारीगरों की मेहनत और कई महीने लगे। अब इस आलीशान सेट को स्क्रीन पर देखा जा सकेगा। संजय लीला भंसाली जितनी मेहनत अपनी स्क्रिप्ट पर करते हैं उससे कई ज्यादा वक़्त वो सेट के डिज़ाइन, एक्टर्स के लुक और उनके पहनावे को तैयार करवाने लगाते हैं। उनका विजन सिर्फ स्क्रिप्ट को एक्टिंग के जरिये ऑडियंस तक पेश करना नहीं होता। बल्कि वो पूरा सीन वैसे ही क्रिएट करने की कोशिश करते हैं जैसा उस वक़्त रहा होगा। उनकी पिछली फिल्मों जैसे देवदास, बाजीराव मस्तानी, राम लीला, गंगूबाई काठियावाड़ी और पद्मावत में ग्रैंड सेट देखने को मिले हैं। लेकिन हीरामंडी के लिए डायरेक्टर ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हीरामंडी के लिए डायरेक्टर ने एक ऐसा सेट बनाया था जो भुलाया नहीं जा सकता है।

हाल में दिए एक इंटरव्यू में संजय लीला भंसाली ने हीरामंडी के ग्रैंड सेट के बारे में बात की। डायरेक्टर ने कहा 'मैं हमेशा अपने काम में खो जाना चाहता था। यह अब तक का मेरा सबसे बड़ा सेट है। ऐसा लगता है कि मैं जो सोच सकता था, उससे कहीं आगे निकल गया हूं। मैं फ़िल्में बनाते हुए और ज़्यादा एंजॉय कर रहा हूं और समझ रहा हूं। मुझे बड़े सेट बनाना पसंद है, लेकिन मैं सब कुछ कंट्रोल नहीं करना चाहता। मैंने बड़ा सेट तैयार कर दिया है, लेकिन ऑडियंस वही देखेगी जो वो चाहती है। कभी-कभी लोग कहते हैं कि देखने के लिए बहुत कुछ है, और वे सीन के जरूरी हिस्सों को मिस कर देते हैं।' ऐसे में अब संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाज़ार का इंतजार बढ़ गया है।

कृष्णा अभिषेक की बीवी कश्मीरा ने गोविंदा को कहा अपना ससुर!

बोलीं- आरती की शादी में पैर छूकर आशीर्वाद लूंगी



गोविंदा की भांजी और कॉमेडिन-एक्टर कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह जल्द ही सात फेरे लेने वाली हैं। इस शादी में सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि क्या गोविंदा इस फंक्शन में शामिल होंगे! इस बीच कश्मीरा शाह ने गोविंदा को अपना ससुर बताया है।

टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट आरती सिंह अपनी जिंदगी का नया चैप्टर शुरू करने जा रही हैं। उनकी शादी होने वाली है। हल्दी सेरेमनी हो चुकी है और 25 अप्रैल को नवी मुंबई बेस्ड बिजनेसमैन दीपक चौहान संग सात फेरे लेंगी। आरती और दीपक की शादी बहुत ठाठ-बाट से नहीं हो रही है। उन्होंने स्पेशल दिन के लिए एक खास जगह को चुना है। दोनों इस्कॉन मंदिर में सात फेरे लेंगे।

इस दौरान आरती के करीबी, उनका भाई कृष्णा अभिषेक, उनकी वाइफ कश्मीरा शाह और मामा गोविंदा भी शामिल होंगे। कश्मीर ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में कहा कि वो आरती की शादी में गोविंदा के आने की उम्मीद है और वो अपने ससुर से मिलने के लिए एक्साइटेड हैं। कृष्णा अभिषेक के बीच जुबानी जंग हुई थी। इस जंग में कृष्णा की बीवी कश्मीरा और गोविंदा की वाइफ सुनीता भी कूद गई थीं, जिसके बाद ये विवाद और ज्यादा बढ़ गया और इसके बाद परिवार में दरार आ गई।

नोरा का पैपराजी पर फूटा गुस्सा

बॉलीवुड अभिनेत्रियों के शरीर पर बेवजह फोकस करने को लेकर नोरा फतेही ने पैपराजी की जमकर निंदा की है। पिछले कुछ दिनों में कई अभिनेत्रियों ने पैपराजी की इस हरकत को लेकर नाराजगी जताई है।

इन दिनों बॉलीवुड सितारों की हर गतिविधि को पैपराजी कवर करते हैं। उनकी तस्वीरें और वीडियो निकालते हैं। पैपराजी के साथ सितारों की बातचीत भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती है। कभी-कभी पैपराजी उनकी कुछ प्राइवेट तस्वीरों और वीडियोज को भी सोशल मीडिया पर साझा कर देते हैं। हाल ही में, कई अभिनेत्रियों ने पैपराजी के उनके शरीर के कई अंगों पर कैमरा फोकस करने को लेकर निंदा की है।